
अधिकतम 23 डिग्री से.
न्यूनतम 09 डिग्री से.
सूर्योदय 6.56
सूर्यास्त 5.23
सोना 24 कैरेट: 1,25,990.00
चांदी (प्रति किलो): 1,64,000
सेंसेक्स : 85,231.92
अमेरिका : 89.64
कैनेडियन : 63.42
आस्ट्रेलिया : 57.68

दैनिक अर्थ प्रकाश
खबरों की विश्वसनीयता, हमारी पहचान
चंडीगढ़, दिल्ली, हरियाणा एवं उत्तर प्रदेश से प्रकाशित पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार, राजस्थान, छत्तीसगढ़ में प्रसारित




वर्ष 40 | चंडीगढ़, रविवार, 23 नवंबर, 2025 | मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष: तृतीया, विक्रमी संवत-2082 | www.arthparkash.com | YouTube/Arth Parkash TV | अंक: 323 | मूल्य 2.00 रुपये | पृष्ठ: 12

# चंडीगढ़ के लिए फिर विवाद : 131वां संशोधन बिल लाने की तैयारी को लेकर पंजाब में हंगामा

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ को लेकर संसद में पेश हो रहे संशोधन बिल को लेकर पंजाब में सियासी हंगामा मच गया है। सत्ताधारी आम आदमी पार्टी से लेकर कांग्रेस और अकाली दल ने इसका विरोध जताया है।

यह बिल 1 से 19 दिसंबर तक होने वाले संसद के शीतकालीन सत्र में लाया जा रहा है। जिसे 131वां संशोधन बिल-2025 बताया गया है। इसके तहत केंद्र सरकार चंडीगढ़ को संविधान के अनुच्छेद 240 में शामिल करने जा रही है। यह संशोधन उसे उन केंद्र शासित प्रदेशों की श्रेणी में लाएगा, जिनके पास विधानसभा नहीं है।

पंजाब के नेताओं का कहना है कि इससे चंडीगढ़ पर पंजाब का प्रशासनिक और राजनीतिक कंट्रोल खत्म हो जाएगा। इसके जरिए चंडीगढ़ को हरियाणा को सौंपने के लिए रास्ता बनाया जा रहा है।

**सबसे पहले जानिए, धारा 240 से क्या होगा :** भारतीय संविधान की धारा 240 राष्ट्रपति को यह अधिकार देती है कि वह केंद्र सरकार द्वारा केंद्र शासित प्रदेशों यानि UTs के लिए नियम और कानून बना सकते हैं। यह धारा उन UTs के लिए है जिनके पास अपनी विधानसभा नहीं है। इसके बाद केंद्र के पास कानून बनाने की सीधी शक्ति होगी। राष्ट्रपति चंडीगढ़ के प्रशासन, पुलिस, जमीन, शिक्षा, नगर निगम संस्थानों आदि पर वह सीधे नियम बना सकते हैं। अभी चंडीगढ़ में पंजाब और हरियाणा की राजधानी है। यहां SSP पंजाब से और DC हरियाणा कैडर से लगाया जाता है। बिल के बाद इनकी नियुक्ति सीधे केंद्र करेगी।



### पंजाब के सभी नेताओं ने जताया विरोध

सीएम भगवंत मान ने कहा कि हम इस बिल का विरोध करते हैं। यह पंजाब के हितों के खिलाफ है। हम केंद्र की साजिश कामयाब नहीं होने देंगे।

पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष राजा वड़िंग ने कहा- मुझे उम्मीद है कि मीडिया में आई वे खबरें गलत हैं, जिनमें कहा जा रहा है कि चंडीगढ़ को पंजाब से अलग करने के लिए भारतीय संविधान में प्रस्तावित 131वें संशोधन में संशोधन किया जा रहा है।

पंजाब विधानसभा में विपक्षी दल कांग्रेस के नेता प्रताप सिंह बाजवा ने इस मुद्दे पर पंजाब में सभी राजनीतिक दलों के बीच एकता का आह्वान किया।

शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल ने भी इसका विरोध जताया है। उन्होंने लिखा- शिरोमणि अकाली दल केंद्र सरकार द्वारा संसद के आगामी शीतकालीन सत्र में लाए जा रहे प्रस्तावित संविधान (131वां संशोधन) विधेयक का कड़ा विरोध करता है।

## न्यूज़ ब्रीफ

### दिल्ली विस्फोट : एसआईए ने श्रीनगर से आतंकवादी के एक और सहयोगी को किया गिरफ्तार

**श्रीनगर, 22 नवंबर।** दिल्ली के लाल किला क्षेत्र में 10 नवंबर को हुए बम धमाके मामले में जम्मू-कश्मीर पुलिस की राज्य जांच एजेंसी (एसआईए) को बड़ी सफलता हाथ लगी है। एसआईए ने इस सिलसिले में श्रीनगर के बटमालू से तुफैल नियाज भट्ट को गिरफ्तार किया है। इससे पहले राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने दिल्ली के लाल किला क्षेत्र में 10 नवंबर को हुए बम धमाके मामले में शामिल आतंकवादी के एक प्रमुख सहयोगी को गिरफ्तार किया था। जम्मू-कश्मीर निवासी जसीर बिलाल वानी उर्फ दानिश को राजधानी श्रीनगर से गिरफ्तार किया गया था। एनआईए की जांच से पता चला है कि जसीर ने आतंकी हमले को अंजाम देने के लिए तकनीकी सहायता दी थी। इस कार बम विस्फोट में 10 लोग मारे गए थे और 32 लोग घायल हुए थे। जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले के काजीगुंड का निवासी आरोपी जसीर बिलाल इस हमले का सक्रिय सह-षड्यंत्रकारी था और उसने आतंकवादी उमर उन नबी के साथ मिलकर इस आतंकी नरसंहार की योजना बनाई थी। जांच एजेंसी एनआईए ने इससे पहले भी कश्मीर के रहने वाले आमिर राशिद अली नाम के एक शख्स को गिरफ्तार किया था। आमिर राशिद अली ने आत्मघाती हमलावर के साथ मिलकर इस आतंकी हमले की साजिश रची थी।




### हरियाणा में एक्सयूवी गाड़ी में धमाका

**यमुनानगर।** हरियाणा के यमुनानगर में हथिनीकुंड बैराज पर शनिवार सुबह महिंद्रा 300 XUV गाड़ी में आग लगने के बाद जोर का धमाका हुआ। डीजल टैंक तक आग पहुंचने से धमाका हुआ। चलती गाड़ी के बोनट से धुआं उठता देख बाइक सवार ने गाड़ी चालक को अलर्ट कर दिया था। जिससे गाड़ी चालक तयैब और उनकी भाभी नसीमा समय रहते गाड़ी से उतर गए और जान बच गई।

घटना सुबह करीब 9:30 बजे की है। यूपी के गांव पठलोकर का तयैब अपनी भाभी नसीमा के साथ हरियाणा के गांव मालीमाजरा में शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। जब यमुना नदी पर बने हथिनीकुंड बैराज पर पहुंचे तो सामने से आ रहे बाइक सवार ने गाड़ी रुकवाई।

गाड़ी के बोनट से धुआं निकल रहा था। तयैब व उनकी भाभी गाड़ी से उतरे। बाइक सवार युवक ने बोनट व बंपर खोला। तभी अचानक आग का गुब्बार निकला। आसपास के लोग दूर हट गए। तभी अचानक जोर का धमाका हुआ।

जिस महिंद्रा XUV 300 गाड़ी में आग लगी, वह यमुनानगर के प्रतापनगर निवासी अनीश के नाम है। जबकि गाड़ी का इस्तेमाल उत्तर प्रदेश निवासी उसके मामा का बेटा तयैब करता है। गाड़ी हरियाणा के ही व्यासपुर में पंजीकृत है। 2024 मॉडल है।

तयैब ने बताया कि भाभी नसीमा के साथ शादी समारोह में शामिल होने के लिए घर से निकले थे। गांव से करीब 20 किलोमीटर तक गाड़ी ठीक चली। जब हथिनीकुंड बैराज से हरियाणा की सीमा में प्रवेश हुए, तभी एक बाइक सवार ने उनकी गाड़ी रुकवाई।

# जी-20 समिट के लिए साऊथ अफ्रीका पहुंचे पीएम नरेंद्र मोदी

## अपने संबोधन में इंटीग्रल समग्र मानववाद के विचार का किया जिक्र

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**जोहान्सबर्ग, 22 नवंबर।** भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में आयोजित हो रहे जी20 शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए नासरेक पहुंचे। यहां पर दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा ने गर्मजोशी से उनका स्वागत किया।

जी20 समिट का आयोजन 22-23 नवंबर को होने जा रहा है, जहां दुनिया के कई दिग्गज नेता आने वाले हैं। वहीं पीएम मोदी स्थानीय समयानुसार शुक्रवार दोपहर को जोहान्सबर्ग पहुंचे। वहां पहुंचने के बाद कहा कि वह दुनिया के नेताओं के साथ जरूरी ग्लोबल मुद्दों पर काम की बातचीत करने के लिए उत्सुक हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने एक्स पर पोस्ट कर बताया कि प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में इंटीग्रल ह्यूमनिज़्म यानी समग्र मानववाद के विचार का ज़िक्र किया, जो भारत की सभ्यता की सोच पर आधारित है।

उन्होंने कहा कि इस विचार का मक़सद तरक़्क़ी और धरती दोनों के बीच संतुलन बनाना है। उन्होंने यह भी बताया कि नई दिल्ली शिखर सम्मेलन में लिए गए कई ऐतिहासिक फैसलों पर आगे काम किया गया है।

प्रधानमंत्री ने दक्षिण अफ़्रीका की अध्यक्षता में किए गए काम, जैसे स्किल्ड माइग्रेशन, टूरिज़्म, फ़ूड सिक्योरिटी, एआई, डिजिटल इकॉनमी, इनोवेशन और महिलाओं को मज़बूत बनाने के क्षेत्र में हुए काम की तारीफ़ की। उन्होंने कहा कि ग्लोबल गवर्नेंस स्ट्रक्चर में ग्लोबल साउथ की आवाज़ और मज़बूत की जानी चाहिए। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया, ÷हमारा फोकस सहयोग को मजबूत करने, विकास की प्राथमिकताओं को आगे बढ़ाने और सभी के लिए बेहतर भविष्य पक्का करने पर होगा।



### पीएम मोदी और मेलोनी की मुलाकात

समिट में इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी और प्रधानमंत्री मोदी की मुलाकात हुई। दोनों नेताओं ने एक-दूसरे को मुस्कुराते हुए नमस्ते किया और हाथ मिलाया। बीते कुछ सालों में भारत-इटली की दोस्ती काफी मजबूत हुई है। इससे पहले पीएम मोदी ने जून 2025 में भी कनाडा के कनानास्किस में आयोजित हुए 51वें जी7 समिट के दौरान इटली की प्रधानमंत्री से मुलाकात की थी। यहां दोनों नेताओं ने भारत और इटली के बीच सहयोग और संबंध को मजबूत बनाने का वादा किया था।

# कारोबार में आसानी- पंजाब सरकार द्वारा पंजाब इनवेस्ट पोर्टल पर पंजाब राइट टू बिजनेस एक्ट के दूसरे चरण की शुरुआत : संजीव अरोड़ा

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**चंडीगढ़, 22 नवंबर।** आप के राष्ट्रीय संयोजक श्री अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री श्री भगवंत सिंह मान की दूरदर्शी अगुवाई में फास्टट्रैक पंजाब पोर्टल के दूसरे चरण की शुरुआत के साथ राज्य सरकार ने पंजाब में उद्योग-अनुकूल माहौल बनाने की दिशा में एक बड़ा मील-पत्थर स्थापित किया है। कैबिनेट मंत्री श्री संजीव अरो?ा ने बताया कि अपग्रेडेड सिंगल-विंडो सिस्टम अब 15 प्रमुख विभागों की 173 सरकार-से-कारोबार (जीटूबी) सेवाएँ प्रदान कर रहा है, जिनमें अधिक पारदर्शिता के साथ शीघ्र अनुमतियाँ, डिजिटल ट्रैकिंग, और ऑटो-डिम्ड अनुमतियाँ शामिल हैं, जो राज्य में व्यापार करने में आसानी के माहौल को और म?बूत करेंगी।





उन्होंने कहा कि इसके अलावा दूसरे चरण में पैन-आधारित सिंगल बि?नेस आइडेंटि?ायर सुविधा भी प्रदान की गई है, जो एक एकीकृत डिजिटल पहचान(यूनिफाइड डिजिटल आइडेंटिटी) के तहत सभी अनुमतियों, प्रोत्साहनों/रियायतों, निरीक्षणों और अनुपालन संबंधी प्रक्रियाओं को इक्ट्ठा करती है। नई पेश की गई ई-वॉल्ट सुविधा निवेशकों को दस्तावे?ों और सरकार द्वारा जारी अनुमतियों को सुरक्षित रूप से संग्रहित करने की अनुमति देती है, जिससे समय की काफी बचत होगी।

उन्होंने कहा कि विभाग निवेश के लिए अनुकूल और उपयोगकर्ता-अनुकूल माहौल सुनिश्चित करने हेतु प्रणाली को लगातार अपग्रेड करता रहता है। उन्होंने उन्नत निरीक्षण प्रोटोकॉल, डिजिटल ग्रीन स्टाम्प पेपर जारी करने, विस्तृत आरटीबीए कवरेज, और लाइफ-साइकिल आधारित वर्क?्लो सहित प्रमुख सुधारों को उजागर किया, जो फास्टट्रैक पंजाब को उद्योग की स्थापना, विस्तार और संचालन के लिए एक व्यापक प्लेट?ॉर्म के रूप में स्थापित करता है।

उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री श्री संजीव अरो?ा ने पंजाब राइट टू बि?नेस एक्ट ( आरटीबीए) के तहत किए गए महत्वपूर्ण सुधारों की जानकारी दी। उन्होंने साझा किया कि राज्य-स्तरीय 10 प्रमुख अनुमतियाँ, जिनमें भूमि आवंटन, निर्माण संबंधी अनुमतियाँ, पर्यावरण संबंधी अनुमतियाँ और पीएसआइईसी औद्योगिक पार्कों से जु?ी अनुमतियाँ शामिल हैं-अब आरटीबीए की फास्ट-ट्रैक प्रणाली के अंतर्गत लाई गई हैं। उन्होंने घोषणा की कि स्वीकृत औद्योगिक पार्कों के अंदर स्थित पात्र प्रोजेक्ट्स को अब पाँच कार्यकारी दिनों के भीतर सैद्धांतिक स्वीकृति मिल जाएगी, जबकि अन्य सभी गैर-आरटीबीए केसों को अधिकतम 45 कार्यकारी दिनों के भीतर अनुमतियाँ मिल जाएंगी।



# नौवें पातशाह की बसायी धरती श्री आनंदपुर साहिब संगतों के स्वागत के लिए तैयार : बैंस

**23 से 25 नवंबर तक चलने वाले समागमों के दौरान संगत के लिए पुख़्ता प्रबंध : तरुनप्रीत सिंह सौंद**

**बैंस, सौंद और कंग द्वारा तलवंडी साबो और फरीदकोट से आए नगर कीर्तन का श्री आनंदपुर साहिब पहुंचने पर स्वागत**



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**श्री आनंदपुर साहिब, 22 नवंबर।** शिक्षा तथा सूचना एवं लोक संपर्क मंत्री हरजोत सिंह बैंस ने कहा कि नौवें पातशाह श्री गुरु तेग बहादुर साहिब द्वारा बसायी गयी धरती श्री आनंदपुर साहिब संगतों के स्वागत के लिए पूरी तरह तैयार है। पंजाब सरकार गुरु साहिब की शहादत के 350 वर्ष पूरे होने पर यह शहीदी समारोह पूरे श्रद्धा और सम्मान के साथ मना रही है। पर्यटन एवं सांस्कृतिक मामलों के मंत्री तरुनप्रीत सिंह सौंद ने बताया कि 23 से 25 नवंबर तक होने वाले समागमों के दौरान आने वाली संगत के लिए सभी प्रबंध पूरी तरह पुख्ता हैं। संगत को किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं आने दी जाएगी। दोनों मंत्रियों ने देश-विदेश की संगत को श्री आनंदपुर साहिब की पावन धरती पर नतमस्तक होने की अपील की है।

उन्होंने कहा कि धार्मिक स्वतंत्रता और मानव अधिकारों के रक्षक, दया और त्याग की मूर्त तथा बलिदान के प्रतीक नौवें पातशाह श्री गुरु तेग बहादुर जी का महान जीवन और दर्शन पूरी मानवता के लिए प्रकाश पुंज है। हमें अपने परिवारों सहित श्री आनंदपुर साहिब की इस पवित्र धरती पर श्रद्धा भाव से नतमस्तक होकर इन आलौकिक समागमों का हिस्सा बनना चाहिए। इस दौरान बैंस, सौंद और लोकसभा सदस्य मालविंदर सिंह कंग ने तलवंडी साबो और फरीदकोट से आए नगर कीर्तन का श्री आनंदपुर साहिब पहुंचने पर भव्य स्वागत किया।

### संगतों के लिए पुख्ता प्रबंध

राज्य सरकार ने इन समागमों में शामिल होने के लिए पवित्र नगरी में आने वाली लाखों संगतों की सुविधा के लिए व्यापक प्रबंध किए हैं। पार्किंग जोनों से मुख्य स्थानों तक संगत के आवागमन के लिए शटल सेवा चलाई जाएगी। सभी पार्किंग स्थानों को सीसीटीवी निगरानी, रोशनी, बैरिकेडिंग, ट्रैफिक मार्शल, साइन बोर्ड और मोबाइल टॉयलेट की सुविधाओं से लैस किया गया है। संगत की सेवा के लिए 500 ई-रिक्शा, 150 मिनी बसें, 25 फोर्स अर्बेनिया वैनें, 15 कारें, 20 टाटा ऐस वाहन और बुजुर्ग व दिव्यांग संगत की सहायता के लिए 10 गोल्फ कार्ट उपलब्ध कराए गए हैं। शटल सेवाएँ पार्किंग स्थानों और गुरुद्वारा श्री केसगढ़ साहिब, विरासत-ए-खालसा, मुख्य पंडाल, टेंट सिटीज़ और हेल्प डेस्क पॉइंटों के बीच आवागमन की सुविधा देंगी। इस पूरे सिस्टम की निगरानी मुख्य कंट्रोल सेंटर द्वारा की जाएगी। इसी तरह संगत की भारी आमद को सुविधाजनक बनाने के लिये दो प्रमुख टेंट सिटीज़ स्थापित की गई हैं, जिनमें लगभग 10,000 संगत के ठहरने की व्यवस्था की गई है। एम्बुलेंसों की तैनाती और 24 घंटे त्वरित चिकित्सा सेवाओं को सुनिश्चित किया गया है। पंजाब पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों की निगरानी में 8,000 से अधिक पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं, ताकि संगत की सुरक्षा, आवागमन और सुविधा सुनिश्चित की जा सके।

### श्री आनंदपुर साहिब में 23 से 25 नवंबर, 2025 तक होने वाले समागमों का विवरण

इन विशेष समागमों की शुरुआत 23 नवंबर को सुबह 10 बजे श्री अखंड पाठ साहिब के आरंभ से होगी। यह समागम बाबा बुड्ढा दल छावनी के निकट स्थित गुरुद्वारा साहिब में होगा, जहां मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान भी उपस्थित रहेंगे। सुबह 11 बजे व विरासत-ए-खालसा के हॉल में श्री गुरु तेग बहादुर जी के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी का उद्घाटन होगा। दोपहर 12 बजे से बाबा बुड्ढा दल छावनी के मुख्य पंडाल में सर्व धर्म सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। दोपहर 3 बजे विरासत-ए-खालसा, भाई जैता जी मेमोरियल और पांच प्यारे पार्क का गाइडेड टूर होगा। शाम 5 बजे विरासत-ए-खालसा में ड्रोन शो और 6 बजे मुख्य पंडाल में कथा एवं कीर्तन दरबार होगा। 24 नवंबर को सुबह 8 बजे शीश भेंट नगर कीर्तन कीरतपुर साहिब से श्री आनंदपुर साहिब तक जायेगा। सुबह 10 बजे श्री आनंदपुर साहिब में हेरिटेज वॉक होगी। 11 बजे से 1 बजे तक बाबा बुड्ढा दल छावनी के मुख्य पंडाल में गुरु साहिब के जीवन व शिक्षाओं पर आधारित काव्य-पाठ, ढाडी और कविशरी दरबार सजाया जाएगा। दोपहर 1 बजे भाई जैता जी मेमोरियल में पंजाब विधान सभा का श्री गुरु तेग बहादुर जी को समर्पित विशेष सत्र होगा। 2 बजे से चरण गंगा स्टेडियम में गत्तका और अन्य युद्ध-कौशल कार्यक्रम होंगे। शाम 5 बजे विरासत-ए-खालसा में ड्रोन शो और 6 बजे मुख्य पंडाल में कथा एवं कीर्तन दरबार द्वारा संगतों को निहाल किया जाएगा। 25 नवंबर को सुबह 10 बजे बाबा बुड्ढा दल छावनी के मुख्य पंडाल में श्री अखंड पाठ साहिब का भोग सम्पूर्ण होंगे, जिसमें मुख्यमंत्री पंजाब भी संगत सहित उपस्थित रहेंगे। सुबह 11 बजे विरासत-ए-खालसा से राज्य स्तरीय रक्तदान और वृक्षारोपण अभियान की शुरुआत होगी। दोपहर 12 बजे मुख्य पंडाल में सरबत दा भला एकत्रता कार्यक्रम होगा, जिसमें प्रमुख धार्मिक, सामाजिक और राजनीतिक हस्तियाँ भाग लेंगी। शाम 5 बजे ड्रोन शो के साथ तीन दिवसीय भव्य समागमों का समापन होगा। हालांकि यह ड्रोन शो 29 नवंबर तक जारी रहेगा।

## विशाल नगर कीर्तन का श्री आनंदपुर साहिब पहुँचने पर कैबिनेट मंत्री हरजोत सिंह बैंस और लोकसभा सदस्य मलविंदर सिंह कंग द्वारा भव्य स्वागत

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**श्री आनंदपुर साहिब।** हिंद दी चादर नौवें पातशाह श्री गुरु तेग़ बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस को समर्पित विशाल नगर कीर्तन, जो बाबा फ़रीद जी के तप स्थल, रियासती किला मुबारक फ़रीदकोट से आरंभ हुआ था, का श्री आनंदपुर साहिब पहुँचने पर आज कैबिनेट मंत्री हरजोत सिंह बैंस और लोकसभा सदस्य मलविंदर सिंह कंग द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर श्री गुरु ग्रंथ साहिब महाराज जी को पंजाब पुलिस की टुकड़ी द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर पेश किया गया।

कैबिनेट मंत्री हरजोत सिंह बैंस द्वारा नगर कीर्तन में शामिल पाँच प्यारे साहिबान और पाँच निशानची साहिबान को सिरोपा भेंट किया गया। इसके अलावा उन्होंने इस नगर कीर्तन में योगदान देने वाले बाबा लक्खा सिंह नानकसर का भी सम्मान किया।

ज़िला प्रशासन रूपनगर और स्थानीय संगतों द्वारा खालसाई जाहो-जलाल और उत्साह के साथ नगर कीर्तन का स्वागत किया गया। संगतों द्वारा श्री गुरु ग्रंथ साहिब महाराज की सवारी पर पुष्प-वर्षा भी की गई।

नगर कीर्तन के तख्त श्री केसगढ़ साहिब पहुँचने पर कैबिनेट मंत्री हरजोत सिंह बैंस ने श्री गुरु ग्रंथ साहिब महाराज के पावन स्वरूप को पूरे सत्कार के साथ गुरुद्वारा श्री सीस गंज साहिब में सुशोभित किया।

यह नगर कीर्तन फिरोज़पुर, मोगा, जगराओं, लुधियाना, फ़तेहगढ़ साहिब, चमकौर साहिब होते हुए श्री आनंदपुर साहिब पहुँचा है।

## तलवंडी साबो से आरंभ हुए शहीदी दिवस को समर्पित विशाल नगर कीर्तन के श्री आनंदपुर साहिब पहुँचने पर कैबिनेट मंत्री हरजोत सिंह बैंस, तरूनप्रीत सिंह सौंद और सांसद मलविंदर सिंह कंग ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया

**बठिंडा, बरनाला, संगरूर, पटियाला, मोहाली और रूपनगर ज़िलों से होकर नगर कीर्तन की श्री आनंदपुर साहिब में समाप्ति**

**पुलिस दल द्वारा श्री गुरु ग्रंथ साहिब को गार्ड ऑफ ऑनर पेश**



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 22 नवंबर।** हिंद की चादर, धर्म के रक्षक नौंवे पातशाह श्री गुरु तेग़ बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस को समर्पित 20 नवंबर को तलवंडी साबो से पूरे खालसाई जाहो-जलाल के साथ आरंभ हुआ विशाल नगर कीर्तन आज श्री आनंदपुर साहिब पहुँच कर सम्पन्न हुआ। श्री आनंदपुर साहिब पहुँचने पर कैबिनेट मंत्री हरजोत सिंह बैंस, तरूनप्रीत सिंह सौंद और लोकसभा सदस्य मालविंदर सिंह कंग ने पुष्पवर्षा कर नगर कीर्तन का स्वागत किया। फूलों से सजी सुंदर पालकी साहिब में सुशोभित जुगो-जुग अटल श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की छत्रछाया में तथा पाँच प्यारों एवं निशान साहिब की अगुआई में सजे इस नगर कीर्तन के ख़ालसा की जन्मभूमि श्री आनंदपुर साहिब पहुँचने पर रूपनगर ज़िला प्रशासन और संगत ने भी भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री हरजोत सिंह बैंस ने नगर कीर्तन में शामिल पाँच प्यारे साहिबान और पाँच निशानची साहिबान को सिरोपा भेंट किया। नगर कीर्तन के तख्त श्री केसगढ़ साहिब में नतमस्तक होने के उपरांत कैबिनेट मंत्री हरजोत सिंह बैंस, तरूनप्रीत सिंह सौंद और लोकसभा सदस्य मालविंदर सिंह कंग ने श्री गुरु ग्रंथ साहिब महाराज के स्वरूप को पूरे सत्कार सहित गुरुद्वारा श्री शीश गंज साहिब में स्थापित किया।

## विभिन्न स्थानों से नगर कीर्तन श्री आनंदपुर साहिब पहुंचे, पवित्र नगरी 'बोले सो निहाल, सत श्री अकाल' के नारों से गूंज उठी

**नगर कीर्तन के साथ संगतों का विशाल इक्ट्ठ श्री आनंदपुर साहिब में पहुंचा**

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**श्री आनंदपुर साहिब, 22 नवंबर।** नौवें सिख गुरु, श्री गुरु तेग़ बहादुर साहिब जी के 350वें शहीदी दिवस के संबंध में श्रीनगर, फरीदकोट, तलवंडी साबो और गुरदासपुर से सजाये 'नगर कीर्तन' पवित्र नगरी श्री आनंदपुर साहिब में एकत्र हुए, जिससे पूरी नगरी खालसाई जाहो-जलाल से भर उठी और सारा आसमान 'बोले सो निहाल, सत श्री अकाल' के नारों से गूंज उठा। उपरोक्त स्थानों से सजाये नगर कीर्तनों के साथ-साथ चलते हुए संगत पूर्ण श्रद्धा के साथ श्री आनंदपुर साहिब पहुंची। नगर कीर्तन के मार्ग में गुलाब के फूलों की वर्षा करते हुए पंजाब के सूचना एवं लोक संपर्क मंत्री हरजोत सिंह बैंस, कैबिनेट मंत्री तरुनप्रीत सिंह सौंद और श्री आनंदपुर साहिब से सांसद मालविंदर सिंह कंग ने नगर कीर्तन का श्रद्धा और गर्मजोशी से स्वागत किया और नंगे पांव नगर कीर्तन के साथ चले।

अकालपुरख वाहेगुरु से आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए श्रद्धा भाव से कतारबद्ध होकर खड़ी भारी संख्या में संगत ने नगर कीर्तन का भावपूर्ण स्वागत किया। नगर कीर्तन के साथ-साथ जुझारू भावना दिखाते हुए पारंपरिक सिख मार्शल आर्ट गत्तका ने शानदार प्रदर्शन किया। उल्लेखनीय है कि 19 नवंबर को नगर कीर्तन गुरुद्वारा छेवीं पातशाही, श्रीनगर से प्रारंभ हुआ था, जिसमें मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान भी शामिल हुए थे। यह नगर कीर्तन जम्मू, पठानकोट, दसूहा, होशियारपुर, माहिलपुर और गढ़शंकर से होता हुआ 22 नवंबर को गुरुद्वारा श्री सीस गंज साहिब, श्री आनंदपुर साहिब में देर रात पहुंचने की संभावना है।

माझा-दोआबा मार्ग पर एक अन्य नगर कीर्तन 20 नवंबर को गुरुद्वारा श्री संगत सर पाठवाला, गुरदासपुर से शुरू हुआ था। इस नगर कीर्तन के बटाला, बाबा बकाला साहिब, श्री अमृतसर साहिब, तरन तारन, गोइंदवाल साहिब, कपूरथला, करतारपुर, जालंधर, फगवाड़ा, बंगा, नवांशहर और बलाचौर से होते हुये 22 नवंबर को गुरुद्वारा श्री सीस गंज साहिब, श्री आनंदपुर साहिब में देर रात पहुंचने की संभावना है। मालवा-1 रूट पर एक अन्य नगर कीर्तन 20 नवंबर को किला मुबारक (बाबा शेख फरीद यादगारी स्थान), फरीदकोट से प्रारंभ हुआ और फिरोजपुर, मोगा, जगराओं, लुधियाना, खन्ना, सरहिंद, फतेहगढ़ साहिब, मोरिंडा, चमकौर साहिब और रूपनगर से होता हुआ 22 नवंबर को श्री सीस गंज साहिब, श्री आनंदपुर साहिब पहुंचा।

इसी प्रकार मालवा-2 रूट पर एक और नगर कीर्तन 20 नवंबर को तख्त श्री दमदमा साहिब, तलवंडी साबो से शुरू हुआ था और बठिंडा, बरनाला, संगरूर, पटियाला, राजपुरा, बनूड़, साहिबज़ादा अजीत सिंह नगर, कुराली, रूपनगर से होता हुआ 22 नवंबर को श्री सीस गंज साहिब, श्री आनंदपुर साहिब पहुंचा।

## श्री गुरु तेग़ बहादुर जी के शहीदी शताब्दी समारोह के दौरान एआई-आधारित चेहरे की पहचान वाले 300 सीसीटीवी कैमरे 24 घंटे रखेंगे चौकसी

**हाई-टेक कमांड सेंटर करेगा कंट्रोल हब के रूप में काम, 300 एआई-आधारित सीसीटीवी, 10 पीटीज़ेड, 25 एएनपीआर कैमरों और 7 ड्रोन टीमों से मिलेगी लाइव जानकारी : एसएसपी रूपनगर गुलनीत खुराना**

**बेहतर प्रबंधन के लिए श्री आनंदपुर साहिब को 25 सेक्टरों में बांटा, प्रत्येक सेक्टर में स्थापित होगा एक सब-कंट्रोल रूम**





अर्थ प्रकाश संवाददाता

**श्री आनंदपुर साहिब, 22 नवंबर।** सीनियर सुपरिंटेंडेंट ऑफ पुलिस (एसएसपी) रूपनगर गुलनीत सिंह खुराना ने आज यहां बताया कि पवित्र नगरी श्री आनंदपुर साहिब में श्री गुरु तेग़ बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस संबंधी समारोहों में पहुंचने वाले लाखों श्रद्धालुओं की निर्बाध सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए 300 हाई-रिज़ॉल्यूशन, एआई-आधारित चेहरे की पहचान वाले सीसीटीवी कैमरों का एक मजबूत नेटवर्क लगातार निगरानी करेगा।

रविवार से मंगलवार तक होने वाले मुख्य आयोजनों के लिए तैयार किए गए मजबूत, तकनीक-आधारित सुरक्षा ब्लूप्रिंट के बारे में जानकारी देते हुए एसएसपी गुलनीत खुराना ने कहा कि सभी सुरक्षा कार्यों के लिए एक अत्याधुनिक कमांड सेंटर स्थापित किया गया है, जो इस संबंध में एक हब के रूप में कार्य करेगा।

यह हाई-टेक कंट्रोल रूम एक व्यापक निगरानी प्रणाली से जुड़ा हुआ है, जिसमें चेहरे की पहचान वाले 300 एआई-आधारित सीसीटीवी कैमरे, निरंतर ट्रैकिंग के लिए 10 पैन-टिल्ट-जूम (पीटीज़ेड) कैमरे और सभी एंट्री व एग्ज़िट पॉइंट्स पर 25 ऑटोमैटिक नंबर प्लेट रिकग्निशन (एएनपीआर) कैमरे लगाए गए हैं। उन्होंने बताया कि पूरे शहर की व्यापक हवाई निगरानी के लिए 7 समर्पित ड्रोन टीमों को भी तैनात किया गया है।

एसएसपी ने आगे कहा कि सख्त प्रबंधन और त्वरित समन्वय को सुनिश्चित करने के लिए पवित्र नगरी श्री आनंदपुर साहिब को योजनाबद्ध तरीके से 25 सेक्टरों में विभाजित किया गया है। प्रत्येक सेक्टर अपने सब-कंट्रोल रूम और हेल्प डेस्क के साथ एक स्वतंत्र सुरक्षा इकाई के रूप में कार्य करेगा, जिससे मुख्य कमांड सेंटर को लगातार वास्तविक समय की जानकारी और वीडियो फीड प्राप्त होती रहेगी।

उन्होंने बताया कि सुचारू ट्रैफिक प्रबंधन और संगत के आगमन-प्रस्थान की सुविधा के लिए जिला पुलिस ने आईआईटी रोपड़ के सहयोग से सभी पार्किंग जोनों की वास्तविक समय की डिजिटल मैपिंग की व्यवस्था की है। उन्होंने कहा कि भीड़भाड़ से बचाव के लिए यह प्रणाली पार्किंग की उपलब्धता संबंधी लाइव अपडेट प्रदान कर संगत की सुविधा और सुचारू यातायात प्रबंधन में मदद करेगी। इसके साथ ही पार्किंग स्थलों, कार्यक्रम स्थलों और टेंट सिटीज़ के बीच 24 घंटे शटल बस सेवा भी सक्रिय रहेगी।

एसएसपी ने दोहराया कि शहीदी शताब्दी समारोहों के सुचारू संचालन के लिए बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है और वरिष्ठ अधिकारी जमीनी स्तर पर लगातार निगरानी बनाए हुए हैं। उन्होंने कहा कि सभी पुलिस कर्मियों को संवेदनशीलता, विनम्रता और श्रद्धा के उच्चतम मानकों के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने के निर्देश दिए गए हैं।

## श्री आनंदपुर साहिब में 24 घंटे स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित कर रही है पंजाब सरकार

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**श्री आनंदपुर साहिब, 22 नवंबर।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार श्री आनंदपुर साहिब में श्री गुरु तेग़ बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस को समर्पित समागमों के दौरान जरूरतमंद मरीजों की सुविधा के लिए 24 घंटे स्वास्थ्य एवं इमरजेंसी सेवाएं सुनिश्चित कर रही है। श्री आनंदपुर साहिब और रोपड़ में क्रिटिकल केयर सेवाओं के अलावा रोपड़, कीरतपुर साहिब और श्री आनंदपुर साहिब में 24 घंटे इमरजेंसी सेवाएं दी जा रही हैं।

स्वास्थ्य विभाग ने समागम स्थलों पर 24 घंटे सेवाएं देने के लिए 19 अतिरिक्त आम आदमी क्लीनिक स्थापित करके ओ.पी.डी. सेवाओं का व्यापक नेटवर्क बनाया गया है।

उल्लेखनीय है कि 22 नवंबर को कुल 1,111 मरीजों ने इन क्लीनिकों में स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लिया और लगभग 100 लैब टेस्ट भी किए गए। आंखों की मुफ्त जांच पहल (÷निगाह लंगर÷) के तहत कुल 522 व्यक्तियों की आंखों की जांच की गई और कुल 390 चश्मे वितरित किए गए। जिला अस्पताल रोपड़ में एक मरीज की मोतियाबिंद की सर्जरी भी की गई।

पंजाब सरकार ने एक मजबूत एम्बुलेंस नेटवर्क स्थापित किया है, जिसमें 24 बेसिक लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंसें और 7 एडवांस्ड लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंसें शामिल हैं, जो 24 घंटे रणनीतिक स्थानों पर संगत की सेवा के लिए उपलब्ध हैं। इसके अलावा विशेष रक्तदान शिविर भी लगाए जाएंगे। चिकित्सीय इमरजेंसी के लिए एक समर्पित हेल्पलाइन नंबर ''98155-88342'' लोगों की सेवा के लिए निरंतर जारी रहेगा।

## स्टूडेंट पुलिस कैडेट स्कीम के तहत 450 विद्यार्थियों को पीपीए फिल्लौर का भ्रमण करवाया

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 22 नवंबर।** स्कूली विद्यार्थियों में ज़िम्मेदार नागरिकता, बेहतर अनुशासन और व्यक्तित्व निर्माण की भावना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से पंजाब पुलिस और शिक्षा विभाग की संयुक्त पहल स्टूडेंट पुलिस कैडेट (एसपीसी) स्कीम के तहत विद्यार्थियों के लिए महाराजा रणजीत सिंह पंजाब पुलिस अकादमी, फिल्लौर का एक दिवसीय भ्रमण आयोजित किया गया। पंजाब के आठ जिलों के कुल 450 बच्चों ने अपने 16 नोडल शिक्षकों और सांझ केंद्र के 16 कर्मचारियों के साथ इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया। एसपीसी कार्यक्रम के बारे में और जानकारी देते हुए स्पेशल डीजीपी, कम्युनिटी अफेयर्स डिवीज़न (सीएडी) गुरप्रीत कौर दियो ने कहा कि यह योजना पुलिस और युवाओं के बीच एक पुल का कार्य करते हुए विश्वास, जागरूकता और सामाजिक ज़िम्मेदारी की संस्कृति को बढ़ावा देती है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत डीएसपी सीएडी प्रभजोत कौर द्वारा एसपीसी स्कीम के बारे में जानकारी प्रदान करने के साथ हुई, जिसके बाद सलाहकार, पीपीए फिल्लौर, खचरण सिंह ने एक प्रस्तुति दी। उन्होंने विद्यार्थियों को महाराजा रणजीत सिंह पंजाब पुलिस अकादमी के इतिहास और महत्व के बारे में अवगत कराते हुए उन्हें पंजाब की विरासत से जोड़ा।

इसके पश्चात एसपी साइबर क्राइम एसएएस नगर मनोज गोरसी, डीएसपी सीएडी परमिंदर सिंह बराड़, डीएसपी सीएडी प्रभजोत कौर और सलाहकार, पीपीए फिल्लौर, खचरण सिंह के साथ एक बातचीत सत्र करवाया गया। सत्र के दौरान नोडल शिक्षकों ने विभिन्न मुद्दों को उठाते हुए पुलिस अधिकारियों से कैडेटों की वर्दी और स्वतंत्रता दिवस व गणतंत्र दिवस समारोहों में उनकी भागीदारी संबंधी दिशानिर्देश जारी करने का अनुरोध किया। विचार-विमर्श के बाद एसपी मनोज गोरसी द्वारा साइबर जागरूकता पर एक विस्तृत प्रस्तुति दी गई। उन्होंने विद्यार्थियों को सुरक्षित ऑनलाइन व्यवहार, सकारात्मक डिजिटल उपस्थिति और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर व्यक्तिगत जानकारी की सुरक्षा के महत्व के बारे में जागरूक किया। सत्र में ऑनलाइन उत्पीड़न/परेशानी, वित्तीय धोखाधड़ी, ऑनलाइन गेमिंग जोखिम और मोबाइल उपकरणों के ज़िम्मेदार उपयोग जैसे प्रमुख विषयों पर भी चर्चा हुई। इस दौरान वास्तविक जीवन के उदाहरणों और पारस्परिक प्रश्नोत्तर के माध्यम से बच्चों को डिजिटल दुनिया में सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध ऑनलाइन गतिविधि की तुरंत रिपोर्ट करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। प्रस्तुति का उद्देश्य विद्यार्थियों को सुरक्षित और जिम्मेदारी के साथ इंटरनेट के उपयोग के संबंध में आवश्यक जानकारी प्रदान करना था। इसके बाद विद्यार्थियों और शिक्षकों के लिए अकादमी के अध्ययन-भ्रमण का भी प्रबंध किया गया, जिसके दौरान बच्चों को उस ऐतिहासिक किले की विशिष्ट वास्तुकला के बारे में जानकारी दी गई, जहाँ यह अकादमी स्थित है। विद्यार्थियों ने अकादमी के भीतर स्थित पंजाब राज्य फिंगरप्रिंट ब्यूरो का भी दौरा किया, जहाँ उन्हें विभिन्न फोरेंसिक और फिंगरप्रिंट-संबंधित प्रक्रियाओं के बारे में जानकारी प्रदान की गई।

## 'युद्ध नशों विरुद्ध' के 266वें दिन पंजाब पुलिस द्वारा 50.5 किलो हेरोइन सहित 103 नशा तस्कर काबू

**नशा छुड़ाने संबंधी प्रयासों के तहत पंजाब पुलिस ने 27 व्यक्तियों को नशा उपचार हेतु तैयार किया**

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 22 नवंबर।** राज्य से नशों के पूर्ण उन्मूलन के लिए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों पर चलाए जा रहे 'युद्ध नशों विरुद्ध÷ के 266वें दिन पंजाब पुलिस ने आज 360 स्थानों पर छापेमारी की, जिसके उपरांत राज्यभर में 80 एफआईआरज दर्ज कर 103 नशा तस्करों को गिरफ्तार किया गया। इसके साथ ही 266 दिनों में गिरफ्तार किए गए कुल नशा तस्करों की संख्या 37,639 हो गई है।

इन छापों के परिणामस्वरूप गिरफ्तार नशा तस्करों के कब्जे से 50.5 किलो हेरोइन, 1834 नशीली गोलियां और 22,925 रुपये की ड्रग मनी बरामद हुई है।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने पुलिस कमिश्नरों, डिप्टी कमिश्नरों और एस.एस.पीज़ को पंजाब को नशा-मुक्त राज्य बनाने के निर्देश दिए हैं। पंजाब सरकार ने नशों के विरुद्ध युद्ध की निगरानी के लिए वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा की अगुवाई में 5 सदस्यीय कैबिनेट सब-कमेटी का गठन किया है।

इस ऑपरेशन के दौरान 71 गज़टेड अधिकारियों की देखरेख में 120 से अधिक पुलिस टीमों, जिनमें 1000 से अधिक पुलिस कर्मी शामिल थे, ने पूरे राज्य में 360 स्थानों पर छापेमारी की। उन्होंने आगे बताया कि दिनभर चले इस ऑपरेशन के दौरान पुलिस टीमों ने 385 संदिग्ध व्यक्तियों की जांच भी की।

उल्लेखनीय है कि पंजाब सरकार ने राज्य से नशों के उन्मूलन के लिए तीन-स्तरीय रणनीति – एनफ़ोर्समेंट, डी-एडिक्शन और प्रिवेंशन (ई डी पी) लागू की है और पंजाब पुलिस ने इसी रणनीति के अंतर्गत आज 27 व्यक्तियों को नशा छोड़ने और पुनर्वास उपचार लेने के लिए तैयार किया है।

# ब्रह्मसरोवर के चारों तरफ बिखर चुकी है भारतीय संस्कृति की महक

## पारंपरिक परिधानों व वाद्य यंत्रों के साथ लोक कलाकारों ने किया पर्यटकों का मनोरंजन, विभिन्न राज्यों की संस्कृति बनी पर्यटकों के आकर्षण का केन्द्र

अर्थ प्रकाश/अरविंद मोहन शर्मा



**कुरुक्षेत्र, 22 नवंबर।** ब्रह्मसरोवर के पावन तटों पर भारतीय संस्कृति की महक को दूर-दूर तक महसूस किया जा रहा है। इस संस्कृति की महक का एहसास करने के बाद एकाएक देश-विदेश के लोग अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव की ओर खिंचे चले आ रहे है। इस महोत्सव में जहां शिल्पकार अपनी शिल्पकला से पर्यटकों को मोहित कर रहे है, वहीं विभिन्न प्रदेशों के लोक कलाकार पर्यटकों का खूब मनोरंजन कर रहे है। अहम पहलू यह है कि ब्रह्मसरोवर की सदरियों में लगे स्टॉलों में भारतीय संस्कृति को दर्शन करवाती अद्भुत शिल्पकला से भारतीय संस्कृति की महक चारों तरफ फैल चुकी है और यहां पर आने वाले पर्यटक इसका जमकर आनंद उठा रहे है।

अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव शिल्प और सरस मेले के 8वें दिन सुबह और शाम के समय दूर-दराज से आने वाले पर्यटकों का विभिन्न प्रदेशों के लोक कलाकार मनोरंजन करने का काम कर रहे है। उत्तरी तट पर जहां राजस्थानी लोक कलाकार कच्ची घोड़ी नृत्य की प्रस्तुति देकर पर्यटकों को नृत्य करने के लिए उत्साहित कर रहे है, वहीं उत्तर पश्चिमी तट पर बीन-बांसुरी की धुन पर लोक कलाकार भी पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित कर रहे है। इस पावन तट के चारों तरफ किसी न किसी प्रदेश के कलाकर, बाजीगर, बहरुपिए भी पर्यटकों को लुभा रहे थे। शनिवार को इस शिल्प मेले की रौनक को बढ़ाने का काम विभिन्न राज्यों से आए पर्यटकों व विद्यार्थियों ने किया।

आसमान में खिली धूप ने महोत्सव के माहौल को और भी मनमोहक कर दिया, महोत्सव में आए विद्यार्थियों व पर्यटकों ने विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का जमकर लुत्फ उठाया। बच्चों, जवान और बुजुर्गों ने महोत्सव में जमकर खरीददारी की और विभिन्न प्रदेशों से आए कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किए गए सांस्कृतिक कार्यक्रमों के दौरान मदमस्त होकर नृत्य किया। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि प्रशासन की तरफ से महोत्सव में पर्यटकों, शिल्पकारों, कलाकारों के लिए अच्छे प्रबंध किए गए है और यह सरस और शिल्प मेला पर्यटकों के आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है। महोत्सव में 24 नवंबर से शुरु होने वाले मुख्य कार्यक्रमों के लिए केडीबी और प्रशासन द्वारा सभी तैयारियों को पूरा किया जा रहा है ताकि महोत्सव में आने वाले पर्यटकों को महोत्सव के दौरान सुखद अनुभूति मिले और वह यहां से अच्छी यादें अपने साथ लेकर वापिस जाएं।

### विभिन्न राज्यों की संस्कृति बनी पर्यटकों के आकर्षण का केन्द्र

अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के पावन पर्व पर ब्रहमसरोवर का तट विभिन्न राज्यों की संस्कृति को अपने आगोश में समेट रहा है। इस तट पर विभिन्न राज्यों की संस्कृति पर्यटकों के आकर्षण का केन्द्र बनी हुई है। इस तट पर भारत के विभिन्न राज्यों की संस्कृति को एक साथ देखने का मौका मिल रहा है। शिल्प और सरस मेले में ब्रहमसरोवर के तट पर चारों तरफ लगे स्टॉलों पर पर्यटक जमकर खरीददारी कर रहे है। यह दुकान भारतीय शिल्पकला के सौंदर्य को भी चरितार्थ कर रही है।



# राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतिस्पर्धा में बाजी मारने वाले खिलाड़ियों का चौशाला गांव में अभिंनदन

अर्थ प्रकाश/कपिल देव रोहिल्ला




**कलायत, 22 नवंबर।** राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतिस्पर्धा में राजकीय माडल संस्कृति स्कूल गांव चौशाला ने बाजी मारी। खिलाड़ियों का स्कूल में अभिनंदन किया गया। जिला कैथल का प्रतिनिधित्व करते हुए मन्नत ने लंबी कूद, यांस शतरंज व नूर ने फैंसी ड्रेस में कुशल प्रदर्शन किया। प्रधानाचार्य जोगेंद्र नैन व मुख्य शिक्षक प्रदीप कुमार ने बताया कि इससे पहले खंड स्तर पर रस्साकसी, शतरंज, दौड़, लंबीकूद, गोला फेंक, कैरम, कुश्ती, सोलो एक्ट व फैसी ड्रैस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर ओवर ऑल विजेता के रूप में नाम रोशन किया। खेलों में विद्यार्थियों की कुशल भूमिका के लिए शिक्षक मुकेश कुमार को जिम्मेवारी सौंपी गई थी। जिला स्तर पर भी सोलो एक्ट, शतरंज, रिले रेस, फेंसी ड्रेस व लंबी कूद मे अपनी जीत दर्ज की। प्राचीन च्यवन ऋषि मंदिर प्रबंध कमेटी प्रधान ज्ञानी राम, सरपंच उषा रानी, प्रतिनिधि दिलबाग सिंह, सतपाल शर्मा, रूबी देवी, अमित कालिया, सत्यवान व अन्य गणमान्य लोगों ने होनहारों को आशीर्वाद दिया। बच्चों को इस मुकाम तक पहुंचाने के लिए खंड शिक्षा अधिकारी सुरेश नैन के दिशा निर्देश में रूप रेखा तय की गई थी। इस दिशा में शिक्षक मुकेश कुमार ने प्रतिभाओं को निखारने में विशेष योगदान दिया है। छुट्टी के दिन भी बच्चों को खेल अभ्यास करवाया। आस पास के खेल एक्सपर्ट को सहयोग के लिए आमंत्रित किया गया। इस तरह सांझे प्रयासों से ग्रामीण अंचल से निकलकर विद्यार्थियों ने जिस प्रकार बुलंदियों को हासिल किया वह प्रशंसनीय है।

## न्यूज ब्रीफ

### एसबीआई बैंक से लगभग 40 लाख रुपए चेस्ट से गायब

**पिहोवा (अप्रस/मोहित पौलस्त्य)।** स्थानीय एसबीआई बैंक से लगभग 40 लाख रुपए चेस्ट से गायब होने का मामला प्रकाश में आया है। इस बारे बैंक के मुख्य प्रबंधक तरसेम कुमार ने पुलिस को शिकायत भी दरज कराई। अपनी शिकायत में मुख्य प्रबंधक ने बताया कि उन्होंने पुरानी सीसीटीवी फुटेज देखी थी। उन्होंने चेस्ट में जाकर रकम का मिलान किया तो उसमें से लगभग 40 लाख रुपए की राशि कम निकली। उन्होंने इस बारे कैशियर रवि कुमार व अकाउंटेंट करणपाल को बुलाकर जब इस बारे जानकारी मांगी तो वह कोई संतोषजनक जवाब ना दे सके। जिसको लेकर मुख्य प्रबंधक ने पुलिस में शिकायत दर्ज करा दी। वही पुलिस अधिकारी ने इस बारे बताया कि उन्होंने मुख्य प्रबंधक की शिकायत पर केस दर्ज कर लिया तथा पुलिस इस केस की जांच कर रही है। वही जब इस बारे बैंक के मुख्य प्रबंधक तरसेम कुमार से बात करनी चाहिए तो बैंक के बाहर खड़े कर्मचारियों ने उनसे मिलने से इनकार कर दिया। जब फोन पर मुख्य प्रबंधक से बात की तो उन्होंने कहा कि वह इस बारे कोई बयान नहीं दे सकते।उन्होंने पुलिस में शिकायत दर्ज करा दी है तथा पुलिस ही इसकी जांच करेगी।

### सड़क दुर्घटना में दो युवकों की मौत

**पिहोवा (अप्रस/मोहित पौलस्त्य)।** कुरुक्षेत्र रोड पर स्थित गांव मुकीम पूरा के पास सड़क दुर्घटना में दो युवकों की मौत हो गई। मृतक युवकों को वाहन ने इस तरह कुचल डाला की उनके शरीर के भी टुकड़े हो गए।बताया जाता है कि पिहोवा निवासी गोलू 21वर्ष अपने दोस्त मोहनपुर निवासी आलोक कुमार20 वर्ष के साथ कुरुक्षेत्र बाइक पर जा रहा था। दोनों कुरुक्षेत्र में पी टी ई का कोर्स कर रहे थे। आलोक के पिता सुखवंत सिंह घर पर ही बीमार पड़े हैं। वही पिहोवा निवासी दीपक कुमार ने बताया कि उनका गोलू इकलौता बेटा था।उसके पास दो बेटियां भी है। 21 वर्षीय गोलू पी टी ई का कोर्स कर रहा था।वह विदेश जाना चाहता था। वही दुर्घटना स्थल पर खड़े कुछ लोगों लोगों ने बताया कि संभवतया पीछे से किसी वाहन ने उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मारी। जिस कारण सामने से आ रहे एक ट्रक ने उन्हें कुचल दिया। जिस वाहन के साथ उनकी टक्कर हुई।वह उन्हें घसीटते हुए बहुत दूर तक ले गया था।जिस कारण उनके शरीर के भी टुकड़े हो गए।थाना अध्यक्ष जगदीश कुमार ने बताया कि उन्हें दुर्घटना की सूचना मिली थी। मौके पर जाकर उन्होंने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए कुरुक्षेत्र भेज दिया। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही है ताकि दुर्घटना के बारे में सही जानकारी मिल सके। तथा वाहन का पता चल जाए।

### एक दिवसीय व्याख्यान का आयोजन





**नारायणगढ़ (अप्रस/सुशील कुमार)।** राजकीय महाविद्यालय नारायणगढ़ में प्राचार्य रोहित कुमार की अध्यक्षता एवं महिला प्रकोष्ठ व उद्यमिता विकास प्रकोष्ठ की संयोजिका प्रो. रेनू कुमारी के नेतृत्व में कॉलेज परिसर में 'पर्सनैलिटी डेवलपमेंट एवं सॉफ्ट स्किल्स, मॉक इंटरव्यू तथा बालिकाओं हेतु उद्यमिता के अवसर' विषय पर एक दिवसीय विस्तार व्याख्यान का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में व्यक्तित्व संवर्धन, संवाद-कौशल, आत्मविश्वास तथा भविष्य के करियर के लिए आवश्यक व्यावहारिक दक्षताओं का विकास करना था। सर्वप्रथम प्राचार्य एवं महिला प्रकोष्ठ व उद्यमिता विकास समिति की संयोजिका प्रो.रेनू कुमारी ने सुब्रतो पुरकायथ डायरेक्टर, कैच देम यंग एजुकेशन चंडीगढ़, टीना चटर्जी प्रिंसिपल,बुनियाद प्री-स्कूल मोहाली से आये मुख्य वक्ताओं का फूलों का पौधा देकर स्वागत किया ओर प्राचार्य ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में व्यक्तित्व विकास, प्रभावी संचार एवं सॉफ्ट स्किल्स किसी भी क्षेत्र में सफलता की आधारशिला हैं। ऐसे व्याख्यान न केवल विद्यार्थियों को ज्ञान प्रदान करते हैं, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर और भविष्य के लिए तैयार भी करते हैं। उद्यमिता विकास,महिला प्रकोष्ठ की संयोजिका प्रो. रेनू कुमारी ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा गया कि आज की युवा पीढ़ी में असीम संभावनाएँ हैं, और यदि उचित दिशा व मार्गदर्शन मिले तो वे विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकते हैं।डॉ स्वर्णजीत ने मुख्य वक्ताओं एवं कार्यक्रम में उपस्थित सभी का धन्यवाद किया।मंच संचालन उद्यमिता विकास समिति की सदस्य प्राध्यापिका आशिमा ठाकुर ने किया।इस कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रो.सुभाष कुमार,प्रो. संजीव कुमार,डॉ अपूर्वा चावला, डॉ. राहुल एवं महिला प्रकोष्ठ व उद्यमिता विकास समिति की प्राध्यापिका डॉ.सोनू इंदु धीमान,सपना सैनी,डॉ सपना गुप्ता,निशा, डॉ.मनीषा,दलजीत सिंह,डॉ पूजादीप ने अपनी अहम भूमिका निभाई।

# सोशल साइंस एंड ह्यूमैनिटीज स्कूल ने आयोजित की पीटीएम मीट

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

**कैथल, 22 नवंबर।** एनआईआईएलएम विश्वविद्यालय कैथल के स्कूल ऑफ सोशल साइंस एंड ह्यूमैनिटीज ने अभिभावक-शिक्षक मीटिंग का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में छात्रों, अभिभावकों और संकाय सदस्यों की उत्साहपूर्ण भागीदारी रही। इस अवसर पर अभिभावकों का स्वागत करते हुए डीन सोशल साइंस एंड ह्यूमैनिटीज डॉ एकता चहल ने कहा कि पीटीएम का उद्देश्य विश्वविद्यालय और अभिभावकों के बीच एक सहयोगात्मक वातावरण को बढ़ावा देना और छात्रों की सफलता के लिए एक सांझी प्रतिबद्धता सुनिश्चित करना था। संकाय सदस्यों ने अभिभावकों के साथ बातचीत की, उनके प्रश्नों और चिंताओं का समाधान किया और भविष्य के विकास के लिए रणनीतियों की रूपरेखा तैयार की। शिक्षक अभिभावक मीटिंग के संयोजक डॉ मोहम्मद इशाक ने कहा कि स्कूल ऑफ सोशल साइंस एंड ह्यूमैनिटीज एक सहायक और समावेशी शिक्षण वातावरण प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है और पीटीएम जैसे कार्यक्रम इस प्रतिबद्धता को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर पीटीएम कन्वीनर डॉ राहुल, डॉ महेंद्र मुंडे, डॉ रविंद्र पांडे, डॉ सोनम, डॉ नरेंद्र कुमार, डॉ राहुल नैन, डॉ विकास नैन, डॉ अनुज नरवाल, डॉ अनिल दहिया, डॉ सुमन, डॉ पवन कबीर, प्राध्यापक अमरजीत मोर प्रथापिका नेहा, सुमन, अभिभावक गण एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# डीएवी विद्यालय में जोश, उमंग और खेल-भावना से सजा भव्य वार्षिक खेल उत्सव

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**अंबाला, 22 नवंबर।** खेल केवल शारीरिक स्फूर्ति का माध्यम नहीं, बल्कि जीवन को अनुशासन, संतुलन और ऊर्जा से भर देने वाला एक संपूर्ण दर्शन है। इसी भावना को साकार करते हुए डी.ए.वी. (रिवरसाइड) विद्यालय में 22 नवंबर 2025 को वार्षिक खेल उत्सव का भव्य आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता एयर कोमोडोर सोमित्रा तमस्कर (वी एम) एयर ऑफिसर कमांडिंग एयरफोर्स स्टेशन, अम्बाला द्वारा की गई। उनके साथ विद्यालय के चेयरपर्सन श्री अश्विन सरीन, निर्देशिका श्रीमती शिवानी सरीन, प्रधानाचार्या डॉ. सीमा दत्त, तथा शहर के गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे, जिन्होंने उत्सव की शोभा बढ़ाई। विद्यालय के चेयरपर्सन श्री अश्विन सरीन तथा डायरेक्टर श्रीमती शिवानी सरीन तथा प्रधानाचार्या डॉ0 सीमा दत्त ने पुष्प गुच्छ भेंट कर मुख्य अतिथि का स्वागत किया।

प्रातःकालीन प्रार्थना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। गणेश एवं सरस्वती वंदना की मधुर लय के बीच बच्चों ने माँ सरस्वती का वरण कर पूरे वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया।

उत्सव का सबसे रोमांचक क्षण वह था जब राष्ट्रीय स्तर पर पदक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन करने वाले प्रतिभावान खिलाड़ियों ने प्रज्ज्वलित मशाल के साथ मैदान का भ्रमण किया।

### एनसीसी दिवस मनाया

**नारायणगढ़ (अप्रस/सुशील)।** राजकीय महाविद्यालय नारायणगढ़ में कर्नल समित नवानी कमांडिंग ऑफिसर 2 हरियाणा बटालियन एन सी सी अंबाला कैंट के निर्देशानुसार एवं प्राचार्य डॉ रोहित कुमार की अध्यक्षता में एनसीसी दिवस के उपलक्ष में महाविद्यालय एनसीसी यूनिट के कैडेट्स को एन सी सी गीत का अभ्यास कराया गया एवं साथ ही साथ भारत की एकता को बनाए रखने के लिए अनुशासन में रहने ओर देश का जिम्मेवार नागरिक बनने की शपथ दिलाई। प्राचार्य डॉ रोहित कुमार ने कहा एन सी सी युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व एवं सेवा की भावना पैदा करती है और विपरित परिस्थितियों से संघर्ष करने की क्षमता प्रदान करती है। महाविद्यालय एनसीसी यूनिट के अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ सतीश कुमार ने बताया कि एनसीसी एक संगठन के रूप में युवाओं को आत्मविश्वास और देशभक्ति की भावना से जोड़ती है जहां एकता और अनुशासन का आदर्श वाक्य हर कैडेट के जीवन का मूल मंत्र बनता है।

# ग्रीनफील्ड पब्लिक स्कूल में किंडरगार्टन का एकेडमिक प्रेजेंटेशन कार्यक्रम आयोजित

अर्थ प्रकाश/अरविंद मोहन शर्मा



**कुरुक्षेत्र, 22 नवंबर।** ग्रीनफ़ील्ड पब्लिक स्कूल में आज किंडरगार्टन विंग द्वारा भव्य एकेडमिक प्रेज़ेंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य नन्हे विद्यार्थियों में आत्मविश्वास बढ़ाना, उनकी सीखने की प्रक्रिया को अभिभावकों के सामने प्रस्तुत करना और विद्यालय की गतिविधियों से अभिभावकों को प्रत्यक्ष रूप से अवगत कराना था।

इस विशेष अवसर पर किंडरगार्टन के सभी बच्चों के अभिभावकों को आमंत्रित किया गया, ताकि वे स्वयं देख सकें कि बच्चे प्रतिदिन स्कूल में किस प्रकार सीखते, खेलते और विभिन्न गतिविधियों में भाग लेते हैं। अभिभावकों के सामने ही बच्चों का सुबह स्कूल आने से लेकर क्लासरूम में नियमित रूप से होने वाली सभी गतिविधियों का रोचक प्रदर्शन किया गया – जैसे मॉर्निंग प्रेयर, फन लर्निंग एक्टिविटीज, राइम्स, नंबर और लेटर रिकग्निशन, आर्ट एंड क्राफ्ट, इंटरैक्टिव लर्निंग और ग्रुप एक्टिविटीज। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रिंसिपल डॉ. सुमिता ठाकुर द्वारा हुआ। उन्होंने अभिभावकों का गर्मजोशी से स्वागत करते हुए कहा–

'आज का कार्यक्रम बच्चों की सीखने की पूरी प्रक्रिया को आपके सामने लाने का प्रयास है। छोटे बच्चों की वास्तविक प्रतिभा इसी तरह खुलकर सामने आती है। उनकी प्रस्तुतियाँ देखकर हम सभी गर्व महसूस करते हैं।' इसके बाद नन्हे-मुन्नों ने सुबह की प्रार्थना सभा का आयोजन किया, व्यायाम आधारित गतिविधि को अपने अभिनय और रंगारंग नृत्य द्वारा प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। बच्चों को इस तरह आत्मविश्वास के साथ मंच पर प्रदर्शन करते देख अभिभावक भावुक और प्रसन्न दिखाई दिए।

# संस्कृति, परंपरा और समाज के बीच जुड़ाव को मजबूत करने के लिए सामूहिक आयोजन जरूरी: कंवलजीत कौर

अर्थ प्रकाश/कृष्ण प्रजापति



**ढांड, 22 नवंबर।** अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव 2025 के शुभारंभ अवसर पर आज गाँव अरनैचा में आयोजित भव्य कार्यक्रम में हरियाणा कला परिषद द्वारा भेजी गई टीम चाहत कला मंच ने शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से लोगों का मन मोह लिया। मंच का संचालन कलाकार कृष्ण शर्मा ने किया, जिन्होंने गीत, रागिनी और हरियाणवी डांस प्रस्तुत कर वातावरण को उत्साह और भक्ति भाव से भर दिया। कार्यक्रम के दौरान कलाकारों की प्रस्तुतियों पर दर्शकों ने जमकर तालियाँ बजाई और हूटिंग कर कलाकारों का उत्साह बढ़ाया। हरियाणवी लोक संस्कृति, भक्ति रस और पारंपरिक लोक नृत्यों का सुंदर समन्वय दर्शकों को देर तक बांधे रखा। इस अवसर पर जिला परिषद की चेयरपर्सन कंवलजीत कौर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से संस्कृति, परंपरा और समाज के बीच जुड़ाव मजबूत होता है तथा ग्रामीण प्रतिभाओं को प्रोत्साहन मिलता है।

कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित रहे लोकसंपर्क एवं कष्ट निवारण समिति कुरुक्षेत्र के सदस्य, नगर पार्षद पिहोवा रामधारी शर्मा, रामलाल सरपंच अरनैचा, महावीर सिंह प्रधान, रेणुका जी सेवा समिति, राजेंद्र कुमार नंबरदार आदि ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के तहत ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रम गाँव में नई ऊर्जा और सांस्कृतिक जागरूकता लेकर आते हैं। जिला परिषद चेयरपर्सन कंवलजीत कौर ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के अंतर्गत गांवों में ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होना अत्यंत सराहनीय पहल है। इससे हमारी लोक संस्कृति, परंपरा और गीता के संदेश को आमजन तक पहुँचाने में मदद मिलती है।

# नारायणगढ़ में सूर्या पैलेस से लौटो चुंगी तक सड़क रिपेयर कार्य शुरू

अर्थ प्रकाश/सुशील कुमार

**नारायणगढ़, 22 नवंबर।** नारायणगढ़ क्षेत्र के लोगों के लिए राहत की खबर है। सूर्या पैलेस से लौटो चुंगी तक की खराब सड़क को सुधारने का कार्य आज शुरू हो गया है। यह सड़क एनएचएआई (भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण) के अधीन आती है और सड़क में गड्ढों व टूट-फूट के कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था।

इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए भाजपा जिला उपाध्यक्ष संदीप सैनी अम्बली ने गत दिवस मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात कर इस सड़क को तुरंत ठीक करवाने का अनुरोध किया था, जिस पर मुख्यमंत्री ने त्वरित संज्ञान लेते हुए मरम्मत कार्य शुरू करवाने के निर्देश दिए।

भाजपा जिला उपाध्यक्ष संदीप सैनी अम्बली ने कहा– 'नारायणगढ़ की यह सड़क खराब होने से लोगों को आवागमन में काफी परेशानी हो रही थी। उन्होंने मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी जी से व्यक्तिगत रूप से मिलकर इस सड़क की मरम्मत करवाने का निवेदन किया था। यह खुशी की बात है कि आज इस सड़क को ठीक करने का कार्य शुरू हो चुका है। हम विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं और जनता की समस्याएँ हमारी प्राथमिकता हैं।'

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी जी ने हमेशा नारायणगढ़ क्षेत्र के विकास को प्राथमिकता दी है। उन्होंने मुख्यमंत्री जी का हृदय से धन्यवाद किया है।

क्षेत्रवासियों में खुशी सड़क मरम्मत कार्य शुरू होने से स्थानीय लोगों में प्रसन्नता है और लोगों ने सरकार तथा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का धन्यवाद किया है।

## मैडलों की झड़ी लगाने वाली अंतरराष्ट्रीय बॉक्सर स्नेहा का को किया गया सम्मानित

# 'खिलाड़ी स्नेहा गुर्जर की उपलब्धियां आने वाली पीढ़ियों के लिए हैं प्रेरणा स्रोत'

अर्थ प्रकाश/कृष्ण प्रजापति



**कैथल, 22 नवंबर।** गांव क्योडक की अंतरराष्ट्रीय बॉक्सर स्नेहा गुर्जर को उनके उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन और देश-प्रदेश का नाम रोशन करने पर आज गुर्जर भवन कैथल की ओर से भव्य सम्मान किया गया। कार्यक्रम में समाज के पदाधिकारियों और सरपंच जसबीर सिंह ने शॉल ओढ़ाकर व स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका सम्मान किया।

गौरतलब है कि स्नेहा गुर्जर ने हाल ही में 74वीं ऑल इंडिया पुलिस गेम्स में आईटीबीपी की ओर से 70 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल कर कैथल और हरियाणा को गौरवान्वित किया है। इसके साथ ही उन्होंने इंटरनेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप, आयरलैंड में स्वर्ण पदक, यूथ एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप, जॉर्डन में कांस्य पदक, ऑल इंडिया पुलिस गेम्स, मधुबन में स्वर्ण पदक, बीएफआई बॉक्सिंग चैंपियनशिप, चेन्नई में रजत पदक, यूथ नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप, सोनीपत में स्वर्ण पदक जैसे महत्वपूर्ण खिताब अपने नाम किए हैं। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि स्नेहा गुर्जर की उपलब्धियां आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। स्नेहा समाज तथा कैथल जिले की खेल पहचान को नई ऊंचाइयों पर लेकर जा रही हैं। प्रधान सुरेश तंवर ने कहा कि स्नेहा गुर्जर ने अपने कड़े परिश्रम, अनुशासन और लगन से न केवल कैथल बल्कि पूरे हरियाणा का नाम रोशन किया है। नरेश आर्य ने कहा कि समाज की बेटियाँ जब आगे बढ़ती हैं तो पूरा समाज प्रगति करता है। गुर्जर भवन परिवार उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता है और आने वाली प्रतियोगिताओं में अंतरराष्ट्रीय मंच पर स्वर्ण पदक की उम्मीद रखता है।

गांव क्योडक के सरपंच जसबीर तंवर ने कहा कि स्नेहा गांव की बेटियों के लिए प्रेरणा स्रोत हैं और उन्होंने साबित किया है कि ग्रामीण क्षेत्र की बेटियाँ भी बड़े सपने पूरा कर सकती हैं। राजपाल तंवर ने कहा कि पूरा गांव उनके साथ है और हर सफलता पर गर्व महसूस करता है। इस अवसर पर मुख्य रूप से सुरेश तंवर प्रधान गुर्जर भवन कैथल, कैप्टन नरेंद्र तंवर, नरेश आर्य पूर्व प्रधान गुर्जर धर्मशाला कुरुक्षेत्र, क्योडक सरपंच जसबीर तंवर (मिट्ठू), पूर्व चेयरमैन राजपाल तंवर, अनिल तंवर, शेरसिंह कठवाड उप-प्रधान गुर्जर भवन कैथल, कुलदीप तंवर, चरण सिंह, राकेश कुमार, सुखबीर सिंह, संजीव कुमार आदि गणमान्य उपस्थित रहे।

# पंजाब सरकार की उद्योग-पक्षीय नीतियों को निवेशकों का भरपूर समर्थन मिल रहा है: संजीव अरोड़ा

मंडी गोबिंदगढ़ में उद्योगपतियों से की मुलाकात, सामने आ रही समस्याओं की ली समीक्षा

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 22 नवंबर।** पंजाब के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री श्री संजीव अरोड़ा ने आज मंडी गोबिंदगढ़ में उद्योगपतियों के साथ एक बैठक के दौरान पंजाब सरकार द्वारा उद्योगों के बहुआयामी विकास हेतु किए जा रहे महत्वपूर्ण प्रयासों की जानकारी साझा की। साथ ही उन्होंने उद्योगपतियों द्वारा झेली जा रही विभिन्न समस्याओं की भी विस्तार से समीक्षा की।

इस अवसर पर पंजाब विकास आयोग की उपाध्यक्ष श्रीमती सीमा बांसल और प्रिंसिपल सेक्रेटरी श्री कमल किशोर यादव भी उपस्थित थे।

सभा को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री श्री संजीव अरोड़ा ने कहा कि वे उद्योगपतियों को जमीनी स्तर पर आने वाली वास्तविक चुनौतियों से भली-भांति परिचित हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार उद्योगों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है और उद्योग क्षेत्र की सुविधा के लिए नई योजनाओं को तेजी से लागू किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि पंजाब में बन रहा अनुकूल और प्रोत्साहित करने वाला औद्योगिक माहौल निवेशकों का विश्वास लगातार बढ़ा रहा है। इसके परिणामस्वरूप अब तक हुए निवेश से 5 लाख से अधिक नए रोजगार अवसर पैदा हुए हैं, जो राज्य की अर्थव्यवस्था के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार उद्योगों के साथ मिलकर राज्य के समग्र विकास की दिशा में कार्य कर रही है, जिसके सकारात्मक परिणाम स्पष्ट रूप से सामने आ रहे हैं। मंत्री ने बताया कि पद संभालने के बाद उन्होंने जालंधर, अमृतसर, मोहाली, बठिंडा और लुधियाना में रोडशो आयोजित कर उद्योगों की आवश्यकताओं और संभावनाओं का विस्तृत अध्ययन किया, ताकि ठोस कदम योजनाबद्ध तरीके से लागू किए जा सकें।

बैठक के दौरान इंफ्रास्ट्रक्चर उन्नयन, सब्सिडी, जीएसटी, ग्रीन एनर्जी, राइट टू बिज़नेस एक्ट सहित कई अन्य विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

इस अवसर पर अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर अरविंद गुप्ता, उद्योग विभाग के जी.एम. मनिंदर सिंह, पीएसपीसीएल और पंजाब प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

# डीईओ ने किया नवाचारी भाषायी खेल पिटारे का विमोचन

खेल-आधारित शिक्षा से बच्चों की भाषा सीखने की प्रक्रिया होगी और प्रभावी

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**कैथल, 22 नवंबर।** जिला शिक्षा अधिकारी कैथल सुरेश कुमार ने अपने कार्यालय में आरोही स्कूल ग्योंग के हिंदी प्राध्यापक डॉ. विजय चावला द्वारा तैयार किए गए नवाचारी भाषायी खेल गतिविधियों के पिटारे का विधिवत विमोचन किया। यह खेल पिटारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 और राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा 2023 के दिशा-निर्देशों के अनुरूप तैयार किया गया है, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों में खेल-खेल में भाषायी दक्षताओं का स्वाभाविक विकास करना है। डॉ. विजय चावला ने बताया कि नई शिक्षा नीति में खेल-आधारित, अनुभव-आधारित और गतिविधि-आधारित शिक्षण को शिक्षा का मुख्य आधार माना गया है। खेल-खेल में भाषा सीखने से विद्यार्थी पढ़ाई को बोझ नहीं बल्कि आनंद के रूप में महसूस करते हैं। भाषा, गणित, पर्यावरण और जीवन कौशल जैसे विषय वास्तविक अनुभवों से जुड़ते हैं और विद्यार्थियों में कल्पनाशक्ति, रचनात्मकता व समस्या-समाधान क्षमता बढ़ती है। उन्होंने बताया कि भाषायी खेल पिटारे में शतरंज भूलभुलैया, शब्द पिटारा, बूझो तो जाने, वर्ण पहेली, बिंगो, साँप-सीढ़ी, कार्ड गेम, पासा गेम, शब्द सीढ़ी, परिवार से मिलाओ और टिक-टैक-टो जैसे रोचक खेल शामिल हैं। इन सभी खेलों का उद्देश्य शब्दावली, वाक्य संरचना, संवाद कौशल, समूह कार्य, निर्णय क्षमता और अनुशासन को सहज रूप से विकसित करना है। जिला शिक्षा अधिकारी सुरेश कुमार ने विभिन्न खेलों का प्रत्यक्ष अवलोकन किया और डॉ. चावला द्वारा तैयार किए गए साँप-सीढ़ी भाषायी खेल, शतरंज भूलभुलैया, बिंगो तथा शब्द पिटारा को विशेष रूप से सराहा। उन्होंने कहा कि ऐसे नवाचारी प्रयास कक्षा-कक्ष में सीखने के माहौल को रोचक बनाते हैं और विद्यार्थियों को सक्रिय सहभागिता के लिए प्रेरित करते हैं। उन्होंने डॉ. विजय चावला द्वारा भाषा शिक्षण के क्षेत्र में किए जा रहे रचनात्मक व नवाचारी कार्यों की भूरि-भूरि प्रशंसा की। इस अवसर पर अधीक्षक सुरेश कुमार, प्रवीण थरेजा, पुरुषोत्तम कौशिक और मारुति शर्मा सहित अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

## न्यूज़ ब्रीफ

### हरिनाम में समस्त संकटों का निराकरण छिपा है: रुकमणि दास



**करनाल (अप्रस/शैलेन्द्र जैन)।** कृष्ण भक्ति और भगवान कृष्ण हरिनाम संकीर्तन के क्षेत्र में पिछले पंद्रह सालों से समर्पित श्री मदभागवत कथा वाचिका सुश्री डा. रुकमणि दास जी ने कहा है कि कलयुग में हरिनाम संकीर्तन ही भगवान के लोक में जाने का रास्ता हैं। इस युग में भगवान की भक्तिका माध्यम भी सकीर्तन ही हैं। उन्होंने कहा कि भगवान कृघ ने पांच हजार साल से पहले जो रास्ता श्री मदभगवत गीता के रूप में दिखाया था उसी में समूची मानवता के समक्ष चुनौतियों का रास्ता छिपा हुआ हैं। उन्होंने कहा कि धर्म नफरत नहीं प्रेम का संदेश देता हैं। वह आज सैक्टर सात के श्री गंगा मौर्या एन्क्लेव में प्रवचन कर रही थीं। उन्होंने भगवान कृष्ण के जन्म के प्रंसग का वड़े ही मनौहारी सजीब और सरल भाषा में चित्रण किया। यहां पर कथा के मुख्य यजमान रामकिशन गोयल तथा उनके परिजन हैं। इस अवसर पर वरिष्ठ नागरिक मंच के पूर्व प्रधान ओपी गर्ग समाजसेवी विनोद अग्रवाल , वंदना गोयल,डा. विजय सिंगला नितिन गोयल , राजरानी गोयल, सुनीता अग्रवाल रानी गर्ग,मुस्कान गोयल प्रमुख रूप से मौजूद थे। उनके चित्रण से समूचा पांडाल मथुरा और वृदांवन बनता दिखाई दिया। उन्होंने कहा कि भगवान के लिए भाव सबसे अधिक महत्वपूर्ण हैं। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में सहायक प्राध्यापिका रह चुकी सुश्री रुकमणि ने कामर्स में पीएडी करने के साथ वैदिक ज्योतिष में विशेषज्ञता प्राप्त की हैं। उनकी वैदिक शिक्षा इस्कोन से हुई हैं। वह कैथल के आरकेएसडी कालेज में सहायक प्राध्यापक रहीं पंद्रह साल की उम्र से उन्होने खुद को भगवान की भक्ति में खुद को समर्पित कर दिया। वह देश के विभिन्न हिस्सों के साथ विदेश में भगवान की भक्ति को समर्पित श्री मदभगवत कथा वाचिका के रूप में अपने भजनों और मधुर वांणी से लोगों में भक्ति भाव जगाती हैं। उन्होंने कहा कि एक बार भगवान के चरणों में खुद को समर्पित करके देख लो अपने आप ही भला होने लगेगा। उनकी कथा सुनने के लिए कैथल, पंचकुला पानीपत सहित दूर दराज क्षेत्रों से श्रद्धालु आ रहे हैं।

### राजकीय महाविद्यालय सफीदों में मनाया एनसीसी दिवस

**सफीदों (अप्रस/दीवान)।** राजकीय महाविद्यालय सफीदों में प्राचार्या डॉ. सविता पूनिया की अध्यक्षता में एनसीसी दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे कैप्टेन योगेश ने विज्ञान संकाय के वनस्पति विभाग के छात्रों को लगातार दो वर्षों तक जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में तृतीय और द्वितीय स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रोशन करने पर बधाई दी। उन्होंने छात्रों का उत्साह बढ़ाते हुए इस वर्ष प्रथम स्थान हासिल करने की शुभकामनाएँ दीं और विभाग की लेक्चरर श्रीमती ज्योति कंवल को भी उनकी उत्कृष्ट मार्गदर्शन के लिए सराहा। कैप्टेन योगेश ने बच्चों की मेहनत की प्रशंसा करते हुए उन्हें धनराशि देने की घोषणा की। उन्होंने विद्यार्थियों को अपनी समस्याएँ बेझिझक बताने के लिए प्रोत्साहित किया और आश्वासन दिया कि वे हर संभव सहयोग के लिए तैयार हैं तथा देशहित के लिए सदैव तत्पर रहेंगे।

### अग्रवाल वैश्य समाज का 17वां स्थापना दिवस होगा यादगार



**कैथल (अप्रस/ओम प्रकाश)।** अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा इस वर्ष अपना 17वां स्थापना दिवस समारोह भव्य रूप से मनाने जा रहा है। इसी कड़ी में आज अग्रवाल वैश्य समाज, कैथल की जिला कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष डॉ. वरुण जैन ने की। बैठक में आगामी 30 नवम्बर को होने वाले प्रदेश स्तरीय स्थापना दिवस समारोह की तैयारियों, कार्यक्रम की रूपरेखा, जिम्मेदारियों के वितरण तथा आयोजन को भव्य बनाने के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई। इस अवसर पर समाज के प्रदेश वरिष्ठ उपप्रधान विनोद सिंगला विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने कार्यक्रम को सफल, अनुशासित और प्रभावशाली बनाने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव साझा किए और कैथल इकाई के उत्साह की सराहना की। डॉ. वरुण जैन ने कहा कि स्थापना दिवस केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि समाज की एकता, संस्कृति और संगठनात्मक शक्ति का प्रतीक है। प्रदेश अध्यक्ष अशोक बुवानीवाल की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन होगा। इस आयोजन में हरियाणा के विभिन्न ज़िलों से प्रदेश, जिला व ब्लॉक स्तरीय पदाधिकारीगण भाग लेंगे। इस वर्ष के स्थापना दिवस में मुख्य, महिला एवं युवा तीनों इकाइयों के उत्कृष्ट कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर जिला महासचिव मोहित खुरानिया, जिला उपाध्यक्ष मुकेश सिंगला, जिला कोषाध्यक्ष परीक्षित गर्ग, महिला जिलाध्यक्ष अक्षरा गुप्ता, युवा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य वेद प्रकाश गर्ग, कैथल विधानसभा अध्यक्ष रजत सिंगला, चीका विधानसभा अध्यक्ष राजीव गुप्ता, पुंडरी विधानसभा अध्यक्ष प्रदीप गोयल, मुख्य सलाहकार प्रोफेसर अनिल जिंदल, ऋषिपाल गोयल, गोपाल गर्ग, जिला कार्यकारिणी सदस्य दीपक गुप्ता, मुनीश बंसल, विनीत गर्ग सहित समाज के अन्य गणमान्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# एसएमओ की सीधी भर्ती के विरुद्ध हड़ताल पर जाएंगे डॉक्टर

स्वास्थ्य मंत्री रहते अनिल विज ने कर दी थी सीधी भर्ती बंद

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 22 नवंबर।** हरियाणा सरकार द्वारा सीनियर मेडिकल ऑफिसर (एसएमओ) की सीधी भर्ती प्रक्रिया दोबारा चालू करने के विरोध में हरियाणा सिविल मेडिकल एसोसिएशन ने संघर्ष का ऐलान कर दिया है। प्रदेश के सरकारी डॉक्टर 25 नवंबर को पूरे राज्य में दो घंटे की कलमबंद हड़ताल करेंगे। इसी दिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी हरियाणा के कुरुक्षेत्र में दो कार्यक्रमों में भागीदारी करने पहुंच रहे हैं।

हरियाणा सिविल मेडिकल एसोसिएशन के प्रधान डॉ.राजेश ख्यालिया के नेतृत्व में सरकारी डॉक्टरों का प्रतिनिधिमंडल स्वास्थ्य विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल और स्वास्थ्य सेवाओं के महानिदेशक से मुलाकात कर चुका है। डॉक्टरों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांग पर गौर नहीं किया गया तो आंदोलन को लंबा चलाने पर विचार किया जाएगा। साथ ही स्वास्थ्य महानिदेशक के पंचकूला कार्यालय के बाहर धरना चालू कर दिया जाएगा।

एसोसिएशन के प्रधान डॉ.राजेश ख्यालिया ने कहा कि जिन मांगों पर सरकार की ओर से सहमति बन चुकी है, उनके आदेश और अधिसूचना जारी नहीं करने के पीछे मंशा उचित नहीं लगती। एसीपी में वृद्धि का सैद्धांतिक फैसला हो जाने के बाद भी इसका नोटिफिकेशन अभी तक जारी नहीं किया गया है। एसएमओ का पद डाक्टरों की प्रमोशन से भरना चाहिये। स्वास्थ्य विभाग में पहले से काम करने वाले मेडिकल अफसर (एमओ) को इस फैसले से प्रतिकूल प्रभाव झेलना पड़ता है। काफी डाक्टर तो एमओ भर्ती होकर एमओ ही रिटायर हो जाते हैं। इसके अलावा बाकी प्रदेशों की तर्ज पर हरियाणा में सेवानिवृत्ति की आयु को बढ़ाने पर सरकार को गंभीरता से विचार करना चाहिये।

# एमडीएन ग्लोबल स्कूल के छात्रों ने प्रतिस्पर्धात्मक प्रवेश परीक्षाओं में दिखाई प्रतिभा

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

**कैथल, 22 नवंबर।** एमडीएन ग्लोबल स्कूल के विद्यार्थियों ने एक बार फिर अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा से विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय की छात्रा सुजाता ने कर्नाटक राज्य के राजकीय मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस सरकारी सीट में स्थान प्राप्त कर स्कूल और शहर का मान बढ़ाया है। वहीं विद्यालय के एक अन्य होनहार छात्र केशव ने अमृतसर स्थित खालसा कॉलेज ऑफ वेटरनरी एंड एनिमल साइंस में अत्यंत प्रतिष्ठित कोर्स बैचलर ऑफ वेटरनरी साइंसेज एंड एनिमल हसबैंडरी में प्रवेश प्राप्त कर बड़ी उपलब्धि हासिल की है। इन दोनों उपलब्धियों पर विद्यालय के निदेशक डॉ. विनोद कुमार और चेयरपर्सन निधि कंसल ने छात्रों तथा उनके गौरवान्वित अभिभावकों को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि सुजाता और केशव की सफलता यह दर्शाती है कि एमडीएन ग्लोबल स्कूल न केवल उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान करता है, बल्कि विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, अनुशासन और प्रतिस्पर्धा के लिए आवश्यक मानसिक दृढ़ता भी विकसित करता है। विद्यालय के प्रबंधक गौरव गर्ग और प्रधानाचार्य डॉ. संत कौशिक ने बताया कि दोनों छात्रों ने कठिन परिश्रम, निरंतर अभ्यास और अपने लक्ष्य के प्रति अटूट निष्ठा के साथ यह मुकाम हासिल किया है। विद्यालय प्रशासन ने बताया कि एमडीएन ग्लोबल स्कूल में विद्यार्थियों को उन्नत शैक्षिक संसाधन, प्रतिस्पर्धा योग्य वातावरण, अनुभवी शिक्षकों का मार्गदर्शन, कैरियर परामर्श तथा आधुनिक शिक्षण सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। एमडीएन ग्लोबल स्कूल परिवार ने दोनों विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

# सम्राट ने मिश्र में चमकाया करनाल का नाम

## मिश्र में हुई आईएसएसएफ वर्ल्ड चैंपियनशिप इजिप्ट शूटिंग गेम्स में जीते दो गोल्ड और एक सिल्वर मेडल

प्राचार्य प्रोफेसर डॉ रामपाल सैनी ने सम्राट राणा को कॉलेज की ओर से 51 हजार रुपए राशि का चेक देकर किया सम्मानित

अर्थ प्रकाश/शैलेन्द्र जैन



**करनाल, 22 नवंबर।** डीएवी पीजी कॉलेज के विद्यार्थी सम्राट राणा ने मिश्र में आयोजित आईएसएसएफ वर्ल्ड चैंपियनशिप इजिप्ट शूटिंग गेम्स में 2 गोल्ड मेडल और 1 सिल्वर मेडल जीतकर कॉलेज, जिले और भारत का नाम रोशन किया है। यह प्रतियोगिता 6 नवंबर से 18 नवंबर तक इजिप्ट में आयोजित की गई थी। जिसमें स्टिक निशाना लगाते हुए सम्राट राणा ने दुनिया भर के निशानेबाजों को अपनी क्षमता दिखाते हुए गोल्ड और सिल्वर मेडल जीतकर अपने मां-बाप का भी नाम रोशन किया है। सम्राट वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स और नेशनल सीनियर में भी गोल्ड मेडल जीत चुके हैं। कॉलेज में पहुंचने पर सम्राट राणा का स्वागत चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय जींद के कुलपति एवं कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ रामपाल सैनी ने मिठाई खिलाकर किया और बधाई देते हुए कॉलेज की ओर से 51000 हजार रुपए राशि का चेक भेंट किया। प्राचार्य प्रोफेसर डॉ रामपाल सैनी ने बताया कि विद्यार्थी सम्राट राणा ने वैश्विक स्तर पर कॉलेज का नाम रोशन किया है, उसके आगमन पर कॉलेज प्रागंण में खुशी का माहौल है। सभी प्राध्यापक और छात्र उन्हें बधाई दे रहे हैं।

प्राचार्य ने कहा कि विद्यार्थियों को सम्राट से प्रेरणा लेकर खेलों की ओर रुख करना चाहिए। खेल बेहतरीन स्वास्थ्य के साथ - साथ, मान -सम्मान और वैश्विक पहचान दिलाते हैं। आज समाज में नशे जैसी बुराइयों का अंत करने के लिए विद्यार्थियों को खेलों में बढ़ चढ?र भाग लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि खिलाड़ी देश की शान है, जो देश के सम्मान को बढ़ा रहे हैं। आज खेलों में भारत सिरमौर है,पुरे विश्व में खेलों में भारत का ढंका बज रहा है। प्राचार्य ने बताया कि वैसे तो कॉलेज की ओर से सभी खिलाड़ीयों को सभी सुविधाएं प्राप्त है, लेकिन फिर भी उनके लिए कॉलेज जो भी सुविधा मुहैया करवा सकता है। वह सभी सुविधाएं उनको दी जाएंगी, ताकि आगे भी वह इसी प्रकार देश, कॉलेज, समाज और अपने मां-बाप का नाम रोशन करते रहें। प्राचार्य ने शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ जितेंद्र चौहान को भी बधाई देते हुए उनकी प्रशंसा की। ओर कहा कि उनके मार्गदर्शन और प्रेरणा से डीएवी कॉलेज के अनेकों विद्यार्थी आए दिन किसी न किसी खेल में गोल्ड मेडल जीतकर कॉलेज का नाम रोशन कर रहे हैं। यह हम सबके लिए गौरवान्वित करने वाला क्षण है। इस मौके पर सभी स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

# गुरु तेग बहादुर ने मानवता और धर्म की रक्षा के लिए दिया सर्वोच्च बलिदान: अमरजीत छाबड़ा

## हिंद की चादर श्री गुरु तेग बहादुर जी की पवित्र यात्रा का अमरजीत छाबड़ा ने किया भव्य स्वागत

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश



**कैथल, 22 नवंबर।** हिंद की चादर धन-धन श्री गुरु तेग बहादुर जी की पवित्र यात्रा शनिवार को कैथल पहुंची, जहां पूरे क्षेत्र में श्रद्धा, भक्ति और उत्साह का अद्भुत माहौल देखने को मिला। हरियाणा राइस मिलर एंड डीलर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष अमरजीत छाबड़ा ने साथियों सहित इस पवित्र यात्रा का भव्य स्वागत करने और सेवा का सौभाग्य प्राप्त होने पर स्वयं को धन्य बताया। अमरजीत छाबड़ा ने गुरु साहिब के चरणों में अरदास कर देश और प्रदेश में सुख-शांति, समृद्धि, खुशहाली तथा आपसी सद्भाव की कामना की। उन्होंने कहा कि गुरु साहिबान की शिक्षाएं सदैव समाज को सत्य, साहस, त्याग और मानवता की रक्षा के मार्ग पर अग्रसर करती हैं। अमरजीत छाबड़ा ने कहा कि श्री गुरु तेग बहादुर जी ने मानवता और धर्म की रक्षा के लिए जो सर्वोच्च बलिदान दिया, वह विश्व इतिहास में अद्वितीय है। उन्होंने धर्म को बचाने के लिए अपने सिर की बाजी लगाई और हिंद की चादर के रूप में सम्पूर्ण मानवता को प्रेरित किया। अमरजीत छाबड़ा ने कहा कि गुरु साहिब की शिक्षाएं केवल धार्मिक ही नहीं, बल्कि सामाजिक और राष्ट्रीय स्तर पर भी मार्गदर्शन देने वाली हैं। उनके संदेश हमें राष्ट्रहित, मानव सेवा और सत्य के पथ पर चलने के लिए प्रेरित करते हैं। उन्होंने कैथल के नागरिकों, सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं और राइस मिलर एसोसिएशन के सदस्यों का धन्यवाद करते हुए कहा कि सभी ने जिस भाईचारे और उत्साह से सेवा में भाग लिया, वह समाज के लिए मिसाल है। प्रदेशाध्यक्ष अमरजीत छाबड़ा ने गुरु साहिब के चरणों में विशेष अरदास की गई, जिसमें देश की समृद्धि, सामाजिक सद्भावना, किसानों की खुशहाली, व्यापारियों की उन्नति और प्रदेश में शांति-सुरक्षा की प्रार्थना की गई। सेवा और श्रद्धा का अनुपम संगम के साथ लंगर सेवा में अमरजीत छाबड़ा ने साथियों के साथ बढ़-चढ़कर सेवा की।


**सार्वजनिक सूचना**

मैं, बबीता रानी पत्नी जितेंद्र कुमार संपत्ति के संबंध में मालिक हूं। Property i.e., Part of bearing Khewat No. 1086 (New Khewat no. 1122, 1123), Khatoni No. 1276 (New Khatoni no.1310, 1311), Khasra no. 90//12/2/1 (1-4)- 13/2/1 (1-1) –17/2/1 (1-0), 17/2/3 (1-6)- 18/1/2 (4-10), Kite 5, Rakba 9K-1M, measuring 0K-6.3M (193 Sq. Yards) Situated at Bhiwani Lohar, Tehsil and district Bhiwani. मैंने भिवानी में कहीं भी बिक्री विलेख संख्या 8855 दिनांक 09.07.2017 खो दिया है। भिवानी में एक डीडीआर भी पंजीकृत है। मैं यह भी घोषणा करती हूं कि मैंने उक्त संपत्ति पर किसी भी प्रकार का ऋण, सीसी सीमा या ओडी सीमा नहीं ली है। यदि किसी को इस संपत्ति में कोई समस्या मिलती है, तो कृपया इस प्रकाशन के 7 दिन के भीतर एडवोकेट भूपेंद्र कुमार, फोन नंबर 8295949981 # 1591, सेक्टर 16-17, हिसार से संपर्क करें।

**न्यायालय तहसीलदार कम सब रजिस्ट्रार जीन्द।**

कान्ता पत्नी स्व. रमेश पुत्र हरिकिशन निवासी राम नगर रोहतक रोड जीन्द तह. व जिला जीन्द। बनाम जनरल पब्लिक

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि स्व. रमेश पुत्र हरिकिशन व आजाद एक दस्तावेज जिसमें बरूए वसीका बयनामा नम्बर 6582 दिनांक 11.11.2014 दफतर सब रजिस्टरार साहब जीन्द स्थानान्तरण/ वसीयत पत्र- पंजीकृत इस कार्यालय में पेश किया है जिसके स्पष्ट रूप से बताया गया है कि प्रार्थी का पति रमेश का स्वर्गवास 07/04/2021 को हो चुका है जो कि वसीका नम्बर इनकी मृत्यु पश्चात निम्नलिखित वारसान है:- 1. कान्ता पत्नी 2. प्रमोद पुत्र 3. राहूल पुत्र, 4. वन्दना देवी पुत्री, 5. सिल्की पुत्री। इसके अलावा उक्त मृतक का दीगर वारिसान कोई नहीं है जिसके संबंध में प्रार्थी ने अपना शपथ पत्र भी प्रस्तुत कर दिया है इसलिए हर आम व खास को इस नोटिस/इश्तहार के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक के बताए गए वारसान/उतराधिकारी के बाबत कोई शक या एतराज हो तो वह स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 30 दिनों के अन्दर-2 इस कार्यालय के कार्यदिवास पर एतराज प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा उपरोक्त तथ्यो के आधार पर पंजीकरण कर दिया जावेगा। यह नोटिस बाबत इश्तहार दिनांक 21/11/25 को मेरे हस्ताक्षर की मोहर द्वारा जारी किया जाए।

**तहसीलदार कम सब रजिस्ट्रार जीन्द।**

**सार्वजनिक सूचना**

नीति के अनुसार, सभी को सूचित किया जाता है कि हम फरवरी 2017 से फरवरी 2022 तक के अपने पुराने रिकॉर्ड (ओ पी डी/ आई पी डी, आपातकालीन) को हटा रहे हैं। इस सूचना के प्रकाशन के एक माह पूरा होने तक इस अवधि से संबंधित अपने रिकॉर्ड में रुचि रखने वाला कोई भी व्यक्ति इसके लिए आवेदन कर सकता है।

**मनदीप सिंह, प्रबंधक**
**हेल्थमैप डायग्नोस्टिक्स**
**प्राइवेट लिमिटेड**
**सिविल अस्पताल, यमुनानगर**

**सार्वजनिक सूचना**

**श्री नवीन, डेनिक्स, सहायक संपदा अधिकारी, यू.टी., चंडीगढ़ के समक्ष।**

विषय: स्व. उधम कौर की पंजीकृत वसीयत के आधार पर 100.00% हिस्से के विस्तार तक रिहायशी स्थल सं. 3094, सेक्टर 22-डी, चंडीगढ़ (आरपी 2796) के संबंध में स्वामित्व का हस्तांतरण।

आम जनता एवं सभी संबंधित की जानकारी हेतु एतदद्वारा अधिसूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के रिकार्ड के अनुसार, श्रीमती उधम कौर 100.00% हिस्से के विस्तार तक रिहायशी स्थल सं. 3094, सेक्टर 22-डी, चंडीगढ़ की स्वामिनी है।

सुनील, जसविंदर पाल, राजिंदर पाल, सुखविंदर पाल, सतपाल माही द्वारा सूचित किया गया है कि श्रीमती उधम कौर की 16.01.2024 को मृत्यु हो गई है तथा उन्होंने मृतक स्वामिनी के निम्नलिखित कानूनी उत्तराधिकारियों को भी सूचित किया है:- (1) राजिंदर पाल-पुत्र, (2) सुखविंदर पाल-पुत्र, (3) रश पाल कौर-पुत्री, (4) सुनील-पुत्र, (5) हरबंस लाल-पति (मृतक), (6) जसविंदर पाल-पुत्र, (7) सतपाल माही-पुत्र।

अब, सुनील, जसविंदर पाल, राजिंदर पाल, सुखविंदर पाल, सतपाल माही ने पंजीकृत वसीयत दिनांक 21.03.2011 के आधार पर अपने पक्ष में स्व. उधम कौर द्वारा आयोजित 100.00% हिस्से के विस्तार तक रिहायशी स्थल सं. 3094, सेक्टर 22-डी, चंडीगढ़ के संबंध में स्वामित्व के हस्तांतरण हेतु आवेदन किया है। यदि किसी व्यक्ति को मृतक के उक्त वर्णित के अलावा किसी अन्य कानूनी उत्तराधिकारी के बारे में कोई जानकारी हो तो वह तत्काल संपदा अधिकारी, यूटी., चंडीगढ़ को सूचित करें।

यदि किसी व्यक्ति को उक्त नामत: आवेदकों के पक्ष में कथित संपत्ति में कथित हिस्से के हस्तांतरण के विरूद्ध कोई आपत्ति है, तो वह इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में (मजीस्ट्रेट/नोटरी द्वारा पूर्ववत सत्यापित शपथपत्र के साथ समर्थित) लिखित में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता/सकती/सकते हैं, जिसमें असफल होने पर कथित संपत्ति में कथित हिस्सा उक्त नामत: लाभार्थियों के नामों में उक्त अनुसार हस्तांतरित कर दिया जाएगा एवं बाद में कोई दावा विचारणीय नही होगा।

**नवीन, डेनिक्स, सहायक संपदा अधिकारी, संपदा अधिकारी, यू.टी.., चंडीगढ़ की शक्तियों का निर्वहन करते हुए**

**सार्वजनिक सूचना**

**श्री नवीन, डेनिक्स,सहायक संपदा अधिकारी, यूटी., चंडीगढ़ के समक्ष।**

विषय:- स्व. मोहिंदर प्रताप सिंह की बिना वसीयत मृत्यु के आधार पर 100.00 प्रतिशत हिस्से के विस्तार तक रिहायशी स्थल सं. 3336, सेक्टर 27-डी, चंडीगढ़ (आरपी 11196) के संबंध में स्वामित्व का हस्तांतरण।

आम जनता एवं सभी संबंधित की जानकारी हेतु एतदद्वारा अधिसूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के रिकार्ड के अनुसार, श्री मोहिंदर प्रताप सिंह 100.00 प्रतिशत हिस्से के विस्तार तक रिहायशी स्थल सं. 3336, सेक्टर 27-डी, चंडीगढ़ के स्वामी/लीजी हैं।

जगविंदर प्रताप सिंह, इंद्र प्रताप सिंह, अमरप्रीत कौर, अमरजीत कौर द्वारा सूचित किया गया है किश्री मोहिंदर प्रताप सिंह की 03.07.2024 को मृत्यु हो गई है तथा उसने मृतक स्वामी/लीजी के निम्नलिखित कानूनी उत्तराधिकारियों को भी सूचित किया है:-

| क्र.सं. | कानूनी उत्तराधिकारी का नाम | मृतक के साथ संबंध |
|---|---|---|
| 1 | जगविंदर प्रताप सिंह | पुत्र |
| 2 | अमरप्रीत कौर | पुत्री |
| 3 | इंद्र प्रताप सिंह | पुत्र |
| 4 | अमरजीत कौर | पत्नी |

अब, जगविंदर प्रताप सिंह, इंद्र प्रताप सिंह, अमरप्रीत कौर, अमरजीत कौर ने बिना वसीयत मृत्यु के आधार पर अपने पक्ष में स्व. मोहिंदर प्रताप सिंह द्वारा आयोजित 100.00 प्रतिशत हिस्से के विस्तार तक रिहायशी स्थल सं. 3336, सेक्टर 27-डी, चंडीगढ़ के संबंध में स्वामित्व के हस्तांतरण हेतु आवेदन किया है। यदि किसी व्यक्ति को मृतक के उक्त वर्णित के अलावा किसी अन्य कानूनी उत्तराधिकारी के बारे में कोई जानकारी हो तो वह तत्काल संपदा अधिकारी, यूटी., चंडीगढ़ को सूचित करें।

यदि किसी व्यक्ति को उक्त नामत: आवेदकों के पक्ष में कथित संपत्ति में कथित हिस्से के हस्तांतरण के विरूद्ध कोई आपत्ति है, तो वह इस सूचना के प्रकाशन के 30 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में (मजीस्ट्रेट/नोटरी द्वारा पूर्ववत सत्यापित शपथपत्र के साथ समर्थित) लिखित में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता/सकती/सकते हैं, जिसमें असफल होने पर कथित संपत्ति में कथित हिस्सा उक्त नामत: लाभार्थियों के नामों मेंउक्त अनुसार हस्तांतरित कर दिया जाएगा एवं बाद में कोई दावा विचारणीय नही होगा।

**नवीन, डेनिक्स, सहायक संपदा अधिकारी, संपदा अधिकारी, यूटी., चंडीगढ़ की शक्तियों का निर्वहन करते हुए।**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत हगोंला में पंचायती भूमि में खड़े सरकाण्डा की बोली दिनांक:- 27-11-2025 को सुबह 11 बजे ब्राह्मण चौपाल में की जाएगी बोली की शर्ते मौके पर सुनाई जाएगी। सिक्योरिटी की राशि बोली दाता द्वारा मौके पर बतौर राशि 2000/- रुपये जमा करानी होगी।

सरपंच ग्राम पंचायत
हगोंला
मो0- 97296-44096

**PUBLIC NOTICE**

Family Planning Association of India, Panchkula Branch invites application for the post of Outreach Worker under TI Project for MSM at Maulijagran Chandigarh - Minimum qualification: 10th pass (With good communication skills and HIV awareness Knowledge) Salary: 10500+1500 Travel Allowance Priority to community Eligible candidates can send their resumes via e-mail [illegible]@gmail.com contact No. 7814485168.

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की कुलवन्त राय सचदेवा पुत्र श्री हंस राज सचदेवा जो की मालिक थे मकान न०-1698, सैक्टर-7 अर्बन एस्टेट, करनाल द्वारा एच॰एस॰वी॰पी करनाल के माध्यम से, जो की उपरोक्त मालिक की मृत्यु दिनांक- 01/11/2017 को हो चुकी है। अब श्री गुलाब सचदेवा पुत्र श्री कुलवन्त राय ने री-अलॉटमेंट लेटर के लिए इस कार्यालय मे बतौर वारसन के माध्यम से अप्लाई किया है व उनके बाकी सभी वारसन ने नो अब्जेक्शन सर्टिफिकेट दिया है उपरोक्त मकान को ट्रांसफर करने बारे।

किसी भी आम जन को प्रार्थी का नाम तबदील करने हेतु किसी प्रकार की आपत्ति हो तो इस कार्यालय मे नोटिस पब्लिकेशन की तिथि से 30 दिनो के अंदर अपनी आपत्ति / एतराज दर्ज करवा सकते है। अन्यथा समयावधि पश्चात माना जाएगा कि उपरोक्त तबदील बारे किसी को कोई आपत्ति नही है। और आवेदक का नाम दर्ज / तबदील कर दिया जाएगा। समयावधि पश्चात कोई भी क्लेम मान्य नहीं होगा।

श्री गुलाब सचदेवा वारसन
द्वारा इस्टेट ऑफिसर, एच॰एस॰वी॰पी॰, करनाल

**सार्वजनिक सूचना**

विषय: आवंटी सुरेन्द्र शर्मा पुत्र पी. एन शर्मा की निर्वसीयत हुई मृत्यु के परिणामस्वरूप निर्मित संपत्ति / प्लॉट नं. 1213, सेक्टर-17, अर्बन एस्टेट, जगाधरी के संबंध में स्वामित्व का हस्तांतरण। श्री सुरेन्द्र शर्मा पुत्र पी. एन शर्मा, जो रिकॉर्ड के अनुसार उक्त संपत्ति के आवंटी थे, की 21.01.2022 को मृत्यु हो गई है और उनकी कोई पंजीकृत व अपंजीकृत वसीयत नहीं है और अपने पीछे निम्न कानूनी वारिस छोड़ गये हैं- रानी शर्मा-पत्नी, शीतल शर्मा-पुत्री, अमित शर्मा-पुत्र। रानी शर्मा पत्नी स्व. सुरेन्द्र शर्मा निवासी 1213, हुडा, सैक्टर 17, जगाधरी ने कानूनी वारिस होने के नाते उक्त संपत्ति को अपने पक्ष में हस्तांतरित करने के लिए आवेदन करना चाहते हैं और रानी शर्मा के नाम पर पुनः आवंटन का अनुरोध करते हैं। यदि किसी व्यक्ति को उपरोक्त प्लॉट / मकान के हस्तांतरण पर आपत्ति हो तो वह इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 30 दिनों के भीतर सहायक दस्तावेजों के साथ संपदा अधिकारी, एचएसवीपी, जगाधरी को लिखित रूप में आपत्तियां प्रस्तुत कर सकता है, अन्यथा संपदा अधिकारी एचएसवीपी पॉलिसी के अनुसार उक्त संपत्ति के हस्तांतरण / पुनः आवंटन की अनुमति दे सकता है। और बाद में किसी भी दावे पर विचार नहीं किया जा सकता है।

रानी शर्मा,
कानूनी वारिस, संपदा अधिकारी की ओर से

**निविदा सूचना**

[illegible] 27.11.2025, 28.11.2025 [illegible] 29.11.2025 [illegible]

| क्रम | [illegible] | दिनांक | वस्तुओं का विवरण | [illegible] | सुरक्षा राशि (EMD) |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | [illegible] | 27.11.2025 | [illegible] | 450 | 10000/- |
| 02 | [illegible] | 28.11.2025 | [illegible] | 350 | [illegible] |
| 03 | [illegible] | 29.11.2025 | [illegible] | 200 | [illegible] |

[illegible]

(जिला बाल कल्याण अधिकारी)

## पंजाब यूनिवर्सिटी में अंतरराष्ट्रीय फार्माकोलॉजी सम्मेलन का भव्य समापन

# नवाचार, नैनो तकनीक, दवा सुरक्षा और विकसित भारत@2047 पर केंद्रित रहा तीन दिवसीय आयोजन

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा




**चंडीगढ़, 22 नवंबर।** पंजाब विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज (यूआईपीएस) में आज भारतीय फार्माकोलॉजिकल सोसायटी का 55वाँ वार्षिक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 'आईपीएसकॉन-2025' सफलतापूर्वक समाप्त हो गया। तीन दिन तक चले इस सम्मेलन में दवा खोज से क्लिनिक तक की यात्रा, अनुवादात्मक शोध, फार्माकोविजिलेंस, हर्बल-ड्रग अंतर्क्रियाओं के खतरे, नैनो तकनीक और भारत को सक्रिय फार्मास्यूटिकल सामग्री (एपीआई) तथा मुख्य प्रारंभिक सामग्री (केएसएम) में आत्मनिर्भर बनाने पर गहन चर्चा हुई।

**अंतिम दिन की प्रमुख झलकियाँ रहीः** महाराष्ट्र राज्य चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय की एमेरिटस प्रोफेसर डॉ. निलीमा क्षीरसागर ने दो चौंकाने वाले क्लिनिकल मामले साझा किए। एक इंजीनियरिंग छात्र को आयुर्वेदिक दर्द निवारक खाने से बार-बार आंतरिक रक्तस्राव हुआ, जांच में पता चला कि दवा में 500 मिलीग्राम एसिटिलसैलिसिलिक एसिड (एस्पिरिन) छिपा था। मिर्गी के मरीज छात्र की दवा फेनाइटोइन का असर एक कथित आयुर्वेदिक स्मृति-वर्धक उत्पाद लेने से पूरी तरह कम हो गया।

डॉ. क्षीरसागर ने चेतावनी दी कि बिना डॉक्टरी सलाह के कोई भी दवा या हर्बल उत्पाद नहीं लेना चाहिए। सीएसआईआर की मुख्य वैज्ञानिक डॉ. ज्योति यादव ने युवा शोधकर्ताओं में कौशल विकास पर जोर दिया।

पीजीआईएमईआर के प्रोफेसर एमेरिटस डॉ. पी. एल. शर्मा ने कहा, 'अच्छा विज्ञान महंगे उपकरणों पर नहीं, अच्छी सोच पर निर्भर करता है।'

### प्रमुख व्याख्यान और पुरस्कार ये रहे

सीडीआरआई ओरेशन, डॉ. एस.सी. लाहिड़ी ओरेशन, डॉ. एस.बी. पांडेय ओरेशन (सेमाग्लूटाइड की सफलता गाथा पर) और डॉ. ललिता कर्देश्वरन ओरेशन (विकसित भारतश्च2047 के लिए फार्माकोलॉजी 4.0) आयोजित हुए। डॉ. शिव प्रकाश रंथम ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता-मशीन लर्निंग आधारित ड्रग डिस्कवरी प्लेटफॉर्म 'एपिक्यूल' का लाइव प्रदर्शन किया। पशु परीक्षण के नैतिक विकल्प के रूप में ज़ेब्राफिश को 21वीं सदी का सबसे उत्तम मॉडल बताया गया। लास वेगास से आए डॉ. बुद्धदेब डॉन ने कोशिका चिकित्सा (सेल थेरेपी) में 2025 की वैश्विक प्रगति पर प्रकाश डाला।

### क्विज़ और पुरस्कार

सम्मेलन में आयोजित फार्माकोलॉजी क्विज़ में विजेताओं को 12,000, 9,000 और 6,000 रुपये के नकद पुरस्कार दिए गए। युवा शोधकर्ताओं को 25 से अधिक पुरस्कार प्रदान किए गए। समापन सत्र में यूआईपीएस के चेयरपर्सन प्रो. अनिल कुमार ने सभी वक्ताओं, प्रतिनिधियों, प्रायोजकों और छात्रों को धन्यवाद देते हुए कहा, 卐यह सम्मेलन सिर्फ एक वैज्ञानिक आयोजन नहीं, बल्कि सुरक्षित, नवाचारी और आत्मनिर्भर भारत की नींव मजबूत करने का संकल्प था।' देश-विदेश से आए 1000 से अधिक शोधकर्ता, प्रोफेसर और उद्योग विशेषज्ञों की उपस्थिति में संपन्न यह सम्मेलन भारतीय फार्माकोलॉजी के इतिहास में स्वर्णिम अध्याय बन गया।

---

## न्यूज ब्रीफ

### विदेश का वीजा दिलवाने के नाम पर लाखों की ठगी के आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज

**चंडीगढ़ (अप्रस/रंजीत शम्मी)।** यूटी सेंट्रल डिविजन की थाना 17 पुलिस ने विदेश का वीजा दिलवाने के नाम पर लाखों रुपए की ठगी करने वाले आरोपी ऑनर के खिलाफ मामला दर्ज किया है।और पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता पंजाब के जिला मोहाली निवासी ललित कुमार और अन्य ने पुलिस को बताया कि उसका कुछ समय पहले सेक्टर 17 स्थित एक प्राइवेट इमीग्रेशन के कर्मी से हुआ था। उसने सभी पीड़ित को झांसे में लेते हुए कहा था कि वह उनका विदेश का वीजा दिलवा देंगे। पीड़ित और अन्य उनके झांसे में आ गया। सभी ने कुल मिलाकर 9 लाख 87 हजार रुपए दे दिए। जब कुछ दिन बीत जाने के बाद संपर्क किया तो वह टाल मटोल करते रहे। ना तो किसी का भी विदेश का वीजा दिलवाया और ना ही लिए गए लाखों रुपए वापिस किए। जिसकी शिकायत थाना 17 पुलिस को दी गई थी। पुलिस ने मामले में कारवाई करते हुए आरोपी ऑनर अनुभव के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### लाखों रुपए की साइबर ठगी करने के मामले में अज्ञात के खिलाफ किया मामला दर्ज

**चंडीगढ़ (अप्रस/रंजीत शम्मी)।** यूटी पुलिस के थाना साइबर क्राइम पुलिस ने लाखों रुपए की साइबर ठगी करने के मामले में अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है।और पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता सैक्टर 34 निवासी मंदीप सिंह ने पुलिस को बताया कि उन्हें झांसे में लेकर इन्वेस्टमेंट के नाम पर 16 लाख 54 हजार रुपए की ठगी की।जब पीड़ित को पता चला कि उसके साथ ठगी हो गई है। जिसकी शिकायत थाना साइबर क्राइम पुलिस को दी गई थी। पुलिस ने मामले में कारवाई करते हुए अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

---

## खुद से ली गई आयुर्वेदिक दवाएं बन रहीं जानलेवा

# इप्सकॉन-2025 में चौंकाने वाले खुलासे

**कोविड में गिलोय बना खतरा, कई मरीजों में लीवर टॉक्सिसिटी**

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा

**चंडीगढ़ 22 नवंबर।** पंजाब यूनिवर्सिटी में आयोजित इप्सकॉन कॉन्फ्रेंस-2025 के दौरान आयुर्वेदिक दवाओं को लेकर एक के बाद एक चौंकाने वाले खुलासे सामने आए। महाराष्ट्र स्टेट मेडिकल साइंस यूनिवर्सिटी की एमिरेटस प्रोफेसर डॉ. नीलिमा ने मंच से व पत्रकारों के साथ बातचीत के दौरान चेतावनी देते हुए कहा कि 'आयुर्वेदिक दवाएं सुरक्षित हैं'-यह धारणा हर बार सही नहीं होती। बिना डॉक्टर की सलाह इन्हें लेना कई बार घातक भी सिद्ध हो सकता है।

कोविड महामारी के दौरान 'इम्यूनिटी बूस्टर' के रूप में गिलोय का खूब प्रचार हुआ। लोग बिना सोचे-समझे इसे दवा की तरह लेने लगे। डॉ. नीलिमा ने बताया कि इस लापरवाही के गंभीर परिणाम सामने आए-



### कई मरीजों में लीवर टॉक्सिसिटी पाई गई

ऑटो-इम्यून बीमारियों से ग्रस्त लोगों के लिए गिलोय सीधा खतरा बन गया। उन्होंने कहा, 'गिलोय सबके लिए फायदेमंद नहीं है, कई लोगों में इसने शरीर को नुकसान पहुंचाया।'

### आयुर्वेदिक + एलोपैथिक दवाओं का घातक मिश्रण

सम्मेलन में एक मिर्गी के मरीज का उदाहरण भी साझा किया गया, जो एलोपैथिक दवा के साथ शंखपुष्पी (आयुर्वेदिक मेमोरी बूस्टर) ले रहा था। यह कॉम्बिनेशन ड्रग इंटरैक्शन का कारण बना और मरीज के दौरे रुकने की बजाय बढ़ गए।

### छिपे तत्वों से बढ़ा मरीजों का खतरा

एक अन्य केस में एक मरीज, जिसे आंतरिक रक्तस्राव की समस्या थी, ने एक आयुर्वेदिक दवा लेना शुरू किया जिसमें ऐसीटील सेल्सिलिक एसिड (एस्प्रिन का केमिकल नाम) पाया गया। नतीजा पेट दर्द बढ़ा और ब्लीडिंग तेज हो गई। विशेषज्ञों के अनुसार, कई आयुर्वेदिक दवाओं पर उनमें मिले तत्वों का नाम तक नहीं लिखा होता तत्वों की मात्रा भी नहीं दी होती। और यही मरीजों की जान के लिए खतरा बन सकता है।

### कई बैन दवा-कॉम्बिनेशन अब भी बाजार में!

डॉ. नीलिमा ने बताया कि सरकार और आईसीएमआर ने कई खतरनाक दवा-कॉम्बिनेशनों को बैन किया है, फिर भी कई कंपनियां मुनाफे के लिए इन्हें खुलेआम बेच रही हैं। मरीज न सिर्फ अपना पैसा खर्च कर रहे हैं, बल्कि अनजाने में अपनी सेहत को भी बड़ा खतरा पहुंचा रहे हैं।

### आईसीएमआर रिसर्चः डॉक्टर भी नहीं मान रहे फार्माकोलॉजी के नियम

आईसीएमआर द्वारा किए गए विश्लेषण में यह भी सामने आया कि कई दवाएं मरीजों को फायदा नहीं बल्कि नुकसान पहुंचा रही थीं। डॉक्टर भी अपने प्रशिक्षण के दौरान सीखे फार्माकोलॉजी के नियमों का पालन हमेशा नहीं कर रहे।

### विशेषज्ञों की अपील

सम्मेलन के अंत में विशेषज्ञों ने जनता से अपील की 'आयुर्वेदिक हो या एलोपैथिक, कोई भी दवा स्वयं न लें। सही दवा तभी है जब वह सही डॉक्टर के परामर्श से ली जाए।'

---

## बनूड़ क्षेत्र में बकरी चोर गैंग एक्टिव, तीन दिन में तीन बकरियां चोरी



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**बनूड़, 22 नवंबर।** बनूड़ क्षेत्र में किसानों के खेतों से सामान चुराने, मोबाइल फोन छीनने और लूटपाट करने के अलावा इन दिनों बकरियां चुराने वाला गैंग एक्टिव है। इस गैंग के सदस्य पिछले तीन दिनों में तीन गरीब परिवारों की तीन बकरियां चुराकर फरार हो गए। जानकारी के मुताबिक, चोरों के इस गैंग ने कल पास के गांव मोटेमाजरा में किराए के मकान में रहने वाले एक प्रवासी मजदूर की पत्नी को निशाना बनाया। जब यह प्रवासी महिला घर पर बच्चों के दूध पीने के लिए रखी बकरी को चरा रही थी, तो अचानक मोटरसाइकिल पर दो लड़के आए और सड़क के किनारे चर रही बकरी को उठाकर फरार हो गए। इसके अलावा इस गैंग के सदस्यों ने दो दिन पहले बनूड़ और एक दूसरी जगह से एक बकरी चुराई थी। इलाके के लोगों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि इलाके में चोरी की अलग-अलग घटनाओं को अंजाम देने वाले चोरों के इस गैंग को पकड़ा जाए, ताकि इलाके के लोगों को रोज़ाना होने वाले आर्थिक नुकसान से बचाया जा सके। देखा गया है कि इस गैंग के शिकार लोग अपनी चोरी की घटना के बारे में पुलिस को बताना भी सही नहीं समझते। लोगों का कहना है कि जानकारी देने के बावजूद पुलिस प्रशासन की तरफ से कोई कार्रवाई नहीं की जाती, जिसके कारण वे चुप रहना ही सही समझते है।

---

## गंगा नर्सरी के बाबा मनजीत सिंह की याचिका पर हाई कोर्ट सख्त

**कब्ज़े के विवाद में जान को खतरा; पंजाब सरकार को नोटिस, पुलिस सुरक्षा देने के आदेश**

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

**जीरकपुर, 22 नवंबर।** गंगा नर्सरी के संस्थापक और हर साल दिल्ली से श्री आनंदपुर साहिब तक निकलने वाली शिश मार्ग यात्रा के आयोजक बाबा मनजीत सिंह द्वारा दायर याचिका पर पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने शुक्रवार को पंजाब सरकार को नोटिस जारी किया है। याचिका में बाबा मनजीत सिंह ने आरोप लगाया है कि उनकी नर्सरी की जमीन पर अवैध कब्ज़ा करने की कोशिश की जा रही है और उनकी जान व आज़ादी को गंभीर खतरा पैदा हो गया है। याचिका में उनके वकील गगन परदीप सिंह बाल ने कोर्ट को बताया कि लगभग 40ङ्क50 निहंग विरोधी पक्ष के साथ मिलकर जमीन को घेरकर बैठे हैं और जबरन कब्ज़े की कोशिश कर रहे हैं। वकील ने कहा कि भले ही विवाद की शुरुआत एक सिविल मामले से हुई हो, लेकिन अब हालात ऐसे बन चुके हैं कि याचिकाकर्ता की सुरक्षा खतरे में है। याचिकाकर्ता का कहना है कि कई अज्ञात लोग भी संपत्ति पर गलत तरीके से कब्ज़ा करने की कोशिश कर रहे हैं, जिससे उनकी जान को खतरा और बढ़ गया है। इस संबंध में उन्होंने सुरक्षा देने की मांग की है। कोर्ट के निर्देश पर पंजाब के डिप्टी एडवोकेट जनरल जे.एस. अरोड़ा ने पंजाब सरकार की ओर से नोटिस स्वीकार किया। मामले की अगली सुनवाई 27 नवंबर को होगी। इस बीच हाई कोर्ट ने एसएसपी मोहाली को आदेश दिया है कि बाबा मनजीत सिंह की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। अगर उन्हें किसी भी तरह का खतरा महसूस होता है तो पुलिस तुरंत कानून अनुसार कार्रवाई करे। कोर्ट ने उन्हें आवश्यकता पड़ने पर पुलिस सुरक्षा प्रदान करने के स्पष्ट निर्देश भी दिए हैं।साथ ही, पंजाब सरकार को अगली सुनवाई से पहले स्टेटस रिपोर्ट पेश करने के लिए भी कहा गया है।

---

# चंडीगढ़ में भाजपा महिला मोर्चा का विरोध प्रदर्शन

**सीएम आवास की ओर बढ़ती नेताओं से पुलिस की धक्कामुक्की, कई हिरासत में**

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा

**चंडीगढ़, 22 दिसंबर।** पंजाब की महिलाओं को हर महीने 1100 रुपए गारंटी देने की मांग को लेकर भाजपा महिला मोर्चा ने शनिवार को चंडीगढ़ में जोरदार प्रदर्शन किया। संगठन की महिलाएँ पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के सरकारी आवास का घेराव करने निकलीं, लेकिन चंडीगढ़ पुलिस ने उन्हें लगभग 200 मीटर पहले ही बैरिकेड लगाकर रोक लिया। प्रदर्शनकारियों ने जब बैरिकेड हटाने और आगे बढ़ने की कोशिश की, तो महिलाओं और पुलिस के बीच धक्कामुक्की हुई। कई महिलाएँ बैरिकेड पर चढ़ गईं, जिसके बाद पुलिस ने उन्हें पीछे धकेलते हुए हटाया। इस दौरान भाजपा महिला मोर्चा की स्टेट प्रेसिडेंट जयइंदर कौर के साथ भी पुलिस की खींचतान



देखने को मिली।

स्थिति बिगड़ने पर पुलिस ने कुछ प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया और बस में बैठाया। यह देखते ही बाकी महिलाएँ भड़क गईं और उन्होंने पुलिस वाहन को घेर लिया, लेकिन पुलिस ने उन्हें हटाते हुए हिरासत में लिए नेताओं को लेकर चली गई।

'सरकार बताये, पिछले वर्षों का पैसा कहां गया?' – जयइंदर कौर। बातचीत में स्टेट प्रेसिडेंट जयइंदर कौर ने कहा कि आप सरकार महिलाओं को अब 2026 के बजट के बाद 1100 रुपए देने की बात कर रही है। 'जो पैसा पहले महिलाओं को मिलना था, वह कहां गया, सरकार हिसाब दे,' उन्होंने सवाल उठाया। उल्लेखनीय है कि आम आदमी पार्टी ने पंजाब चुनाव के दौरान महिलाओं को हर महीने 1100 रुपए देने का वादा किया था, लेकिन अभी तक योजना शुरू नहीं हुई। सीएम भगवंत मान पहले ही कह चुके हैं कि इसे 2026 के बजट के बाद लागू किया जाएगा।

प्रदर्शन के दौरान महिलाओं ने सीएम भगवंत मान और आप सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल की तस्वीरें भी साथ रखीं।

### आप का पलटवार- 'पहले डैडी जी से पूछें सवाल'

वहीं आप प्रवक्ता बलतेज पन्नू ने भाजपा महिला मोर्चा पर निशाना साधते हुए कहा कि जयइंदर कौर को विरोध करने से पहले अपने 卐डैडी जी कैप्टन अमरिंदर सिंह卐 से पूछना चाहिए कि 2017 में किए गए वादों का क्या हुआ। पन्नू ने कहा कि कैप्टन ने घर-घर नौकरी की शपथ ली थी, कितनों को नौकरी मिली? किसानों का कर्ज माफ करने का वादा किया था, कितने किसानों का कर्ज माफ हुआ? बेरोजगारी भत्ता कहां गया?'चार हफ्ते में नशे की कमर तोड़ने' की बात हुई थी, क्या कमर टूटी? उन्होंने यह भी कहा कि मान सरकार ने 5 साल के भीतर 1100 रुपए की गारंटी पूरी करने का वादा किया है और इसे पूरा किया जाएगा। पन्नू ने तंज कसते हुए कहा कि 卐अगर जयइंदर कौर इसमें अपना नाम या अपने पड़ोसी मुल्क की अरूसा आंटी का नाम लिखवाना चाहें, तो बता दें।'

### चंडीगढ़ में आप पार्षद का धरना, वार्ड-4 में विकास कार्य रुकने से नाराज़गी

#### भाजपा पर सौतेला व्यवहार करने का आरोप



**चंडीगढ़।** वार्ड-4 में विकास कार्य न होने से नाराज़ आम आदमी पार्टी पार्षद सुमन शर्मा ने मंगलवार को सड़क पर बैठकर जोरदार प्रदर्शन किया। उन्होंने आरोप लगाया कि नगर निगम में सत्ताधारी भाजपा सिर्फ अपने पार्षदों के वार्डों में ही काम करवा रही है, जबकि अन्य वार्डों को जानबूझकर नज़रअंदाज़ किया जा रहा है। धरने के दौरान बड़ी संख्या में महिलाएं और क्षेत्रवासी भी मौजूद रहे। प्रदर्शनकारियों ने मेयर और निगम प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। पार्षद सुमन शर्मा ने कहा कि उनके वार्ड की सड़कों की हालत बेहद ख़राब है। जगह-जगह गड्ढे होने के कारण वाहनों और पैदल चलने वालों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसके बावजूद निगम प्रशासन कोई कार्रवाई नहीं कर रहा। उन्होंने कहा, 'अगर नगर निगम सड़कें बनवाने की क्षमता नहीं रखता, तो फिर जनता से रोड टैक्स लेने का कोई हक नहीं है। जनता अपना टैक्स देती है ताकि विकास कार्य हो, न कि वार्डों में भेदभाव किया जाए।' सुमन शर्मा ने साफ कहा कि जब तक वार्ड-4 में विकास कार्य शुरू नहीं किए जाते, तब तक उनका विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा। उन्होंने चेतावनी दी कि अब जनता की आवाज़ दबाई नहीं जाएगी और वे अपने अधिकारों के लिए सड़क पर उतरने को मजबूर हैं।

---

## तिरंगा पार्क में उमड़ा जनसैलाब, 'सरदार@150 यूनिटी मार्च' के साथ राष्ट्रीय एकता दिवस धूमधाम से मनाया गया

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा



**चंडीगढ़, 22 नवंबर।** चंडीगढ़ के सेक्टर-17 स्थित तिरंगा पार्क में आज राष्ट्रीय एकता दिवस और सरदार@150 यूनिटी मार्च बड़े उत्साह और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। भारत के लौह पुरुष, सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित इस कार्यक्रम में हजारों नागरिकों-युवा, महिलाएं, छात्र, सामाजिक संगठनों और 28 राज्यों व 8 केंद्र शासित प्रदेशों का प्रतिनिधित्व करने वाले लोगों-ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विविधता में एकता का अद्भुत स्वरूप तिरंगा पार्क में देखने को मिला।

पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने यूनिटी मार्च को हरी झंडी दिखाकर कार्यक्रम की शुरुआत की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि 'चंडीगढ़ विविधता में एकता का जीवंत प्रतीक है, जहां देश के सभी हिस्सों से आए लोग आपसी सद्भाव और राष्ट्रीय गर्व के साथ रहते हैं।'

उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम, रक्षा सेवाओं, खेल और शिक्षा में पंजाब के ऐतिहासिक योगदान पर प्रकाश डाला तथा कश्मीरी हिंदुओं की रक्षा हेतु वीर बलिदान देने वाले गुरु तेग बहादुर जी को नमन किया। कटारिया ने दिल्ली स्थित गुरुद्वारा सीस गंज साहिब को साहस और त्याग का अमिट प्रतीक बताया।

राज्यपाल ने सरदार पटेल द्वारा 562 रियासतों के एकीकरण में निभाई गई निर्णायक भूमिका को याद करते हुए उन्हें राष्ट्र की एकता का शिल्पकार बताया। उन्होंने कहा कि पटेल के न्याय, साहस, अनुशासन और अखंडता के सिद्धांत आज भी देश को प्रेरित करते हैं और 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' पहल की नींव हैं।

उन्होंने विकसित भारत @ 2047 के चार स्तंभ-सांस्कृतिक एकता, भाषाई सद्भाव, समावेशी विकास तथा मजबूत कनेक्टिविटी-का उल्लेख करते हुए राष्ट्रीय एकता को देश की प्रगति का आधार बताया।

कटारिया ने नागरिकों से राष्ट्रीय एकजुटता और सांस्कृतिक सद्भाव बनाए रखने का आह्वान किया तथा देश की सीमाओं की रक्षा करने वाले सैनिकों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने चंडीगढ़ प्रशासन, स्वयंसेवकों और युवाओं द्वारा यूनिटी मार्च को सफल बनाने के लिए सराहना भी की। कार्यक्रम के अंत में 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम' के जोशीले नारों से माहौल गूंज उठा।

कार्यक्रम में एनएसएस व एनसीसी स्वयंसेवक, सरकारी कला महाविद्यालय के छात्र, मेरा भारत युवा के युवा सदस्य तथा बड़ी संख्या में शहरवासी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर सांसद सतनाम सिंह संधू, अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल सत्य पाल जैन, महापौर श्रीमती हरप्रीत कौर बबला, सचिव शिक्षा श्रीमती प्रेरणा पुरी, सचिव आतिथ्य स्वप्निल एम. नाइक, अतिरिक्त आयुक्त प्रदीप कुमार, निदेशक खेल सोरभ अरोड़ा सहित चंडीगढ़ प्रशासन के कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

---

## फंड क्रंच से नगर निगम को उबारने के लिए बेहतरीन पहल

**विभिन्न जगहों पर डिजिटल यूनीपोल लगाने की तैयारी, एमसी को मिलेगा करोड़ों का राजस्व**

अर्थ प्रकाश/वीरेंद्र सिंह

**चंडीगढ़, 22 नवंबर।** शहर में 65 जगहों पर डिजिटल स्क्रीन वाले यूनीपोल लगाने की तैयारी कर रहा है चंडीगढ़ नगर निगम। ऐसी प्रक्रिया के माध्यम से फ्रंड क्रंच का सामना कर रहे नगर निगम चंडीगढ़ अपने राजस्व को बढ़ाने का बेहतरीन प्रयास करेगा। क्योंकि निगम का अपना राजस्व बहुत ही सीमित है, उसमें वृद्धि करने के लिए तरह-तरह के उपाय किये जाने की योजना है।

बता दें कि एमसी को नगर प्रशासन से इसकी मंजूरी भी मिल चुकी है। इसलिए एमसी इन साइटों के लिए लगभग 15 करोड़ रुपये का तीन वर्ष के लिए टेंडर निकालेगा। सभी लोकेशंस को तीन जोन में बांटा गया है, ताकि टेंडर की प्रक्रिया में आसानी रहे। अधिकारियों की मानें तो



डिजिटल यूनीपोल पारंपरिक होर्डिंग्स की तुलना में ज्यादा आधुनिक हैं। इनसे एमसी को आने वाले वर्षों में करोड़ों का राजस्व मिलेगा। विज्ञापन से होने वाली यह कमाई निगम की आर्थिक हालात को और मजबूरी देगी और निगम के विकास कार्यों में भी सहायक साबित होगी।

जिन स्थानों पर यूनिपाल लगाने की तैयारी है, वहां ट्रैफिक का दबाव आबादी और दृश्यता का विशेष रूप से ध्यान रखा गया है, ताकि विज्ञापन ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंच सके। इसके पहले स्टिल लाइट्स वाले यूनीपोल लगाने का सुझाव दिया गया था, किंतु अधिकारियों ने इसे डिजिटल रखने की बात कही।

### अति महत्वपूर्ण प्रोजेक्टः महापौर

नगर निगम चंडीगढ़ की महापौर हरप्रीत कौर बबला का कहना है कि यूनीपोल निगम का एक अति महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट था। इसके लिए काफी अनुसंधान करने की प्लानिंग तैयार की गई, ताकि एमसी को ज्यादा से ज्यादा राजस्व मिल सके। उन्हें इस बात की उम्मीद है कि मंजूरी के बाद आगामी कुछ महीनों में शहर में यह डिजिटल यूनीपाल दिखाई देने लगेंगे। डिजिटल यूनीपाल पारंपरिक होर्डिंग्स की तुलना में कहीं ज्यादा प्रभावशाली हैं। इनकी चमक और दृश्यता अपील से विज्ञापन देने वालों को बेहतर प्रोमोशन मिलता है। डिजिटल स्क्रीन के चलते विज्ञापन बदलना आसान और तेज होगा।

सम्पादकीय

# कांग्रेस को गहन आत्मपरीक्षण चाहिए, हार के कारणों को समझे

बिहार विधानसभा चुनाव में कांग्रेस का प्रदर्शन उसके दावों के एकदम विपरीत रहा है। राज्य में राहुल गांधी ने अपने गठबंधन सहयोगी राजद के तेजस्वी यादव के साथ यात्रा निकाली तो इसे सत्ता परिवर्तन की आंधी समझा गया था। उसी दौरान राहुल गांधी ने कहा था कि छोटे बच्चे तक आकर उन्हें कह रहे हैं-वोट चोर गद्दी छोड़। उन्होंने नीतीश कुमार सरकार और केंद्र में भाजपा सरकार पर तंज कसते हुए यह बात कही थी। इसके बाद पूरे चुनाव प्रचार के दौरान जहां यह नारा कांग्रेसी जोर-शोर से लगाते रहे वहीं देश के अन्य राज्यों में भी इसे जयघोष बनाते हुए खूब हल्ला और प्रदर्शन किया गया।

हरियाणा में कांग्रेस पूरी तरह मान चुकी थी कि विधानसभा चुनाव में उसकी जीत सुनिश्चित है, लेकिन जब हार मिली तो व्यक्तिगत कारणों को इसकी वजह न मानते हुए वोट चोरी करवाने के चुनाव आयोग पर और सत्ताधारी भाजपा पर आरोप मढ़ दिए। अब राज्य में पार्टी नेता लगातार इसे मुद्दा बनाकर सड़कों पर हैं, हालांकि वोट चोरी कैसे हुई के सवाल पर वे कुछ नहीं बता पा रहे। पार्टी के नेता दावा करते हैं कि प्रदेश में वोट चोरी की गई, हालांकि जब बूथ एजेंट के हवाले से इसे साबित करने की बात आती है तो वे चुप्पी साध लेते हैं। एकमात्र सवाल यही है कि आखिर देश की जनता क्या ऐसे बयानों, बातों से गुमराह होगी। बिहार की जनता तो नहीं हुई, उसने इस बार रिकार्ड मतदान किया और सही को चुनने का प्रयास किया। बेशक, एनडीए गठबंधन की सरकार के अगले पांच साल यह साबित करेंगे कि बिहार की जनता का भरोसा कितना उचित रहा। लेकिन क्या यह संभव है कि प्रदेश में वोट चोरी करके सरकार का गठन कर लिया गया। अगर ऐसा हुआ है तो क्या कांग्रेसी इसके सबूत पेश करेंगे और अगर ऐसा नहीं हुआ है तो क्या कांग्रेस को गहन आत्मपरीक्षण की जरूरत नहीं है, जिसमें वह यह विचार करे कि आखिर उसकी बातों पर जनता भरोसा क्यों नहीं करती। क्यों उसे हर बार हार का सामना करना पड़ता है?

**गौरतलब है कि देश की 272 हस्तियों ने निर्वाचन आयोग के समर्थन में एक खुला पत्र जारी किया है। इस पत्र में कहा गया है कि कांग्रेस और विपक्षी दल बेबुनियाद आरोपों के जरिए निर्वाचन आयोग सहित संवैधानिक संस्थाओं की साख को कमजोर करने की कोशिश कर रहे हैं। इन हस्तियों का आरोप है कि नेता विपक्ष राहुल गांधी और कांग्रेस निर्वाचन आयोग को बदनाम कर रहे हैं। आखिर इस पत्र के जरिये अपनी नाराजगी जाहिर करने वाली हस्तियों की यह शिकायत बिहार चुनाव समेत दूसरे राज्यों में हुए या फिर होने वाले चुनावों के संदर्भ में कांग्रेस के लिए चेतावनीप्रद नहीं है। कांग्रेस एवं अन्य विपक्षी दल ईवीएम पर सवाल उठा रहे हैं, उनकी अंगुली चुनाव आयोग की पारदर्शिता एवं शुचिता पर उठती है। इसके बाद वे एसआईआर की जरूरत को संदिग्ध बताते हैं।**

गौरतलब है कि देश की 272 हस्तियों ने निर्वाचन आयोग के समर्थन में एक खुला पत्र जारी किया है। इस पत्र में कहा गया है कि कांग्रेस और विपक्षी दल बेबुनियाद आरोपों के जरिए निर्वाचन आयोग सहित संवैधानिक संस्थाओं की साख को कमजोर करने की कोशिश कर रहे हैं। इन हस्तियों का आरोप है कि नेता विपक्ष राहुल गांधी और कांग्रेस निर्वाचन आयोग को बदनाम कर रहे हैं। आखिर इस पत्र के जरिये अपनी नाराजगी जाहिर करने वाली हस्तियों की यह शिकायत बिहार चुनाव समेत दूसरे राज्यों में हुए या फिर होने वाले चुनावों के संदर्भ में कांग्रेस के लिए चेतावनीप्रद नहीं है। कांग्रेस एवं अन्य विपक्षी दल ईवीएम पर सवाल उठा रहे हैं, उनकी अंगुली चुनाव आयोग की पारदर्शिता एवं शुचिता पर उठती है। इसके बाद वे एसआईआर की जरूरत को संदिग्ध बताते हैं। फिर वे भाजपा एवं सहयोगी दलों की जीत पर सवाल उठाते हुए मतदान में धांधली का आरोप लगाते हैं। हालांकि इस दौरान कुछ मतदाता सूचियों में तकनीकी गड़बड़ी के अलावा कुछ भी ऐसा ठोस सामने नहीं आ पाता, जिससे यह यकीन होकर अवश्य ही चुनाव आयोग ने किसी राजनीतिक दल के पक्ष में मतदान को बढ़वाया या फिर उसके उम्मीदवारों की जीत सुनिश्चित की। चुनाव आयोग ने जब कांग्रेस नेता से हलफनामा देने को कहा तो वे यह देने का साहस भी नहीं जुटा पाए। हालांकि जनता को गुमराह करने के लिए सड़कों पर नारे लगाने और सत्यता हीन बयान देने के अलावा कुछ नहीं कर पा रहे।


जाहिर है, कांग्रेस देश की सबसे पुरानी पार्टी है और उसके नेताओं के द्वारा कही गई बातों को सुना जाता है। लेकिन क्या आज की जनता 70 के उस जमाने की जनता की भांति है, जोकि किसी नेता के कहे को पत्थर की लकीर समझ लेती है। न्यायपालिका का आधार सत्यता और सबूत है। यही मांग लोकतंत्र की भी होती है। क्योंकि जो पार्टी या नेता जनता के प्रति संजीदा नहीं रहता उसे बदल दिया जाता है। अगर जनता को सच में लगता है कि उसके वोट की चोरी हो रही है तो वह यह काम जरूर कर देगी। लेकिन इसके लिए उसे ठोस सबूत चाहिए, क्या कांग्रेस नेता राहुल गांधी कोई औपचारिक शिकायत या सबूत पेश कर पाए। वास्तव में लोकतंत्र के संबंध में कहा गया है कि यह किसी एक के लिए बाकी लोगों का फितुर है तो यह गलत नहीं है। जनता बस बहके चली जाती है, लेकिन अब संभव है, बदलाव का दौर आ चुका है। इसी कारण वही जीत रहे हैं, जिन पर कुछ भरोसा कायम है। संभव है, कांग्रेस समेत बाकी विपक्षी दलों को भी खुद पर भरोसा बढ़ाने के लिए प्रयत्नशील होना होगा। हालांकि एक नारा देकर विदेश जाकर बैठ जाने से यह नहीं होगा, इसके लिए यहीं रहकर सतत प्रयास करने होंगे और जनता के मन में खुद के प्रति विश्वास पैदा करना होगा। तभी जनता उस विश्वास को फलीभूत करेगी।

## करोड़ों गिग वर्कर्स को सरकार का तोहफा चार लेबर कोड लागु

# देश के लाखों श्रमिकों और उद्योगों के लिए खुलेंगे नए रास्ते: श्रम मंत्री मनसुख मांडविया

दैनिक अर्थ प्रकाश

21 नवंबर से देश में चार नए लेबर कोड लागु हो गए हैं–इसी दृष्टिकोण से सरकार ने 29 अलग-अलग श्रम कानूनों को चार सर्वसमावेशी श्रम संहिताओं में समाहित कर एक ऐतिहासिक कदम उठाया।



वेतन संहिता (2019), औद्योगिक संबंध संहिता (2020), सामाजिक सुरक्षा संहिता (2020), और व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कार्यस्थल स्थिति संहिता (2020)– इन सभी का उद्देश्य श्रमिकों को सुरक्षा, सम्मान, स्वास्थ्य और कल्याणकारी उपायों तक आसान और प्रभावी पहुँच देना है।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इन्हें 'आजादी के बाद सबसे बड़े और प्रगतिशील श्रम सुधार' बताया है। सच कहा जाए तो ये बदलाव लंबे समय से जरूरी थे। पहले श्रम से जुड़े 29 अलग-अलग कानून थे, जिनमें कई पुराने और जटिल हो चुके थे। नई संहिताएँ इन सभी को मिलाकर एक आसान और साफ व्यवस्था तैयार करती हैं। इससे न सिर्फ श्रमिकों को फायदा होगा, बल्कि नियोक्ताओं और उद्योगों के लिए भी नियम समझना और पालन करना आसान होगा।

इन नए कोड्स की सबसे बड़ी खासियत है कि ये सभी श्रमिकों के लिए सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करती हैं। आधार से जुड़ा यूनिवर्सल अकाउंट नंबर मिलने से मजदूरों को लाभ कहीं भी, कभी भी मिल सकेगा–चाहे वे किसी भी राज्य में काम कर रहे हों। आज के समय में तेजी से बढ़ रहे गिग और प्लेटफॉर्म वर्कर्स–जैसे ऐप-आधारित डिलीवरी बॉय, ड्राइवर आदि–को भी पहली बार कानून में पहचान और सुरक्षा मिली है।

उद्योगों के लिए भी इन सुधारों से कामकाज सरल होगा। नियम एक जैसे और स्पष्ट होने से कारोबार करना आसान होगा और नए निवेश को बढ़ावा मिलेगा। वहीं, श्रमिकों के लिए सुरक्षा, स्वास्थ्य और काम की परिस्थितियों से जुड़े प्रावधान पहले की तुलना में अधिक मजबूत किए गए हैं। बागान मजदूर जैसे कई उपेक्षित वर्गों को भी अब बेहतर सुरक्षा मिलेगी। हालाँकि इन सुधारों की सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि राज्यों में इनके नियम कितनी तेजी और प्रभावी तरीके से लागू किए जाते हैं। केंद्र सरकार राज्यों की मदद कर रही है, लेकिन जमीन पर बेहतर तालमेल जरूरी है।

इन नई श्रम संहिताओं से उम्मीद है कि भारत में रोजगार का माहौल और बेहतर होगा। अगर इन्हें सही ढंग से लागू किया गया, तो ये सुधार न सिर्फ उद्योगों को मजबूती देंगे बल्कि करोड़ों श्रमिकों को भी सुरक्षित और सम्मानजनक भविष्य प्रदान करेंगे। ये आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक अहम कदम हैं। श्रम मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा कि भारत आज जब आत्मनिर्भर और समावेशी विकास की ओर अग्रसर है, तब श्रमिकों को केंद्र में रखकर किए गए ये सुधार न केवल वर्तमान अर्थव्यवस्था को मजबूती देते हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी एक स्थायी और न्यायसंगत श्रम ढांचा तैयार करते हैं। नए लेबर कोड श्रमिकों के कल्याण के लिए ऐतिहासिक निर्णय है, जो विकसित भारत के लक्ष्य को गति देगा।

**–दिनेश दिक्षित**
लेखक एवं राजनीतिक विश्लेषक

## अर्थ प्रकाश में **34 साल पहले** आज का दिन

### छात्रों का आरक्षण विरोधी आंदोलन जारी, ट्रैफिक जाम

चंडीगढ़। आरक्षण विरोधी छात्रों ने आज कक्षाओं का बहिष्कार करते हुए अपना आंदोलन जारी रखा तथा सड़कों पर रास्ता जाम किया व नारेबाजी की। प्राप्त जानकारी के मुताबिक छात्रों ने बजवाड़ा चौक पर इकट्ठे होकर कुछ समय के लिए ट्रैफिक के आवागमन में बाधा डाली। सेक्टर 21, 46, 47 चौक पर भी छात्रों ने झुण्डों में इकट्ठे होकर नारेबाजी की तथा रास्ता रोका जिससे आने जाने वालों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ा। आरक्षण विरोधी छात्रों के इन आंदोलन में लड़कियां भी बढ़ चढ़कर भाग ले रही है। छात्रों के आंदोलन में कुछ देर के लिए इस सेवा भी प्रभावित हुई।

### 38वीं राष्ट्रीय स्कूल प्रतियोगिताएं

चंडीगढ़। आज यहां सेक्टर-42 के स्पोर्ट्स काम्पलेक्स में 38वीं राष्ट्रीय स्कूल खेल प्रतियोगिताएं शुरु हुई। 17 वर्ष से कम आयु वर्ग के लड़कों व लड़कियों की राष्ट्रीय स्कूल खेलों की हाकी, बालीवॉल व बैडमिंटन प्रतियोगिता का उद्घाटन ले. जनरल बी.सी. जोशी ने किया जबकि समारोह की अध्यक्षता प्रशासक के सलाहकार बालेश्वर राय ने की। इस प्रतियोगिता में 22 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लगभग 2000 खिलाड़ी भाग ले रहे है। ये प्रतियोगिताएं 29 नवंबर तक करेंगी। हाकी के लिए 8 मैदान जबकि बालीवॉल के लिए 6 कोर्टस का प्रबंध किया गया है।

### काम का मौका दें

एम वीरप्पा मोइली को कर्नाटक कांग्रेस विधायक दल का सर्वसम्मति से गुरुवार को नेता निर्वाचित कर लिया गया है। वे पूर्व मुख्यमंत्री एस. बंगरप्पा के उतराधिकारी है। जिन्हें मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलायी गई है। इससे कई मास से चल रहे असंतोष का समाप्त हो सकेगा और राज्य में नयी सरकार के कार्यों का एक नया दौर शुरु होगा। कांग्रेस विधायक दल की बैठक में निवर्तमान मुख्यमंत्री एस. बंगारप्पा ने ही श्री मोइली के नाम का प्रस्ताव किया और मुख्यमंत्री पद के एक दावेदार के.एम. रंगनाथ ने इसका अनुमोदन किया। श्री मोइली ने बाद में कहा कि उनका प्रयास स्वच्छ और समक्ष सरकार देने का होगा। वह कांग्रेस का चुनाव घोषणा पत्र लागू करने और भ्रष्टाचार मिटाने का निष्ठापूर्वक काम करेंगे। यदि उनके कथनानुसार ही कर्नाटक में कार्य सम्पन्न होता है तो यह अत्यंत संतोष का विषय होगा क्योंकि गत मासों से सरकार की अस्थिरतापूर्ण स्थिति से असंतोष और असंतुलन व्याप्त था। गत चुनावों के पश्चात आशा यह थी कि अब स्थिर सरकार की स्थापना होगी और कांग्रेस विधायक दल एक स्थायी और कुशल प्रशासन प्रदान करने में सफल होगी। श्री पी.वी. नरसिंह राव ने कांग्रेस अध्यक्ष और कांग्रेस संसदीय दल के नेता के तौर पर केंद्र में तो निश्चय ही एक अच्छी सरकार प्रदान की है, लेकिन राज्य कांग्रेस विधायक दलों में व्याप्त असंतोष को काबू करने में सफल नहीं हो पाए।ह्य

## ज्ञान सागर : देखें आज के दिन क्या घटा

| | |
|---|---|
| 1165 | पोप अलेक्जेंडर तृतीय निर्वासन के बाद रोम लौट आये। |
| 1705 | निकोलस रोवे के नाटक 'यूलिसिस' का प्रीमियर लंदन में हुआ। |
| 1723 | कैरोलिना प्रांत को न्यू बर्न के रूप में न्यू बर्न में शामिल किया गया (जो बाद में उत्तरी कैरोलिना की राजधानी बन गया)। |
| 1808 | टुडेला का युद्ध- फ्रांसीसी मार्शल लेंस ने स्पेनिश सेना को हराया। |
| 1810 | अंग्रेजी अभिनेत्री सारा बूथ ने अपना हॉलीवुड कैरियर थिएटर रॉयल, कोवेंट गार्डन से शुरू किया। |
| 1848 | बोस्टन में महिला चिकित्सा शिक्षा सोसायटी की स्थापना की गई। |
| 1863 | रंगीन फोटो प्रक्रिया बनाने के लिए पहली बार पेटेंट प्रदान किया गया। |
| 1876 | पोर्फिरियो डियाज़ को मेक्सिको का राष्ट्रपति बनाया गया। |
| 1890 | नीदरलैंड के राजा विलियम तृतीय की मृत्यु हो गई। |
| 1890 | इटली में पहला आम चुनाव हुआ। |
| 1892 | लोमानी कांगो के युद्ध में बेल्जियम ने अरब को हराया। इस युद्ध में लगभग 3000 लोग मारे गए। |
| 1909 | राइट बंधुओं ने विमान के उत्पादन के लिए 1 मिलियन डॉलर की पूंजी से कंपनी की स्थापना की। |
| 1927 | ऑटोमेटेड म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट्स नामक कंपनी ने पहला ज्यूक बॉक्स बनाया। |
| 1937 | देश के प्रसिद्ध भौतिक विज्ञानी, जीवविज्ञानी और पुरातत्ववेत्ता जगदीशचंद्र बसु का निधन हो गया। |
| 1946 | वियतनाम के हैफ्योंग शहर में एक फ्रांसीसी नौसैनिक जहाज में भीषण आग लगने से 6000 लोग मारे गये। |
| 1971 | चीन संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का सदस्य बन गया। |
| 1980 | इटली में भूकंप के कारण 2600 लोग मारे गये। |
| 1983 | देश में पहली बार राष्ट्रमंडल शिखर सम्मेलन नई दिल्ली में आयोजित किया गया। |
| 1984 | लंदन के व्यस्ततम ऑक्सफोर्ड सर्कस स्टेशन पर लगी आग में लगभग 1000 लोग फंस गए। |
| 1992 | आईबीएम ने साइमन नामक एक हैंडहेल्ड, टचस्क्रीन मोबाइल फोन और पीडीए पेश किया, जिसे पहला स्मार्टफोन माना जाता है। |
| 2005 | पूर्वोत्तर चीन में सोंगहुआ नदी पर स्थित एक रासायनिक कारखाने में विस्फोट के कारण नदी के पानी में जहरीले बेंजीन का स्तर बहुत अधिक हो गया। |
| 2005 | एलेन जॉनसन सरलिफ ने लाइबेरियाई आम चुनाव जीता, जिससे वे अफ्रीका में पहली लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित महिला प्रमुख बन गईं। |
| 2006 | पिछले हफ़्ते के अंत में लंदन में ज़हर से पीड़ित अलेक्जेंडर लिट्विनको की मृत्यु हो गई। इससे पहले उन्हें हृदय गति रुकने के कारण वेंटिलेटर पर रखा गया था। |
| 2007 | एक इज़रायली मनोचिकित्सक और रिजर्व अधिकारी पर रूस, हमास और ईरान को गोपनीय जानकारी उपलब्ध कराने का आरोप लगाया गया है। |
| 2008 | मानवाधिकार कार्यकर्ताओं और विपक्षी राजनेताओं के अनुसार, रूस के दक्षिणी गणराज्य इंगुशेतिया में अब गृहयुद्ध की स्थिति है। |

## बोल ब्यूटीफुल

**ऋतु जायसवालः** चुनाव आयोग को चाहिए कि प्रत्येक मतदाता के ईपिक नंबर को आधार नंबर से अनिवार्य रूप से जोड़ दे, ताकि मतदाता सूची में मौजूद सभी डुप्लीकेट नामों को पूरी तरह समाप्त किया जा सके। साथ ही, मतदान के समय मतदाता की पहचान फिंगर प्रिंट या आइरिस से सुनिश्चित की जाए। इससे किसी भी व्यक्ति द्वारा किसी दूसरे के नाम पर फर्जी वोट डालने की आशंका पूरी तरह खत्म हो जाएगी।



**अभिषेकः** इन दिनों बंगाल से झुंड के झुंड बांग्लादेशियों के बांग्लादेश भागने की तस्वीरें आ रही है। देश में खासकर बंगाल में एसआईआर की जरूरत इसीलिए महसूस की जा रही थी।

**मीनाक्षी जोशीः** बच्चों का मन बहुत कोमल होता है। यह मन अपशब्दों को सहन नहीं कर पाता। परिवार और टीचर, दोनों की भूमिका होती है कि बच्चों की परेशानियों को मामूली समझकर नजरअंदाज न करें। बच्चों से बात करें, समस्या का हल तलाशें।

# नागरिक कर्तव्यों के अनुपालन से आर्थिक विकास को दी जा सकती है गति

वित्तीय वर्ष 2025-26 में केंद्र सरकार ने भारतीय नागरिकों पर करों का बोझ कम करने का ईमानदार प्रयास किया है। सबसे पहिले आयकर की सीमा को 12 लाख रुपए प्रति वर्ष कर दिया गया (जिसका मतलब है कि 12 लाख रुपए तक की वार्षिक आय वाले नागरिकों को अब आयकर नहीं देना होगा), इसके बाद वस्तु एवं सेवा कर की दरों का युक्तिकरण करते हुए पूर्व में लागू चार दरों (5 प्रतिशत, 12 प्रतिशत, 18 प्रतिशत एवं 28 प्रतिशत) को केवल दो दरों (5 प्रतिशत एवं 18 प्रतिशत) में परिवर्तित कर दिया गया। इससे भारत में 90 प्रतिशत से अधिक उत्पाद एवं सेवाओं पर करों की दर में भारी कमी दृष्टिगोचर हुई है। प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष करों की दरों में की गई उक्त कमी के चलते नागरिकों के हाथो में खर्च करने हेतु अधिक राशि की बचत हुई है और इसका प्रभाव इस वर्ष दीपावली एवं अन्य त्यौहारों के शुभ अवसर पर उपभोक्ता वस्तुओं एवं सेवाओं की बिक्री में हुई भारी भरकम वृद्धि के रूप में देखने को मिला है। वर्ष 2025 के दीपावली एवं अन्य त्यौहारों के समय 5.40 लाख करोड़ रुपए से अधिक की राशि के उत्पाद एवं 65,000 करोड़ रुपए की राशि की सेवाओं की बिक्री हुई है, जो अपने आप में एक रिकार्ड है। भारतीय रिजर्व बैंक ने भी ब्याज दरों में कटौती की है। वर्ष 2025 में रेपो दर को 6.50 प्रतिशत से घटाकर 5.50 प्रतिशत तक नीचे लाया गया है, इससे भारत में नागरिकों एवं उद्योग जगत को सस्ती दरों पर ऋण की सुविधा उपलब्ध हो रही है। दिसम्बर 2025 में भी रेपो दर में 25 आधार बिंदुओं की कमी किये जाने की सम्भावना व्यक्त की जा रही है। इससे ऋणों पर ब्याज दर में और अधिक कमी हो सकती है। साथ ही, अब तो केंद्र सरकार एवं कई राज्य सरकारों द्वारा भी किसानों, बुजुर्गों एवं महिलाओं के बैंक खातों में सीधे ही सहायता राशि जमा की जा रही है, जिससे भारतीय नागरिकों के हाथों में अधिक मुद्रा उपलब्ध हो रही है और वे अधिक मात्रा में बाजार से उत्पादों को खरीदने में सक्षम हो रहे हैं। भारत में, हाल ही के समय में, आम जनता की क्रय शक्ति इसलिए भी बढ़ी है क्योंकि मुद्रा स्फीति की दर पर भी नियंत्रण स्थापित किया जा सका है और खुदरा महंगाई की दर 2 प्रतिशत से भी नीचे आ गई है, जो 10/12 वर्ष पूर्व तक 10 प्रतिशत के आसपास रहती थी। कुल मिलाकर, अब यह कहा जा सकता है कि भारत 10 प्रतिशत वार्षिक विकास दर को हासिल करने की ओर तेजी से अपने कदम बढ़ा रहा है।

केंद्र सरकार द्वारा 65 करोड़ नागरिकों को मुफ्त अनाज भी उपलब्ध कराया जा रहा है जिससे भारत में अति गरीब नागरिकों की संख्या तेजी से कम हो रही है। गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले करोड़ों नागरिकों को गरीबी की रेखा से ऊपर लाया जा सका है। भारत में लगातार कम हो रही अति गरीब नागरिकों की संख्या की प्रशंसा वैश्विक वित्तीय संस्थानों, विश्व बैंक एवं अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष आदि, द्वारा भी समय समय पर की गई है। सबसे बड़ी बात तो यह है कि भारतीय नागरिकों को करों में उक्त वर्णित रियायतें देनें एवं गरीब वर्ग को मुफ्त अन्न उपलब्ध कराने एवं उनके खातों में सीधे सहायता राशि जमा कराने जैसी योजनाओं को चलाने के बावजूद केंद्र सरकार के बजटीय घाटे को लगातार कम करने में सफलता मिल रही है। केंद्र सरकार का बजटीय घाटा कोविड महामारी के खंडकाल में लगभग 10 प्रतिशत तक पहुंच गया था जो प्रतिवर्ष लगातार कम होते होते वर्ष 2026 में 4.4 प्रतिशत के स्तर पर नीचे आने का अनुमान लगाया गया है। यह सम्भव हो सका है क्योंकि भारत के नागरिकों द्वारा अपने नागरिक कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष कर की राशि को ईमानदारी से सरकार के खजाने में जमा कराया जा रहा है। भारत में हाल ही के वर्षों में कर अनुपालन में काफी सुधार दिखाई दिया है।



यह सही है कि किसी भी देश में आर्थिक विकास की दर को तेज करने में, उस देश में, इस संदर्भ लागू की जाने वाली आर्थिक नीतियों का प्रभाव पड़ता है परंतु यदि उस देश में समाज भी सरकार के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने का प्रयास करे तो आर्थिक विकास की गति को और अधिक तेज किया जा सकता है। अर्थात, समाज को अपने नागरिक कर्तव्यों पर आज और अधिक विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष में संघ के स्वयंसेवकों द्वारा पंच परिवर्तन नामक कार्यक्रम को समाज के बीच ले जाने का प्रयास बड़े उत्साह से किया जा रहा है। पंच परिवर्तन कार्यक्रम में 5 बिंदु शामिल हैं - नागरिक कर्तव्य, कुटुम्ब प्रबोधन, पर्यावरण, समरसता एवं स्व के भाव का जागरण (इसमें स्वदेशी अर्थात देश में निर्मित उत्पादों का उपयोग भी शामिल है)। इन 5 आयामों के माध्यम से समाज परिवर्तन के कार्य को गति देने का प्रयास किया जा रहा है, जिसमें भारतीय नागरिकों को अपने नागरिक कर्तव्यों के अनुपालन पर भी विशेष ध्यान दिलाने का प्रयास किया जा रहा है। देश के कानूनों का पालन करना और उनका सम्मान करना नागरिकों की जिम्मेदारी है। इस कर्तव्य को पूरा करने से समुदाय में अनुशासन और सुरक्षा की भावना पैदा होती है। दैनिक जीवन के छोटे छोटे नियमों का पालन करने से सामाजिक अनुशासन का विकास होता है। जैसे, यातायात नियमों का पालन करना। जहां आवश्यक हो वहां वाहन कतार में लगाना। नागरिक कर्तव्य के अंतर्गत नागरिकों से अपेक्षा की जाती है कि वे विभिन्न करों का भुगतान समय पर करें एवं सही राशि का भुगतान करें। यह देश की आर्थिक प्रगति के लिए आवश्यक है। यदि समस्त नागरिक अपने इस कर्तव्य का पालन करते हैं तो भारत में करों की दरों को निश्चित ही और अधिक नीचे लाया जा सकता है। इसी प्रकार, राष्ट्रीय सम्पत्ति की सुरक्षा एवं रखरखाव करना भी नागरिकों का परम कर्तव्य है, जैसे सार्वजनिक स्थानों की स्वच्छता बनाए रखना और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना। कभी कभी आम जनता को गुमराह कर आंदोलन हिंसक रूप लेते नजर आते हैं एवं परिणामस्वरूप देश में आगजनी, लूटपाट और राष्ट्रीय सम्पदा की हानि देखने को मिलती है। इस सम्बंध में समाज में जागरूकता पैदा किए जाने की आज सख्त आवश्यकता है।

वैसे भी लोकतंत्र की सफलता और स्थिरता नागरिकों की भागीदारी और कर्तव्यों के प्रति सजगता पर निर्भर करती हैं। जब नागरिक अपने कर्तव्यों के प्रति संवेदनशील होते हैं और उनका ईमानदारी से पालन करते हैं तो समाज में सकारात्मक बदलाव आते हैं और देश के आर्थिक विकास की गति तेज होती है। समाज की प्रगति, सुरक्षा और समृद्धि के लिए नागरिकों की अपने कर्तव्यों प्रति संवेदनशीलता तथा कटिबद्धता आवश्यक है। देशभक्ति न केवल अपने देश के प्रति प्रेम और निष्ठा है, बल्कि अपने देश के उत्थान और सुरक्षा में योगदान भी है। एक देशभक्त नागरिक अपने नागरिक कर्तव्यों के प्रति सदैव संवेदनशील एवं जागरूक रहता है। नागरिक एवं सामाजिक अनुशासन का पालन करना ही स्वतंत्र देश में प्रतिदिन प्रकट होने वाली देशभक्ति है।

नागरिकों के मौलिक कर्तव्यों में मुख्य रूप से शामिल है, (1) संविधान का पालन करना एवं उसके आदर्शों और संस्थाओं, राष्ट्रीय ध्वज और राष्ट्रगान का सम्मान करना। (2) जिसने हमारे राष्ट्रीय स्वतंत्रता संग्राम को जन्म दिया प्रेरित होने पर उन ऊंचे आदर्शों को विकसित करना और उनका पालन करना। (3) भारत की संप्रभुता, एकता और अखंडता उनका रख-रखाव एवं संरक्षण करना। (4) देश की रक्षा करना और आह्वान किए जाने पर राष्ट्रीय सेवा करना। (5) धार्मिक, भाषाई और क्षेत्रीय या वर्ग मतभेदों को पार करना, भारत के लोगों के बीच एकता और भाईचारे को बढ़ावा देना, महिलाओं की गरिमा को कम करने वाली प्रथाओं को त्यागना। (6) हमारी विविधतापूर्ण सांस्कृतिक विरासत की सराहना करना और इसे बचाना। (7) वनों, झीलों, नदियों, वन्य जीवों और प्राकृतिक पर्यावरण की रक्षा और सुधार करना, जीवित प्राणियों के प्रति दया दिखाना। (8) वैज्ञानिक दृष्टिकोण, मानवतावाद, जिज्ञासा और सुधरवाद का विकास करना। (9) सार्वजनिक सम्पत्ति की रक्षा करना एवं हिंसा का कठोर त्याग करना। (10) देश में ही निर्मित वस्तुओं का उपयोग करना एवं सनातन संस्कृति के संस्कारों का अनुपालन करना। भारत के समस्त नागरिक यदि उक्त मौलिक कर्तव्यों का अनुपालन करते हैं तो भारत की आर्थिक विकास दर को 10 प्रतिशत प्रतिवर्ष के ऊपर ले जाने में किसी प्रकार की अन्य कठिनाई आने वाली नहीं है।

केंद्र सरकार एवं राज्य सरकारें अपनी ओर से देश के लिए हितकारी आर्थिक नीतियां बनाने की पूरी कोशिश कर रही हैं परंतु भारतीय नागरिक होने के नाते हमें भी अपने नागरिक कर्तव्यों का अनुपालन सुनिश्चित करना होगा तभी हम सब मिलकर मां भारती को एक बार पुनः विश्व गुरु के रूप में आरूढ़ कर पाएंगे।

# कल्याणकारी योजनाओं को समय सीमा में पूर्ण करना सुनिश्चित बनाएं : सुरेश कश्यप

## ज़िला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति तथा जिला खनन फाउंडेशन न्यास की बैठक आयोजित

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर



**सोलन, 22 नवंबर।** शिमला लोक सभा क्षेत्र के सांसद सुरेश कश्यप ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा क्रियान्वित की जा रही योजनाओं को समय सीमा में पूर्ण कर इसका लाभ पात्र व्यक्ति तक पहुंचना सुनिश्चित बनाना सभी का दायित्व है। सुरेश कश्यप आज यहां ज़िला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) तथा ज़िला खनन फाउंडेशन न्यास की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। सुरेश कश्यप ने कहा कि सोलन ज़िला में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 225 कार्य स्वीकृत किए गए हैं। इनमें से 194 कार्य पूर्ण हो चुके हैं। इन पूर्ण कार्यों पर 511.39 करोड़ रुपए व्यय किए गए हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सड़कों के निर्माण व रखरखाव के कार्य को समयावधि में पूरा करने के निर्देश दिए। सांसद ने कहा कि सोलन ज़िला में जल जीवन मिशन के तहत लगभग 101 योजनाएं स्वीकृत की गई हैं। इस पर लगभग 356 करोड़ रुपए व्यय किए जा रहे हैं। उन्होंने जल शक्ति विभाग के अधिकारियों को नमामी गंगे योजना के तहत सोलन शहर में बिछाई जाने वाली सीवरेज लाईन की औपचारिकताएं पूर्ण करने तथा पुरानी सीवरेज लाईनों के नवीनीकरण के निर्देश दिए।

सुरेश कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत 15 किसानों को लाभ दिया गया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय बांस मिशन के तहत 423 किसान लाभान्वित हुए है। सांसद ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए कि कल्याणकारी योजनाओं के बारे में किसानों-बागवानों को जागरूक करने के लिए गांव-गांव जाकर प्रचार-प्रसार करें। उन्होंने कहा कि ज़िला सोलन में अग्रणी बैंक यूको बैंक द्वारा युवाओं को स्वरोज़गार प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। 31 अक्तूबर, 2025 तक 17 प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए गए हैं। इसके माध्यम से 530 युवा लाभान्वित हुए हैं। सुरेश कश्यप ने कहा कि ज़िला सोलन में सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना के तहत वर्तमान में 71 विकास कार्य स्वीकृत किए गए हैं। इसमें से 41 का कार्य प्रगति पर हैं।

### प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत वर्ष 2024-25 में 1190 आवास स्वीकृत किए गए

सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत वर्ष 2024–25 में 1190 आवास स्वीकृत किए गए हैं। इसमें से 520 आवासों का निर्माण कार्य पूरा हो चुका हैं। सुरेश कश्यप ने कहा कि पुराने पूर्ण हुए कार्यों का उपयोगिता प्रमाण पत्र सम्बन्धित विभागों को प्रेषित करना सुनिश्चित करें और लम्बित कार्यों की औपचारिकताएं पूर्ण कर कार्य आरम्भ करें। सांसद ने ज़िला खनन फाउंडेशन न्यास की बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि इस न्यास के माध्यम से पूरे किए गए विकास कार्यों का उपयोगिता प्रमाण पत्र निर्धारित समयावधि में जारी किया जाए। उन्होंने कहा कि यदि कोई विकास योजना किसी कारण आरम्भ नहीं हो रही है तो उसकी निधि वापिस करना सुनश्चित बनाएं।

अर्की के विधायक संजय अवस्थी ने बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि खनन निधि सोलन ज़िला के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों विशेषकर अर्की विधानसभा क्षेत्र में लोगों की आवश्यकताओं को पूरा करने का माध्यम बन रही है। उन्होंने कहा कि ज़िला खनन फाउंडेशन न्यास के तहत पेयजल पाईप क्रय करने के लिए उपायुक्त की अध्यक्षता में समिति गठित की जा सकती है।

विधायक ने कहा कि इस निधि के माध्यम से वर्तमान में अर्की विधानसभा क्षेत्र के लिए लगभग 31.54 करोड़ रुपए के 93 प्रस्ताव प्रस्तुत किए गए हैं। उन्होंने बैठक में विभिन्न विषयों पर बहुमूल्य सुझाव प्रस्तुत किए। उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा ने विश्वास दिलाया कि विकास कार्यों को समयावधि में पूरा किया जाएगा।

इस अवसर पर नगर निगम सोलन की महापौर ऊषा शर्मा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजय पाठक, ज़िला पंचायत अधिकारी जोगिन्द्र सिंह राणा, पंचायती राज संस्थाओं के प्रतिनिधियों सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।



शिमला : मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू 22 नवंबर, 2025 को ऊना में उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री की बेटी डॉ. आस्था अग्निहोत्री के विवाह समारोह में शामिल होते हुए। फोटो : अरविंद शर्मा

# सुखविंदर सिंह सुक्खू उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री की बेटी के विवाह समारोह में शामिल होने के लिए ऊना पहुंचे

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा

**ऊना, 22 नवंबर।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू शनिवार, को उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री की बेटी के विवाह समारोह में शामिल होने के लिए ऊना पहुंचे। उनके साथ कांग्रेस प्रदेश प्रभारी एवं सांसद राजनी पाटिल भी मौजूद रहीं।

बता दें, उपमुख्यमंत्री की सुपुत्री डॉ आस्था अग्निहोत्री का आईएएस अधिकारी सचिन शर्मा से हो रहा है। झलेड़ा पुलिस हेलिपैड पर उतरने के उपरांत मुख्यमंत्री का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस अवसर पर गगरेट के विधायक राकेश कालिया, चिंतपूर्णी के विधायक सुदर्शन सिंह बबलू, कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा, ऊना के पूर्व विधायक सतपाल रायज़ादा, प्रवीण दुआ, विजय आंगरा ,रोहित सहोड ,संजीव कँवर राजिंदर प्रिंस, वरुण पूरी, करुण शर्मा, विजय राजपूत ,तनु शर्मा, अंकुश शर्मा सौरव सेखड़ी समेत अन्य जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों एवं आम नागरिकों ने उनका गर्मजोशी भरा स्वागत किया।

उपायुक्त जतिन लाल, पुलिस अधीक्षक अमित यादव समेत अन्य अधिकारी इस मौके उपस्थित रहे।

# अवैध शराब पर कार्रवाई तेज, अप्रैल से अब तक 54,945 लीटर जब्त

अर्थ प्रकाश/अरविंद शर्मा

**शिमला, 22 नवम्बर।** आबकारी विभाग ने प्रदेश भर में अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है। पूरे राज्य में विभाग की विशेष टीमें छापेमारी कर रही हैं और इस वित्त वर्ष में अभी तक 523 केस दर्ज किए है। विभाग ने 21637.166 लीटर अवैध शराब के साथ-साथ 33308.900 लीटर लाहन प्रदेश के विभिन्न स्थानों से बरामद की है। पिछले महीने यानी अक्तूबर में ही दक्षिण क्षेत्र शिमला में 309.340 लीटर अवैध शराब व 12 लीटर लाहन, मध्य क्षेत्र मंडी में 2678.225 लीटर अवैध शराब व 14 लीटर लाहन व उत्तरी क्षेत्र पालमपुर में 529.150 लीटर शराब व 4870 लीटर लाहन बरामद की है। इसके अलावा, पुलिस जिला बद्दी में 286.09 लीटर अंग्रेजी शराब, कुल्लू में 2090.625 लीटर अंग्रेजी शराब, मंडी में 528.350 लीटर अंग्रेजी शराब, ऊना में 286.045 लीटर अंग्रेजी शराब अवैध शराब पकडी गई है। सरकार द्वारा जिला प्रभारियों को इस कारोबार में संलिप्त व्यक्तियों के विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं, अक्तूबर माह में ही विभाग ने पुलिस जिला नुरपुर के डमटाल क्षेत्र के गांव मिलवान, ठाकुरद्वारा, बरोटा, बेला लुडाचा, उलेहरियां में भारी मात्रा में गैर-कानूनी शराब और कई चालू भट्टियां जब्त की गई, जिन्हें टीम ने कानून के मुताबिक सही कार्रवाई करने के बाद मौके पर ही नष्ट कर दिया।

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सूक्खू के दिशा-निर्देशों के अनुरूप अवैध शराब की तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए आबकारी विभाग ने जिला स्तर पर विशेष विभागीय टीमों का गठन किया है। इन टीमों के माध्यम से अवैध शराब के विरूद्ध पूरे राज्य मे सघन अभियान चलाया जा रहा है ताकि अवैध शराब गतिविधियों को रोका जा सके। आबकारी विभाग ने प्रदेश में इन अवैध शराब गतिविधियों को रोकने के लिए 35 विशेष टीमें गठित की हैं। 4-4 टीमें कुल्लू तथा चम्बा जिले में, 3-3 टीमें शिमला, सोलन, बिलासपुर, मंडी, ऊना जिले तथा नूरपुर पुलिस जिले में, 2-2 टीमें कांगड़ा, सिरमौर, हमीरपुर जिले तथा बी.बी.एन. पुलिस जिले में तथा 1 टीम किन्नौर जिले में तैनात की गई हैं ताकि अवैध कारोबार पर अंकुश लगाया जा सके।

आबकारी आयुक्त यूनुस ने बताया कि राज्य सरकार अवैध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखकर नियमानुसार सख्त कार्रवाई अमल में ला रही है ताकि शराब के अवैध कारोबार से सरकार के राजस्व को हानि न पहुंचे। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि वह अवैध शराब व कारोबार से जुड़ी कोई भी सूचना विभाग द्वारा संचालित किए जा रहे दूरभाष नम्बर 0177-2620426 तथा व्हाट्स ऐप नम्बर 94183-31426 व जोनल समाहर्ता 0177-2620426 (दक्षिण क्षेत्र), 01894-230186 (उतरी क्षेत्र) व 01905-223499 (मध्य क्षेत्र) पर साझा करें, ताकि किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि पर रोक लगाई जा सके।

# कुल्लू के पत्रकारों ने की सीएमओ कुल्लू से शिष्टाचार भेंट, जाना स्वास्थ्य क्षेत्र में क्या होगा नया

कुल्लू में हार्ट मरीजों के लिए खुल रही है कैथ लैब बोले सीएमओ

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा



**कुल्लू 22 नवंबर।** कुल्लू के पत्रकारों ने आज हाल में पदभार संभाले सीएमओ रणजीत ठाकुर से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर नॉर्थ इंडिया पत्रकार एसोसिएशन के राज्य अध्यक्ष एवं निवर्तमान प्रेस क्लब प्रधान धनेश गौतम, मीडिया मंच के राज्य अध्यक्ष श्याम कुल्वी, प्रेस क्लब सैंज के प्रधान झाबे राम ठाकुर, गौरी शंकर, ललित कुमार, कमलेश वर्मा, पूजा ठाकुर, नीना गौतम, आशा डोगरा, डीआर ठाकुर, सुरेंद्र तिगोपा, पूजा कश्यप, विनोद कुमार आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर सीएमओ ने सभी पत्रकारों का आभार प्रकट किया और कुल्लू में स्वास्थ्य क्षेत्र में आने बाले आधुनिक परिवर्तनों के बारे जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कुल्लू में स्वास्थ्य क्षेत्र में अभूतपूर्व परिवर्तन होने बाले हैं। उन्होंने कहा कि अब हार्ट के मरीजों को चंडीगढ़ व शिमला नहीं जाना पड़ेगा। कुल्लू अस्पताल में 7.94 करोड़ की लागत से कैथ लेब का निर्माण होने जा रहा है। अब हार्ट से संबंधित सभी इलाज यहीं पर होंगें। जैसे हार्ट अटैक पड़ने पर चंडीगढ़ या शिमला जाना पड़ता था अब उन्हें यह सुविधा यहीं पर मिलेगी। उन्होंने कहा इसके अलावा सभी हृदय रोगों संबधी इलाज यहीं पर होंगें। उन्होंने कहा कि इसके अलावा एक बड़ी यूनिट और कुल्लू के लिए आई है जो क्रिटीकल केयर ब्लॉक है। क्रिटीकल केयर ब्लॉक सिविल अस्पताल तेगूबहड़ में स्थापित हो रहा है,इसके लिए सरकार की तरफ से 25 करोड़ रुपए मंजूर हुए हैं। यहां हर क्रिटीकल इलाज होगें। हर प्रकार की इमरजेंसी चाहे गायनी के हो,एक्सीडेंट हो,आंखों के हो अर्थो के हो या फिर सर्जरी के हो सभी का तुरंत इलाज होगा। उन्होंने कहा कि यह सेंटर भी कुल्लू अस्पताल में ही खुलना था लेकिन जगह की कमी के कारण तेगूबहड़ में खोला जा रहा है।

# सूक्ष्म एवं लघु उद्योग को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा

**कुल्लू 21 नवंबर।** जिला मुख्यालय कुल्लू में ज़िला उद्योग केंद्र की ओर से एक जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें जिलाभर से करीब 80 लघु उधमियों ने भाग लिया। इस मौके पर जिला उद्योग केंद्र के ज़िला प्रबंधक पीएल नेगी ने कलस्टर योजना की जानकारी दी। उन्होंने कहा की इस योजना के तहत केंद्र सरकार की ओर से 80 फीसदी अनुदान दिया जाता है जबकि 15 फीसदी राज्य सरकार सहयोग करती है और 5 फीसदी राशि कलस्टर को लगानी होगी। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य परफॉर्मेंस को बढ़ाना और तेज़ करना है। इसके अलावा माइक्रो और स्मॉल एंटरप्राइजेज क्लस्टर डेवलपमेंट प्रोग्राम को बढ़ावा देना है। जीएम ने कहा कि सूक्ष्म एवं लघु उद्योग की तरफ से लघु उधमियों को लाभ पहुंचाने के लिए कई योजनाएं चलाई हुई है उसका सबको फायदा लेना चाहिए। उन्होंने कहा हर सोसायटी,सेल्फ हेल्फ़ ग्रुप इस क्लस्टर योजना में भाग ले सकते हैं और सरकार की योजनाओं का लाभ उठा सकते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार इंस्फस्ट्रक्चर डिवेलप करने में सहायता करती है। उन्होंने कहा कि योजनाओं का लाभ उठाने के लिए उद्योग केंद्र कुल्लू में आ सकते हैं और ज्यादा से ज्यादा जानकारी प्राप्त कर योजनाओं का लाभ उठा सकते हैं। इस कार्यशाला में क्लस्टर की जानकारी दी गई और कलस्टर योजना में जुड़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर राजिंदर, प्रबंधक सोमेश शर्मा, डीआईसी रैंप टीम से विवेक तिवारी, अभिनीत, महेंद्र आदि उपस्थित रहे।

# आशु पुरी हत्याकांड : पूर्व विधायक सतपाल रायजादा ने भाजपा कार्यकर्ताओं पर साजिश रचने का लगाया आरोप

घटना के वक्त दो भाजपा कार्यकर्ता मौके पर मौजूद थे : सतपाल रायजादा

पत्रकार वार्ता में रायजादा ने दावा किया—सीसीटीवी फुटेज और अन्य सबूतों के आधार पर भाजपा कार्यकर्ताओं की संलिप्तता, 15 दिन में माफी नहीं मिली तो मानहानि का मुकदमा दायर करने की चेतावनी



अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा

**ऊना, 22 नवंबर।** संतोषगढ़ के युवा नेता आशु पुरी की हत्या के लिए ऊना सदर के पूर्व विधायक सतपाल रायजादा ने भाजपा के कार्यकर्ताओ द्वारा रची गई साजिश का आरोप लगाया है। शनिवार को ऊना के विश्राम गृह में पत्रकार वार्ता के दौरान रायजादा ने कहा कि जिस व्यक्ति की हत्या हुई वह कांग्रेस का सक्रिय और वरिष्ठ कार्यकर्ता था तथा घटना के वक्त दो भाजपा कार्यकर्ता मौके पर मौजूद थे। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति अपनी ही संपत्ति पर ऐसी वारदात नहीं चाहता। उन्होंने पुलिस को 15 दिन की 26 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज सौंपने की जानकारी दी। रायजादा ने कहा कि हत्या के आरोपी पुलिस की गिरफ्त में हैं और कानून अपना काम कर रहा है। रायजादा ने दावा किया कि गोलीकांड की घटना में भाजपा के दो कार्यकर्ता भी मौके पर मौजूद थे, जिनमें से एक संतोषगढ़ और दूसरा झलेड़ा का रहने वाला है। उन्होंने आरोप लगाया कि मृतक आशु पुरी, जो कांग्रेस का वरिष्ठ कार्यकर्ता था, को पकडने् और गोली मारने की साजिश भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा रची गई। यहां तक कि युवा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष गुरजीत मान को उकसाने की बात भी कही। उन्होंने आरोप लगाया कि आशु हत्याकांड में मनिंदर लबेरिया, महेश कौशल भाजपा से जुड़े लोग हैं। जब मर्डर हुआ सीसीटीवी कैमरे में व्यक्ति ने गोली मारी एक ने आशु को कंधे से पकड़ रखा था। कौन क्या बोल रहा था और कौन गोली मारने की बात कह रहा था यह विद रिकार्डिंग प्रूफ है। रायजादा ने कहा कि भाजपा हमेशा खनन की बात करते हैं। उन्होंने कहा कि ऊना में खनन अधिकारी सत्ती की सरकार के हैं। सत्ती के भतीजे का वायरल टिप्परों का वीडियो वायरल हुआ उसका जवाब दें। उन्होंने कहा कि असल में भाजपा नेताओं की जैसी मानसिकता है वैसे ही उन्हें बाकी नजर आते हैं। गुंडाराज भाजपा राज में था। अब तो एक्शन हो रहा है। भाजपा राज में चार इंस्पेक्टर लाइन में थे और सब इंस्पेक्टर के सहारे थाना होता था। स्वां नदी में अवैध खनन में भाजपा राज में एक टक एक लाख का खेल चलता था। आज इस खेल को बंद किया गया है, इसलिए तिलमिलाए हुए हैं। इसी वजह से कत्ल और मुझे बदनाम करने की साजिश रची जा रही है। उन्होंने कहा है बार-बार होटल बनाने के लिए गए ऋण को माफ करने की बात कहते हैं वह सेटलमेंट आरबीआई की द्वारा और पूर्व जयराम सरकार के समय से थी। उसी में मेरे अकेले के नहीं बल्कि छह हजार से ऊपर लोग हैं, जिनकी सेटलमेंट हुई है। उन्होंने कहा कि धूमल सरकार में सतपाल सत्ती की एक दुकान ली थी, जिसका किराया 1300 पर मन्थ देते हैं लेकिन इस दुकान को स्वयं नहीं चलाते। सबसे बड़ी बात है कि उन्होंने इसे इलेक्शन कमीशन के समक्ष एफिडेविट में भी नहीं दर्शाया, इस सब के प्रूफ भी है, जिसे इलेक्शन कमीशन से छिपाया है। उन्होंने कहा कि बसोली में वैश्यावृति के धंधे में पकड़ा गया आरोपी उसकी जमानत हुई।

उसका बेटा ओहदेदार भाजपा का था। इसके साथ ही रायजादा ने विधायक सत्ती द्वारा उनके होटल को लेकर लगाए गए आपत्तिजनक आरोपों पर चेतावनी देते हुए 15 दिन के भीतर माफी मांगने या मानहानि के मुकदमे के लिए तैयार रहने को कहा। पूर्व विधायक का कहना है कि वह पूरे मामले की सच्चाई उजागर करने के लिए न सिर्फ दस्तावेज सामने लाएंगे बल्कि आने वाले समय में कई और खुलासे भी करेंगे।

# प्रदेश में लगातार हो रही हत्या, लूटपाट व बलात्कार जैसी घटनाओं से जनता का भरोसा सरकार से उठा

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा



**ऊना, 22 नवंबर।** शिव सेना के प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष जय दत्ता ने प्रदेश सरकार पर कानून-व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में लगातार हो रही हत्या, लूटपाट और बलात्कार जैसी घटनाओं ने जनता का भरोसा सरकार से उठाना शुरू कर दिया है, लेकिन सुक्खू सरकार इन मामलों पर चुप्पी साधे बैठी है। जय दत्ता ने आरोप लगाया कि सरकार अपनी जिम्मेदारी से बच नहीं सकती और उसे जनता के सामने सच्चाई उजागर करनी ही होगी। शिव सेना प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष जय दत्ता ने कहा कि पिछले कुछ समय से प्रदेश के लगभग हर समाचार पत्र और मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपराधों की खबरें प्रमुखता से छप रही हैं। जो स्थिति की गंभीरता को दर्शाती हैं। लेकिन इसके बावजूद सरकार की ओर से कोई ठोस बयान या प्रभावी कदम सामने नहीं आए हैं। उन्होंने इसे प्रदेश की व्यवस्था परिवर्तन वाली सरकार की सबसे बड़ी विफलता करार दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता सरकार से सुरक्षा की उम्मीद करती है, लेकिन मौजूदा हालत देखकर ऐसा महसूस होता है कि अपराधियों में पुलिस या कानून का कोई डर नहीं रह गया है। जय दत्ता ने कहा कि अपराधों की बढ़ती घटनाएँ साफ संकेत देती हैं कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है।

शिव सेना प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष जय दत्ता ने यह भी आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार का मौन जनता की चिंता को और बढ़ा रहा है। उन्होंने कहा कि जब विपक्ष लगातार चेतावनी दे रहा है और जनता सवाल उठा रही है, तब सरकार का इस मुद्दे पर चुप रहना समझ से परे है। उन्होंने कहा कि सरकार का दायित्व है कि वह जनता की आवाज सुने, और अपराध नियंत्रण के लिए तुरंत ठोस कदम उठाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पुलिस संसाधनों की कमी, कमजोर निगरानी और प्रशासनिक लापरवाही के चलते अपराधियों के हौसले बुलंद हो चुके हैं। यदि सरकार ऐसे ही हाथ पर हाथ धरे बैठी रही, तो प्रदेश में अराजकता फैलने का खतरा बढ़ जाएगा। जय दत्ता ने सुक्खू सरकार से मांग की कि प्रदेश में बढ़ रही गंभीर आपराधिक गतिविधियों पर तत्काल एक्शन लिया जाए और जनता को सुरक्षा का भरोसा दिया जाए। उन्होंने कहा कि हिमाचल जैसे शांत प्रदेश में इस तरह की घटनाएँ बेहद चिंता का विषय हैं, और सरकार को बिना देरी कड़े कदम उठाने चाहिए। शिव सेना के प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष जय दत्ता ने सरकार से आग्रह किया कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था सुधारी जाए और जनता का भरोसा बहाल किया जाए।

# तीन साल का जश्न नहीं, सरकार को करना चाहिए आत्मचिंतन : युवाओं के वादे अधूरे : रोहित भारद्वाज

जश्न से पहले हिसाब दे सरकार : 'आत्मचिंतन का समय, उत्सव का नहीं'

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर



**सोलन, 22 नवंबर।** पिछले तीन वर्षों में हिमाचल प्रदेश की सुखु सरकार पर युवाओं के साथ वादों के अनुरूप व्यवहार न करने के आरोप लगातार बढ़ते रहे हैं। सरकार ने अपने चुनावी घोषणापत्र में युवाओं को हर साल एक लाख रोजगार देने का जो बड़ा वादा किया था, वह ज़मीन पर कहीं दिखाई नहीं देता। आरोप है कि तीन साल में एक लाख तो दूर, 30 हज़ार नौकरियां भी युवाओं को उपलब्ध नहीं करवाई गई। इससे नौकरी की तैयारी कर रहे युवाओं में गहरा असंतोष है। कई विभागों में भर्तियाँ लंबे समय से लंबित पड़ी हैं। लिखित परीक्षाएँ, परिणाम तथा नियुक्ति प्रक्रियाएँ अक्सर विलंब से चल रही हैं। इससे युवाओं में यह धारणा बनी कि सरकार रोजगार निर्माण को लेकर गंभीर नहीं है। कुछ भर्ती बोर्डों और विभागीय परीक्षाओं पर पारदर्शिता को लेकर भी सवाल उठे, जिससे विश्वास और कमजोर हुआ। सरकार ने युवाओं के साथ-साथ आम जनता के लिए भी कई वादे किए थे—जैसे 1500 रुपये प्रतिमाह महिलाओं के लिए, स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार, स्वरोजगार को प्रोत्साहन, स्टार्ट-अप इकोसिस्टम को मजबूत करना आदि। परंतु कथित रूप से इनमें से कई गारंटियाँ समय पर पूरी न होने से जनता में असंतोष बढ़ा है। रोहित ने कहा युवाओं का मानना है कि सरकार की प्राथमिकताओं में उनका हित लगातार पीछे रहा। सरकार अपने तीन वर्ष पूरे होने पर जश्न मनाने मंडी जा रही है, जिसे विरोधी और असंतुष्ट युवा ÷दुर्भाग्यपूर्ण÷ बता रहे हैं। उनका कहना है कि उत्सव मनाने से अधिक ज़रूरी है कि सरकार पिछले तीन वर्षों का आत्मचिंतन करे और स्वीकार करे कि वह जनता—खासकर युवाओं—के विश्वास पर खरा उतरने में विफल रही है।

# जल तरंग जोश महोत्सव – 2025 का अंतिम दिन रहेगा विभिन्न जनउपयोगी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों से सराबोर

अर्थ प्रकाश/अजय मल्होत्रा



**बिलासपुर, 22 नवंबर।** जल तरंग जोश महोत्सव-2025 के आखिरी दिन जिला प्रशासन की ओर से स्वास्थ्य, सामाजिक सुरक्षा, मनोरंजन और कला-संस्कृति से जुड़े विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इन सभी गतिविधियों का उद्देश्य जनहित सेवाओं को सुलभ बनाना और प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना है।

डीसी बिलासपुर राहुल कुमार ने बताया कि महोत्सव स्थल पर सुबह 10:30 बजे से शाम 5:00 बजे तक मल्टीस्पेशलिटी हेल्थ चेक-अप कैंप आयोजित किया जाएगा, जिसमें विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य जांच सेवाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी। इसी अवधि में दिव्यांगजन के लिए मेडिकल बोर्ड भी उपस्थित रहेगा, जो पात्र लाभार्थियों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र जारी करेगा।

दिव्यांगजन हेतु एडीआईपी योजना के अंतर्गत मूल्यांकन शिविर भी आयोजित होगा। इसमें वे लाभार्थी शामिल हो सकेंगे जिनकी दिव्यांगता 40 प्रतिशत या उससे अधिक है, वैध दस्तावेज मौजूद हैं, यूडीआईडी कार्ड उपलब्ध है तथा मासिक आय 2,25,000 रूपए से अधिक नहीं है। इच्छुक लाभार्थियों को आवश्यक दस्तावेजों के साथ दो पासपोर्ट आकार के फोटो लाने होंगे।

वरिष्ठ नागरिकों के लिए राष्ट्रीय वयोश्री योजना के अंतर्गत मूल्यांकन शिविर लगाया जाएगा। इसमें वे नागरिक शामिल हो सकेंगे जिनकी मासिक आय 15,000 रूपए से कम है और जो किसी भी सरकारी सेवा से सेवानिवृत्त नहीं हैं। आधार कार्ड और दो पासपोर्ट आकार के फोटो अनिवार्य रहेंगे।

इसके साथ ही ब्लड डोनेशन कैंप सुबह 10:30 बजे से शाम 4:00 बजे तक, हेल्दी बेबी शो दोपहर 12:00 बजे से 1:00 बजे तक, तथा दिव्यांगजन एवं वरिष्ठ नागरिकों के लिए फैशन शो दोपहर 1:00 बजे से 3:00 बजे तक आयोजित किया जाएगा। शाम 7:00 बजे से 7:20 बजे तक बॉडी बिल्डिंग शो दर्शकों के आकर्षण का केंद्र रहेगा।

सांस्कृतिक संध्या में नाटी स्टार कुलदीप शर्मा तथा इंडियन आइडल फेम कुमार साहिल अपनी प्रस्तुतियों से महोत्सव की अंतिम शाम को यादगार बनाएंगे।

कार्यक्रम के समापन अवसर पर जल क्रीड़ा प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया जाएगा। जल तरंग जोश महोत्सव का अंतिम दिन विविध गतिविधियों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ जनभागीदारी का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करेगा।

# शहर हुआ राममय : सेक्टर-34 में 7 दिवसीय श्री रामकथा शुरू

## पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया आज शाम 7 बजे करेंगे आगमन



अर्थ प्रकाश/वीरेन्द्र सिंह

**चंडीगढ़, 22 नवंबर।** सेक्टर-34 के प्रदर्शनी मैदान में आज से सात दिवसीय श्री राम कथा का शुभारंभ होने जा रहा है। कथा प्रतिदिन शाम 6 बजे से आयोजित की जाएगी। इसका आयोजन दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान और श्री राम कृपा ट्रस्ट चंडीगढ़ द्वारा किया जा रहा है।

कथा स्थल को रंग-बिरंगे फूलों और आकर्षक सजावट से सुसज्जित किया गया है, जिससे पूरे क्षेत्र में आध्यात्मिक उत्साह व्याप्त है।

कथा वाचन दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के संस्थापक आशुतोष महाराज जी की परम शिष्या, अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कथा व्यास साध्वी श्रेया भारती जी अपनी संत मंडली के साथ करेंगी। श्रद्धालु श्रीराम के जीवन, आदर्शों, मर्यादा और लीलाओं को आध्यात्मिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक दृष्टिकोण से जान सकेंगे। श्रद्धालुओं की संभावित बड़ी संख्या को देखते हुए संपूर्ण व्यवस्था की गई है।

## नयागांव में प्राचीन पंचमुखी शिव मंदिर मेन बाजार से 1,111 श्याम भक्तों ने हाथों में श्याम चिह्न उठा निकाली भव्य निशान यात्रा : राजकुमार शर्मा

अर्थ प्रकाश/जेके बत्ता

**न्यू- चंडीगढ़।** नयागांव में प्राचीन पंचमुखी शिव मंदिर मेन बाजार से प्रधान राज कुमार शर्मा के नेतृत्व में लगभग 1,111 श्याम भक्तों ने हाथों में श्याम चिह्न उठा कर भव्य निशान यात्रा निकाली गई । इस दौरान श्री खाटू श्याम के जयकारे लगाए गए। श्री खाटू श्याम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित की गई निशान, ध्वजा यात्रा में शामिल श्याम रथ पर श्याम जी का भव्य स्वरूप स्थापित किया गया। नयागांव में प्राचीन पंचमुखी शिव मंदिर मेन बाजार से प्रधान राज कुमार शर्मा ने पंडित सुनील शास्त्री जी द्वारा श्याम खाटू जी की विधि-विधान से पूजा के बाद शोभायात्रा को रवाना किया।



निशान यात्रा नयागांव के सारे बाजार से चलते हुऐ एकम फार्म के पास शर्मा फास्ट फूड के सामने रुके वहां उनको नरेश शर्मा ,बजरंग बंसल ,नवीन बंसल व अन्य भक्तों द्वारा चाय व बिस्कुट खिलाये गये फिर यात्रा शिव शक्ति ट्रेडर्स पर सभी को पानी पिलाया गया व बिस्किट दिये गये जो मार्केट कमेटी के पूर्व प्रधान देस राज बंसल द्वारा निशान यात्रा का स्वागत किया गया । इसके बाद रथ के साथ-साथ अलग-अलग बैंड एवं ढोल नगाड़ों की पार्टियां व महिलाओं द्वारा भजन कीर्तन करते चलीं और कतारबद्ध श्याम भक्तों ने खाटू श्याम जी के जयकारे लगाए। महिलाओं की ओर से पुष्प वर्षा करके श्याम आरती की गई।



## केन्द्र सरकार की संयुक्त सचिव ने चंडीगढ़ में प्रगति का फील्ड निरीक्षण किया

अर्थ प्रकाश/वीरेन्द्र सिंह

**जल शक्ति अभियान 2025**

**चंडीगढ़, 22 नवंबर।** भारत सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की संयुक्त सचिव गुरनीत तेज ने आज चंडीगढ़ में जल शक्ति अभियान ÷ कैच द रेन 2025 की प्रगति का विस्तृत निरीक्षण किया।

नगर निगम कमिश्नर अमित कुमार और वरिष्ठ अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वर्षा जल संचयन संरचनाओं, अमृत सरोवर और सीवेज उपचार संयंत्रों का जायज़ा लिया। उन्होंने चंडीगढ़ के कुशल जल प्रबंधन की सराहना करते हुए कहा कि यह शहर वर्षा जल संरक्षण का आदर्श मॉडल बनने की दिशा में अग्रसर है। उन्होंने चंडीगढ़, मोहाली, पंचकूला और ज़ीरकपुर के लिए अंतरङ्कराज्य भूङ्कजल प्रबंधन नीति बनाने का सुझाव दिया तथा भूमिगत एक्विफर योजना तैयार करते समय केंद्रीय भूङ्कजल बोर्ड को शामिल करने पर जोर दिया।

## अमात्य शौकिया गोल्फर समाज 23 नवंबर को आयोजित करेगा 10वां गोल्फ प्रतियोगिता समारोह




मुख्य अतिथि होंगी आईएएस अधिकारी राखी गुप्ता; 72 खिलाड़ी करेंगे प्रतिस्पर्धा

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 22 नवंबर।** अमात्य शौकिया गोल्फर समाज ने घोषणा की कि उसकी 10वीं वार्षिक गोल्फ प्रतियोगिता 23 नवंबर 2025 को पंचकूला गोल्फ परिसर में आयोजित होगी। संस्थापक न्यास सदस्य सुरेश कुमार गुप्ता, मुख्य संरक्षक हुकुम गोयल और संरक्षक मोहित बंसल ने प्रतियोगिता से संबंधित विवरण साझा किए।

प्रतियोगिता में 68 पुरुष और 4 महिला सहित कुल 72 खिलाड़ी शामिल होंगे। प्रतियोगिता तीन दक्षता वर्गों–0 से 9, 10 से 15 और 16 से अधिक–में आयोजित होगी।

इसके अतिरिक्त सबसे लंबी दूरी पर हिट, सबसे सीधी हिट तथा छेद के सबसे निकट गेंद पहुँचाने की प्रतियोगिताएँ भी होंगी।

यह भी बताया गया कि समाज नए खिलाड़ियों को किफायती शुल्क पर गोल्फ प्रशिक्षण उपलब्ध कराएगा, ताकि अधिक से अधिक युवा इस खेल से जुड़ सकें।

## पंचकूला में 'आयुष्मान भारत सर्जिकल कैंप सप्ताह' सफलतापूर्वक सम्पन्न : सिविल सर्जन

सिविल अस्पताल सेक्टर-6 में जनरल, ईएनटी, नेत्र, स्त्री रोग व आर्थो की 180 सर्जरियाँ सफल

आयुष्मान/चिरायु योजना के तहत मरीजों को समयबद्ध और कैशलेस उपचार

अर्थ प्रकाश/सुनील सिंघई



**पंचकूला 22 नवंबर।** हरियाणा सरकार द्वारा निर्देशित ÷आयुष्मान भारत सर्जिकल कैंप सप्ताह÷ 17 नवम्बर से 22 नवम्बर 2025 तक पूरे प्रदेश में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस विशेष अभियान का मुख्य उद्देश्य आयुष्मान भारत/चिरायु हरियाणा योजना के अंतर्गत लंबित सर्जरियों को प्राथमिकता के साथ पूरा करना, तथा सभी पात्र लाभार्थियों को समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण, निःशुल्क एवं कैशलेस शल्य चिकित्सा सुविधाएँ प्रदान करना था।

सिविल सर्जन पंचकूला डॉ मुक्ता कुमार ने बताया कि सिविल अस्पताल, सेक्टर-06 पंचकूला में सर्जिकल कैंप का सुव्यवस्थित आयोजन किया गया, जहाँ अस्पताल प्रशासन, विशेषज्ञ डॉक्टरों, नर्सिंग स्टाफ तथा आयुष्मान प्रबंधन टीम ने अत्यंत समन्वय और तत्परता के साथ अपना दायित्व निभाया। मरीजों के पंजीकरण से लेकर परामर्श, सर्जरी एवं पोस्ट-ऑपरेटिव केयर तक सभी व्यवस्थाएँ सुचारू रूप से संचालित की गई।

उन्होंने बताया की कैंप में 17 नवम्बर से 22 नवम्बर तक विभिन्न विभागों में कुल 180 सर्जरी सफलतापूर्वक की गई। इनमे 60 जनरल सर्जरी, 16 ईएनटी सर्जरी, 43 नेत्र सर्जरी, 53 स्त्री रोग से संबंधित सर्जरी और 8 आर्थोपेडिक सर्जरी शामिल हैं । सभी लाभार्थियों को योजनानुसार उच्च गुणवत्ता वाली निःशुल्क एवं कैशलेस सेवाएँ प्रदान की गई। सिविल सर्जन, पंचकूला ने बताया कि यह अभियान हरियाणा सरकार के स्वास्थ्य सुरक्षा मिशन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना।

## न्यूज़ ब्रीफ

### आईएसबी इनसाईट्स फोरम 2025 में अजीम प्रेमजी आईएसबी रिसर्च कैटालिस्ट अवार्ड से सम्मानित

**मोहाली, 22 नवंबर।** इंडियन स्कूल ऑफ बि?नेस ने आज आईएसबी इनसाईट्स फोरम 2025 में विप्रो लिमिटेड के फाउंडर चेयरमैन, अजीम प्रेमजी को आईएसबी रिसर्च कैटालिस्ट अवार्ड से सम्मानित किया। यह अवार्ड उन्हें भारत में शोध के क्षेत्र में अपने अभूतपूर्व योगदान के लिए दिया गया। आईएसबी रिसर्च कैटेलिस्ट अवॉर्ड उन व्यक्तियों को दिया जाता है जिनकी दूरदृष्टि, उदारता और प्रतिबद्धता ने देश के नॉलेज इकोसिस्टम को मजबूत किया है, अत्याधुनिक शोध को सक्षम बनाया है और समाज की प्रगति के लिए प्रमाण-आधारित समस्या-समाधान की संस्कृति को प्रेरित किया है। मोहाली परिसर में आयोजित आईएसबी इनसाईट्स फोरम के तीसरे संस्करण में शिक्षा जगत, उद्योग, सरकार और जनसेवा क्षेत्र के नेतृत्वकर्ताओं ने हिस्सा लिया। उन्होंने शोध के एजेंडा को आगे ब?ाने और भारत एवं विश्व की महत्वपूर्ण समस्याओं को हल करने के लिए महत्वपूर्ण वार्ताएं कीं। इस वार्षिक फोरम में शोध की ओर ध्यान आकर्षित करने का एक मंच प्राप्त होता है, जो मैनेजमेंट थिंकिंग को आकार देता है और शोधकर्ताओं एवं उद्योग विशेषज्ञों के बीच सहयोग को मजबूत बनाता है।



### सक्रिय वरिष्ठ नागरिक समुदाय के साथ भारत का पहला एकीकृत खेल जीवन आवास

**जीरकपुर।** एसबीपी ग्रुप ने ज़ीरकपुर के सेक्टर 5 में एक एकीकृत आवासीय समुदाय, ओलंपिया की घोषणा की है, जो हिमालय के ताज़ा दृश्य प्रस्तुत करता है और भारत में सक्रिय जीवन शैली, परिवार-केंद्रित जीवनशैली और उद्देश्यपूर्ण वृद्धावस्था के प्रति दृष्टिकोण को पुनर्परिभाषित करता है। यह परियोजना दो शक्तिशाली स्तंभों–खेल-आधारित आधुनिक आवास और सोच-समझकर डिज़ाइन किया गया वरिष्ठ नागरिक समुदाय–का सम्मिश्रण करती है, जो एक अनूठा, भविष्य-तैयार वातावरण तैयार करती है जहाँ सभी पीढ़ियाँ एक साथ फलती-फूलती हैं। भारत की सबसे प्रगतिशील आवासीय अवधारणाओं में से एक के रूप में परिकल्पित, ओलंपिया - स्पोर्ट्स लाइफ रेजिडेंसेज़ अंतरराष्ट्रीय स्तर के खेल बुनियादी ढाँचे को दैनिक जीवन की गुणवत्ता को बेहतर बनाने के लिए डिज़ाइन किए गए घरों के साथ जोड़ता है। फिटनेस, स्वास्थ्य और गतिशीलता इस परियोजना के नियोजन दर्शन का मूल हैं। इस दृष्टिकोण का नेतृत्व करते हुए, एसबीपी समूह के अध्यक्ष, श्री अमन सिंगला ने सामुदायिक विकास में खेलों की परिवर्तनकारी भूमिका पर ज़ोर दिया। उन्होंने कहा, 卐महिलाओं का खेल महत्वपूर्ण है। हमारे समुदायों को हर लड़की और हर महिला को आत्मविश्वास के साथ मैदान पर उतरने में सक्षम बनाना चाहिए।卐 एक व्यापक राष्ट्रीय महत्वाकांक्षा को मज़बूत करते हुए, उन्होंने कहा- 卐हर घर से एक सानिया और एक हरमनप्रीत निकलेगी।

### कालका में गोगा माड़ी रामबाग रोड पर वार्षिक भंडारे का भव्य आयोजन



**कालका (जग्गी)।** गुरु गोरखनाथ जी व गोगा जाहरवीर जी की असीम कृपा से प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी गोगा माड़ी, रामबाग रोड, गाँव भैरों की सैर, कालका में भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम दिनांक 22 नवंबर 2025, दिन शनिवार को दोपहर 12 बजे से प्रभु इच्छा तक आयोजित किया गया, जिसमें दूर-दराज़ से श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुँचकर बाबा जी का आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं। आयोजन स्थल पर सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा। मंदिर परिसर में पूजा-अर्चना के बाद भंडारे की शुरुआत की गई। श्रद्धालुओं को प्रसादी के रूप में भोजन वितरित किया गया। पंडितों व सेवादारों द्वारा पूरे विधि-विधान से कार्यक्रम संपन्न कराया गया। इस भंडारे का आयोजन पंडित सीताराम शर्मा (ज्योतिष शास्त्री), पार्षद महेश शर्मा (टिंकू) एवं समस्त शर्मा परिवार द्वारा किया गया। आयोजकों ने बताया कि यह वार्षिक परंपरा वर्षों से चली आ रही है और बाबा जी की कृपा से हर वर्ष भक्तों की संख्या में वृद्धि हो रही है। स्थानीय लोगों ने भी इस धार्मिक आयोजन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और प्रसाद ग्रहण कर स्वयं को धन्य महसूस किया। आयोजकों ने सभी भक्तों का आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी इसी प्रकार सहयोग बनाए रखने की अपील की।

## विलो ट्री स्मार्ट स्कूल ने मनाया 13वां वार्षिकोत्सव, बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों देकर मोहा सभी का मन

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला, 22 नवंबर।** विलो ट्री स्मार्ट स्कूल, 12 ए एवं एमडीसी, ने अपना 13वाँ वार्षिकोत्सव सेक्टर-5, पंचकुला स्थित इंद्रधनुष ऑडिटोरियम में अत्यंत उत्साह और उल्लास के साथ आयोजित किया। इस भव्य समारोह में बड़ी संख्या में अभिभावकों, संरक्षकों एवं विशिष्ट अतिथियों ने भाग लिया और नन्हे विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत रंग-बिरंगे कार्यक्रमों के माध्यम से ÷विविधता में एकता÷ की भावना का सजीव प्रदर्शन देखा।

इस अवसर की शोभा अपने गरिमामयी उपस्थिती से पंचकुला के माननीय महापौर श्री कुलभूषण गोयल ने मुख्य अतिथि के रूप में बढ़ाई। वहीं, विशिष्ट अतिथि के रूप में



आर्टिलरी रेजिमेंट के कर्नल आशीष तिवारी, कमांडिंग ऑफिसर, चंडीमंदिर की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा में और वृद्धि की।

इस वार्षिकोत्सव की थीम ÷रंग तरंग ङ्क कलर्स ऑफ इंडिया÷ रही, जिसके अंतर्गत प्लेग्रुप से लेकर सीनियर केजी तक के विद्यार्थियों ने भारत के विभिन्न राज्यों की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से प्रेरित मनमोहक प्रस्तुतियाँ दीं। नृत्य, संगीत और नाट्य रूपांतरण के माध्यम से बच्चों ने देश की विविधता और एकता को अत्यंत सुंदर ढंग से प्रस्तुत किया। दर्शक विशेष रूप से विलोवीट्स की माताओं द्वारा दी गई समापन प्रस्तुति से भाव-विभोर हो गए। कार्यक्रम के विशेष आकर्षणों में मुंशी प्रेमचंद की प्रसिद्ध रचना ईदगाह तथा चयनित परीकथाओं के प्रभावशाली मंचन शामिल रहे, जिन्हें अभिभावकों ने भरपूर सराहना और तालियों के साथ सराहा।

प्रत्येक प्रस्तुति में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों की मेहनत, रचनात्मकता और आत्मविश्वास स्पष्ट रूप से झलक रहा था। समारोह की आत्मा को और भी ऊँचाई मिली जब विभिन्न क्षेत्रों से आई माताओं ने अपने दैनिक जीवन में निभाई जाने वाली अनेक भूमिकाओं को दर्शाती एक भावपूर्ण प्रस्तुति दी, जिसने पूरे सभागार को प्रेरित और भावुक कर दिया।

## रेलवे हॉस्पिटल कालका में सुविधाओं की समीक्षा हेतु यूनियन की बैठक आयोजित

अर्थ प्रकाश/जग्गी

**कालका।** वर्कशॉप की उत्तरीय रेलवे मजदूर यूनियन ब्रांच द्वारा रेलवे हॉस्पिटल, कालका की डॉक्टर सीएमपी/जीडीएमओ के साथ एक इनफॉर्मल मीटिंग आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता शाखा सचिव श्री विकास तलवाड़ तथा शाखा अध्यक्ष श्री रविन्द्र शर्मा ने की। इस अवसर पर उत्तरीय रेलवे मजदूर यूनियन कालका वर्कशॉप की पूरी टीम मौजूद रही।

बैठक के दौरान हॉस्पिटल में कार्यरत एवं सेवानिवृत्त कर्मचारियों को स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी आ रही समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की गई। यूनियन पदाधिकारियों ने डॉक्टर एवं अस्पताल स्टाफ के साथ बातचीत कर हॉस्पिटल का निरीक्षण किया तथा वहां की मौजूदा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के उपरांत हॉस्पिटल में पाई गई कमियों को प्राथमिकता के आधार पर जल्द दूर करने के निर्देश दिए गए, ताकि कर्मचारियों को इलाज के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

डॉक्टर द्वारा यूनियन को भरोसा दिलाया गया कि अस्पताल की सभी आवश्यक कमियों को शीघ्र ही दूर किया जाएगा तथा मरीजों के इलाज में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाएगी। चर्चा का माहौल सकारात्मक एवं सहयोगपूर्ण रहा। इस मौके पर यूनियन पदाधिकारी कपिल देव नेगी (सहायक शाखा सचिव), राजेन्द्र सैनी (कोषाध्यक्ष) और सौरभ कुमार (यूथ सचिव) सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## सेक्टर-22 में अतिक्रमण हटाने की सशक्त मुहिम, 35 चालान जारी

अर्थ प्रकाश/वीरेन्द्र सिंह

**चंडीगढ़, 22 नवंबर।** नगर निगम चंडीगढ़ ने आज सेक्टर-22 के कई प्रमुख क्षेत्रों–शास्त्री मार्केट, किरण सिनेमा क्षेत्र, वेंडर ज़ोन तथा आसपास की जगहों–में व्यापक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया।

संयुक्त आयुक्त हिमांशु गुप्ता के नेतृत्व में अधिकारियों ने फुटपाथों और बाजार क्षेत्रों का निरीक्षण कर अवैध निर्माण, अतिरिक्त सामान और मार्ग अवरुद्ध करने वाले ढांचे हटाए।

कार्रवाई के दौरान 35 चालान जारी किए गए। संयुक्त आयुक्त ने स्पष्ट किया कि शहर को स्वच्छ, व्यवस्थित और सुगम बनाए रखने के लिए ऐसे अभियान निरंतर जारी रहेंगे। उन्होंने दुकानदारों व रेहड़ी-फड़ी संचालकों से सहयोग की




अपील की और दोबारा नियम तोड़ने वालों को कठोर दंड की चेतावनी दी।

## दादे-पोते की कहानी 'री-बर्थ' से फिर जीवंत होंगे पारिवारिक रिश्ते

16-17 अंडरपास में फिल्म की टीम ने चलाया जागरूकता अभियान

अर्थ प्रकाश/वीरेन्द्र सिंह

**चंडीगढ़, 22 नवंबर।** तेजी से आधुनिक हो रहे दौर में संयुक्त परिवारों का बिखराव बढ़ता जा रहा है। ऐसे समय में पंजाबी फिल्म 'री-बर्थ' दादेङ्कपोते के पवित्र रिश्ते को केंद्र में रखते हुए पारिवारिक मूल्यों और भावनात्मक जुड़ाव को पुनर्जीवित करने का संदेश लेकर आई है।

शनिवार को फिल्म की पूरी टीम–गुरचेत चित्रकार, जोरावर सिंह, लेखकङ्कनिर्देशक मलकीत मलंगा, निर्माता मनप्रीत सिंह और अलका ठाकुर–सेक्टर 16ङ्क17 के अंडरपास पहुँची। यहां उन्होंने राहगीरों



से संवाद कर परिवार और बड़ोंङ्कछोटों के रिश्तों के महत्व पर प्रकाश डाला।

कलाकारों ने कहा कि दादाङ्कपोते का रिश्ता केवल उम्र का अंतर नहीं बल्कि अनुभव, संस्कार और प्रेम की धरोहर है, जिसे हर परिवार को संभालकर रखना चाहिए। जनता ने भी इस अभियान की सराहना की और माना कि सामाजिक बदलाव में सिनेमा महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

अभियान में नरोत्तम सिंह, निर्देशक बॉबी बाजवा, गायक सरबंस प्रतीक सिंह, निर्माता जग्गी भंगू, कुलदीप भट्टी, रोहित चौहान, मनिंदर, काजल सहित कई कलाकार शामिल हुए।

# पीएम मोदी- मुख्यमंत्री नायब नेतृत्व में ग्रामीण विकास तेज़ी से आगे बढ़ रहा है: डॉ. अरविंद शर्मा

**जनसंवाद में मंत्री ने ग्रामीण मांगों के त्वरित समाधान के दिए निर्देश**

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी



गोहाना/सोनीपत। सहकारिता, कारागार, निर्वाचन, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने आगामी 25 नवम्बर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुरुक्षेत्र आगमन व गुरू तेगबहादुर के 350वें बलिदान जयंती समारोह का ग्रामीणों को न्यौता देते हुए बढ़ चढ़कर पहुंचने का आह्वान किया। शनिवार को सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा गोहाना विधानसभा के गांव भठगांव, लुहारी टिब्बा व जाजी में जनसंवाद कार्यक्रम में पहुंचे और ग्रामीणों द्वारा रखी गई मांगों के निदान के लिए अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि जनता-जनार्दन के आशीर्वाद से ही गोहाना में कमल खिला और उनको नायब सरकार के मंत्रिमंडल में स्थान मिला। आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में समान भावना के साथ विकास कार्य हो रहे हैं, हर गांव में आमजन द्वारा की जा रही सामूहिक मांग पर करोड़ों रुपए के विकास करवाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इलाके में विकास कार्यो को लेकर पैसे की कमी नहीं रहने दी जाएगी। गांवों के सभी सामूहिक कामों कामों को प्राथमिकता पर करवाया जाएगा। कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि खेतीहर मजदूर, किसान, युवाओं, महिलाओं पर केंद्रित कितनी सारी योजनाएं लागू की जा रही हैं, ताकि सबका सामाजिक व आर्थिक उत्थान सुनिश्चित हो सके। प्रदेश में पण्डित दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना में हरियाणा दिवस से 5.22 लाख बहनों को 2100 रुपए देने शुरू किए गए, जबकि पहले चरण में 20 लाख से अधिक पात्र बहनों, माताओं को लाडो लक्ष्मी योजना का लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत वीरवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किसान भाइयों के खाते में 21वीं किश्त जारी की, जिसमें सोनीपत जिला के 83 हजार किसान भाइयों के खाते में 16.58 करोड़ रुपए राशि पहुंचीं। सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि गोहाना विधानसभा में 18 सड़कों का निर्माण पूरा हो चुका है और 16 सड़कों का निर्माण जारी है। आगामी छह महीने में 6 करोड़ रुपए की लागत से 9 सड़कों का निर्माण पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सोनीपत से भठगांव होते हुए फरमाना तक सड़क निर्माण के लिए साढ़े छह करोड़ रुपए मंजूर हो चुके हैं। जनसंवाद कार्यक्रमों के दौरान ग्रामीणों द्वारा सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा व उनकी धर्मपत्नी डॉ रीटा शर्मा का फूल-मालाओं के साथ भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर भाजपा गोहाना जिलाध्यक्ष बिजेन्द्र मलिक, पूर्व विधायक आदर्श नगर पवन शर्मा, डॉ ओमप्रकाश शर्मा, नरेन्द्र गहलावत, भाजपा किसान मोर्चा अध्यक्ष प्रदीप बड़वासनी, भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय दहिया, भठगांव माल्यान सरपंच सविता धर्मपत्नी नीरज कुमार, भठगांव डूंगरान सरपंच प्रियंका धर्मपत्नी रवित कुमार, लुहारी टिब्बा सरपंच अजय, जाजी सरपंच पूजा धर्मपत्नी चांद सिंह समेत बड़ी संख्या में गणमान्य एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

# सोनीपत पुलिस ने गांव फरमाणा में शहीद की मूर्ति को क्षतिग्रस्त की घटना में संलिप्त तीसरा आरोपी को किया गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी



सोनीपत। थाना खरखौदा की पुलिस टीम ने गांव फरमाणा में शहीद की मुर्ती को तोड़ने की घटना मे संलिप्त तीसरे आरोपी को भी गिरफ्तार किया हैद्य गिरफ्तार आरोपी अनुज उर्फ निक्कू पुत्र राजकुमार उर्फ सूंदर निवासी फरमाणा जिला सोनीपत का रहने वाला है।

इस प्रकरण की विस्तृत जानकारी देते हुए बतलाया कि 15 नवम्बर 2025 को श्रीभगवान पुत्र शहीद तेज सिंह निवासी गाँव फरमाणा जिला सोनीपत ने थाना खरखौदा मे शिकायत दी कि गांव की पंचायती जमीन गुहणा मोड पर पंचायत सहमति से जनहित मे युवाओ को बलिदान प्रेरणा देने में 03 को अपने पिता शहिद तेज सिंह की मूर्ति का अनावरण किया था। जो 14 को समय तकरीबन 10 पर हमारे गाँव के अमित पुत्र जयभगवान, संदीप पुत्र बलबीर व निकू पुत्र सुंदर ने मिलकर मेरे पिता शहीद तेज सिहं की मूर्ति को तोड दिया जो की मूर्ति की गर्दन टुटी हुई है। जिस कारण मूर्ति खंडित हो गई है। इस घटना का भारतीय न्याय संहिता की धाराओं के अन्तर्गत थाना खरखौदा में अभियोग दर्ज किया गया था।

थाना खरखौदा की अनुसंधान टीम मे नियुक्त सहायक उप निरिक्षक प्रदीप ने अपनी पुलिस टीम के साथ तत्परता से कार्यवाही करते हुए घटना मे संलिप्त दो आरोपियों अमित उर्फ सोनू पुत्र जय भगवान व संदीप उर्फ छोटू पुत्र बलबीर निवासी फरमाणा जिला सोनीपत को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। अब घटना में संलिप्त तीसरे आरोपी अनुज उर्फ निक्कू पुत्र राजकुमार उर्फ सूंदर निवासी फरमाणा जिला सोनीपत को भी गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय मे पेशकर न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत जेल भेज दिया गया है।

# गन्नौर में 35वीं सब जूनियर कबड्डी नेशनल के लिए लड़का वर्ग के ट्रायल संपन्न, 40 से अधिक खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

अर्थ प्रकाश/सुरेन्द्र कुमार



**गन्नौर।** नगरपालिका स्टेडियम में शनिवार को 35वीं सब जूनियर कबड्डी नेशनल प्रतियोगिता के लिए लड़का वर्ग का चयन ट्रायल आयोजित किया गया। आगामी 27 से 30 नवंबर तक रायत बहारा इंस्टीट्यूट, चिडाना गोहाना में होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए राज्य टीम के चयन को लेकर खिलाड़ियों में उत्साह देखने को मिला। ट्रायल में जिले सहित प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से आए 40 से अधिक खिलाड़ियों ने दमखम दिखाया। कार्यक्रम में पंचायत मंत्री एवं एमेच्योर कबड्डी एसोसिएशन हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण लाल पंवार मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। उनके साथ महासचिव नसीब जांगू भी मौजूद रहे। ट्रायल के दौरान नपा अध्यक्ष अरुण त्यागी, सोनीपत कबड्डी संघ के अध्यक्ष बलबीर पहल समेत कई खेल अधिकारी और खेलप्रेमी उपस्थित रहे। मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने खिलाड़ियों की प्रतिभा को जांचा। पंवार ने विश्वास जताया कि चयनित खिलाड़ी राष्ट्रीय प्रतियोगिता में हरियाणा का परचम लहराएंगे। चयनित टीम आगामी राष्ट्रीय प्रतियोगिता में हरियाणा का प्रतिनिधित्व करेगी।

# नशीला पदार्थ रखने का आरोपी गिरफ्तार

कुरुक्षेत्र (अप्रस)। एंटी नारकोटिक्स सैल की टीम ने नशीला पदार्थ सप्लाई करने के आरोपी को भी किया काबू । जिला पुलिस ने नशीले पदार्थो की तस्करी पर शिकंजा कसते हुए नशीला पदार्थ रखने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल के मार्ग-निर्देश में एंटी नारकोटिक्स सैल की टीम ने नशीला पदार्थ रखने के आरोप में प्रदीप कुमार वासी रंगिया मंडी जिला अम्बाला को काबू करके उसके कब्जे से 33.33 ग्राम हैरोइन की बरामद। एंटी नारकोटिक्स सैल की टीम ने नशीला पदार्थ सप्लाई करने के आरोपी साहिल वासी अम्बाला कैंट को गिरफ्तार करने मे सफलता हासिल की है।

# गांव बघौला के युवाओं ने रामचरितमानस सुंदरकांड के संगीतमय पाठ का किया आयोजन



**मधुर संगीत के बीच कच्ची चौपाल के प्रागंण में आयोजित सुंदरकांड की चौपाइयों पर झूमे श्रोतागण**

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ

पलवल। शनिवार को पलवल के गांव बघौला में संगीतमय रामचरितमानस सुंदरकांड का एक बार फिर सुंदर आयोजन किया गया। इस दौरान मधुर संगीत के बीच श्रोतागण चौपाइयों पर झूमते नजर आए। कार्यक्रम में काफी संख्या में महिला, पुरुष व युवाओं ने भाग लिया। संगीतमयी चौपाइयों से पूरा माहौल राममय बना रहा। कार्यक्रम की शुरुआत राम दरबार एवं हनुमान जी की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर की गई।

संगीतमय पाठ की शुरुआत वंदना स्तुति के साथ की गई। कार्यक्रम के आयोजन में ओमप्रकाश, सुनील वर्मा, दिनेश, गुलशन, नरेश, हिमांशु, रघुबीर चंदेल, सुभाष वशिष्ठ व पवन समेत गांव के काफी संख्या में युवाओं ने अहम भूमिका निभाई। पंडित ऋर्षि ने अपनी मधुर वाणी से सुंदर पाठ की चौपाइयों का गुणगान किया। इस दौरान श्रोतागण मंत्रमुग्ध नजर आए। वाद्य यंत्रों के साथ मधुर ध्वनि में राम चरित्र मानस के संगीतमय पाठ श्रोतागण भाव विभोर नजर आए। सभी ने इस कार्यक्रम की खूब सराहना की। सुंदरकांड की चौपाइयों के सुंदर गुणगान से पूरा वातावरण भक्ति मय रहा। कार्यक्रम के अंत में प्रशाद का वितरण किया गया। ओम प्रकाश ने बताया कि युवाओं ने गत महीने निर्णय लिया था कि वे सुख, शांति और समृद्धि के लिए गांव के सहयोग से प्रत्येक महीने सुंदर कांड का आयोजन करेंगे।

# अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती अवसर पर गौ माता की रक्षा का संकल्प लें: महंत राजेंद्र पुरी



अर्थ प्रकाश संवाददाता

कुरुक्षेत्र। जग ज्योति दरबार में शनिवार को आयोजित कार्यक्रम के अवसर पर महंत राजेंद्र पुरी ने संतों से चर्चा करते हुए कहा है कि धर्मनगरी कुरुक्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव 2025 चल रहा है तो सभी सनातन को मानने वाले लोगों को भगवान श्री कृष्ण की प्रिय गौ माता की रक्षा का संकल्प करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम सभी के जीवन में संस्कारों एवं संस्कृति में गौ सेवा का बहुत महत्व है। हमारे पूर्वजों ने भी अपने भोजन से पूर्व गौ माता के लिए रोटी निकालने की प्रेरणा दी है। महंत राजेंद्र पुरी ने कहा कि हमारी सनातन संस्कृति की आधारशिला गौ-माता ही है। पौराणिक महत्व बताते हुए कहा कि हमारी संस्कृति का मूल आधार गंगा, गीता, गौ-माता, गोवर्धन और गोविंद हैं। इन पांचों के साथ हमारे जीवन का व हमारी संस्कृति का मूल मंत्र जुड़ा हुआ है, इसलिए हम सब अपने जीवन में मां गंगा, गौ माता व गीता को महत्व देते हुए उनकी पूजा करते हैं। महंत राजेंद्र पुरी कहा कि जग ज्योति दरबार कभी गौ माता पर अत्याचार सहन नहीं करेगा। वह अपने सभी श्रद्धालुओं को जीवन में गौ सेवा को अपनाने की प्रेरणा देते हैं। इस अवसर पर महंत कल्याण देव, स्वामी गरीब दास, स्वामी संतोष दास, स्वामी रामानंद, स्वामी कमल सागर, स्वामी सुनील दास, स्वामी संजय ब्रह्मचारी, स्वामी विद्यानंद सरस्वती इत्यादि भी गौ रक्षा की चर्चा में शामिल हुए। इस मौके पर अभिनव अरोड़ा, श्याम अरोड़ा, नीलम अनेजा, बबलू अनेजा, अनुज शर्मा, संतोष अरोड़ा, हरप्रीत सिंह, ईश्वर सिंह, विजय राठी, अजय राठी एवं अक्षय राठी इत्यादि भी मौजूद रहे।

# प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत रेहड़ी पटरी संचालकों को पार्षद जसवंत पंवार सैनी ने ऋण वितरित किए

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ



फरीदाबाद। बल्लभगढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग चावला कालोनी स्थित भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) बैंक परिसर में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत रेहड़ी-पटरी वालों को लोन वितरित किए गए। इस अवसर मुख्य अतिथि के रूप में पार्षद जसवंत पंवार सैनी उपस्थित रहे। पार्षद श्री पंवार का भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के मुख्य बैंक प्रबंधक सौरभ शर्मा व राम कुमार कौशिक ने बुक्के देकर व शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया। इस अवसर पर पार्षद श्री पंवार ने लगभग एक दर्जन लाभार्थियों को ऋण के प्रमाण पत्र वितरित किए।

पार्षद जसवंत पंवार सैनी ने उपस्थित लाभार्थियों व अन्य लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना शहरी रेहड़ी-पटरी वालों को वित्तीय सहायता देने के लिए एक माइक्रो-क्रेडिट योजना है, जिसे 1 जून 2020 को आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय द्वारा शुरू किया गया था। इस योजना के तहत रेहड़ी.पटरी वालों को बिना गारंटी के 10000 तक का कार्यशील पूंजी ऋण मिलता है, जिसे समय पर चुकाने पर 20000 और 50000 तक का ऋण भी मिल सकता है। यह योजना डिजिटल लेनदेन को भी बढ़ावा देती है, जिसके लिए कैशबैक के रूप में 100 प्रति माह तक का प्रोत्साहन दिया जाता है। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के क्षेत्रीय प्रबंधक अनिल दलाल ने बताया कि यह योजना शहरी रेहड़-पटरी विक्रेताओं को औपचारिक ऋण और वित्तीय सहायता प्रदान करना तथा डिजिटल लेनदेन को बढ़ावा देना। पहला ऋण 10,000 तक (1 साल की अवधि के लिए)। दूसरा ऋण 20, 000 तक (18 महीने की अवधि के लिए)। तीसरा ऋण50,000 तक 36 महीने की अवधि के लिए। ब्याज सब्सिडी नियमित पुनर्भुगतान पर 10,000, 20000 और 50000 तक के ऋण पर 7 प्रतिशत ब्याज सब्सिडी मिलती है। निर्धारित संख्या में डिजिटल लेनदेन करने पर प्रति माह 100 तक का कैशबैक मिलता रहेगा।

इस अवसर पर फरीदाबाद जिले के विभिन्न एसबीआई बैंकों के अधिकारी मौजूद रहे।


अर्थ प्रकाश क्लासीफाइड CLASSIFIED ADS

आज ही बुक करें PH. : 0172-2638515, 98883-03520 Email : arthparkashadvt29@gmail.com

## सार्वजनिक सूचना

**मैं,** लक्ष्मी, सैन्य संख्या- 17014835Y रैंक- नायक नाम- बोर्रा बुल्ली कोटैया की मां हुं जो वर्तमान में यूनिट- 61 इंजीनियर रेजिमेंट C/o 56 APO में तैनात है स्थायी पता- 1-49, बोर्रावरिपलेम, बोर्रावरिपलेम,VTC कुचिनापुडी, जिला- गुंटूर, राज्य- आंध्र प्रदेश, पिन कोड- 522262 घोषणा करती हूँ कि मैंने अपना नाम लक्ष्मी से बदलकर बोर्रा लक्ष्मी कर लिया है। शपथ पत्र संख्या- 11AA 095390, दिनांक- 21/11/2025 एपी-एफ

**मैं,** सुनील पुत्र भीम सिंह निवासी मकान नंबर 179, वार्ड नंबर 5, नानकपुरी कॉलोनी कैथल जिला कैथल (हरियाणा), अपना नाम सुनील से बदल कर सुनील कुमार रखता हूं। भविष्य में कृपया मुझे सुनील कुमार नाम से जाना जाये। सम्बंधित कृपया नोट करें। एपी-5796

**मैं,** गुड़ी देवी पत्नी संजय हाउस नंबर- 4766/1 सेक्टर-38 वेस्ट चंडीगढ़ ने अपना नाम गुड़ी देवी से बदलकर गुड़ी कर लिया है।

**मैं,** अयेशा अहमद सुपुत्री सगली राम और जसविंदर कौर # 34, सैनी विहार, फेज-1, पीर बाबा रोड, बलटाना, ब्यान करती हूँ कि त्रुटिवंश मेरे दस्तावेजों में मेरे पिता और माता का नाम यूनुस खान और परीसा दर्ज है, जबकि सही नाम सगली राम और जसविंदर कौर है। संबंधित नोट करे । एपी-5797

**मैं,** रंजना देवी पत्नी श्री संदीप, निवासी मकान नंबर 3407/2, सेक्टर 46-सी, चंडीगढ़, मैंने अपना नाम रंजना देवी से बदलकर रंजना कर लिया है। एपी-5798

**मैं,** सेना नंबर 5350983K, पूर्व सिपाही धर्मेंद्र सिंह, पुत्र श्री लाल बहादुर, निवासी गाँव एवं डाकघर शंभूवाला, तहसील नाहन, जिला सिरमौर, हिमाचल प्रदेश, ने अपनी नाबालिग पुत्री का नाम शराव्या सिंह (पुराना नाम) से बदलकर श्राव्या सिंह (नया नाम) कार्यकारी दंडाधिकारी नाहन के समक्ष प्रस्तुत शपथ दिनांक 22/11/2025 के तहत कर लिया है। कृपया संबंधित नोट करें। एपी-5799

**मैं,** सर्विस नं. 14858651Y, रैंक- NK, नाम- भुवा भद्रेश मनसुख पुत्र श्री मनसुखभाई एल भुवा, यूनिट 359 Coy Asc (Sup) टाइप-G चंडीमंदिर कैंट पंचकूला, हरियाणा, परमानेंट रेजिडेंट संकल्प-3 APP फ्लैट नं. 305 कैलाश पार्क-2, 150 फिट रिंग रोड राजकोट, गुजरात-360004, मैंने अपने बेटे का नाम युग से बदलकर युग बी भुवा कर दिया है। एपी-5800

I, BARA PYDITALLI is Mother of Army No 16120443A Rank: NK Name: Bara Venkatarao Present residing at 163 Br Coy, 16 Engr Br Regt (PMS), Chandimandir Cantt, Panchkula, Haryana declare that I have changed my name from BARA PYDITALLI to BARA PYDITHALLI and Also Correct my Date of birth from 10/05/1961 to 01/01/1965.

I, MANISHA am Mother of Army No: 2824657K Rank: Sep Name- Vishal Shankar Bhosale Permanent Address: Plot No. 103 Flat No. 52, Om Regency, Javheri Colony, Talegaon, Talegaon Dabhade (R), Pune, Maharashtra 410507 declare that I have changed my name from MANISHA to MANISHA SHANKAR BHOSALE. Vide Affdavit No: 11AA 219083, Dated: 22/11/2025, Before Notary, Panchkula, Haryana

I, PANDHARPOTE JOYTIRAM am Father of Army No: 2812586F Rank: L/Hav Name: Pandharpote Satish Joytiram Permanent Address: Aswala, PO: Anjandoha, Dist: Beed, State: Maharashtra, Pin-431124 declare that I have changed My Name from PANDHARPOTE JOYTIRAM to JYOTIRAM GANAPATI PANDHARPOTE. Vide Affdavit No: 11AA 095294, Dated: 22/11/2025 Before Notary Panchkula, Haryana

I, PANDHARPOTE BALIKA is Mother of Army No: 2812586F Rank: L/Hav Name: Pandharpote Satish Joytiram Permanent Address: Aswala, PO: Anjandoha, Dist: Beed, State: Maharashtra, Pin-431124 declare that I have changed My Name from PANDHARPOTE BALIKA to BALIKA JYOTIRAM PANDHARAPOTE. Vide Affdavit No: 11AA 095295, Dated: 22/11/2025, Before Notary Panchkula, Haryana

I, TSERING CHOROL is Legally Wedded Spouse of Army No: 9921818M Rank: TSNK Name- Thinles Namgial Permanent Address: Chuchot, Chuchoot Gongma, Leh, Jammu and Kashmir, Pin:194101 declare that I have Correct my Date of birth from 01/05/1964 to 03/04/1965. Vide Affidavit No: 11AA 095293, Dated: 22/11/2025

I, CHHERING CHOROL is legally wedded Spouse of Army No: 9921818M Rank: TSNK Name- Thinles Namgial Permanent Address: Chuchot, Chuchoot Gongma, Leh, Jammu and Kashmir, Pin:194101 declare that I have changed my name from CHHERING CHOROL to TSERING CHOROL. Vide Affidavit No: 11AA 095310, Dated: 22/11/2025

I, VIJAY am Father of Army No: 2809855X Rank: Hav Name: Gawade Vinod Vijay Permanent Address: House No-854 At Post: Chaukul, Teh: Sawantwadi, Dist: Sindhudurg, State: Maharashtra, Pin: 416510 declare that I have changed My Name from VIJAY to VIJAY SITARAM GAWADE. Vide Affidavit No: 11AA 219079, Dated: 22/11/2025, Before Notary Panchkula, Haryana.

I, SUNITA is Mother of Army No: 2809855X Rank: Hav Name: Gawade Vinod Vijay Permanent Address: House No-854 At Post: Chaukul, Teh: Sawantwadi, Dist: Sindhudurg, State: Maharashtra, Pin: 416510 declare that I have changed My Name from SUNITA to SUNITA VIJAY GAWADE. Vide Affidavit No: 11AA 219079, Dated: 22/11/2025, Before Notary Panchkula, Haryana.

**मैं,** जया, सैन्य संख्या- 7784479W रैंक- हवलदार नाम- शिवा आर की मां हूं जो वर्तमान में यूनिट - 14 कोर प्रोवोस्ट यूनिट में तैनात है स्थायी पता- डी नंबर 1215, कराकुर पोस्ट, कंधलमपट्टी, पैयूर, जिला- कृष्णागिरि, राज्य- तमिलनाडु, पिन-635112 घोषणा करती हूँ कि मैंने अपना नाम जया से बदलकर जया रंगास्वामी रख लिया है। शपथ पत्र संख्या- 11AA 095384, दिनांक- 21/11/2025

**मैं,** रंगास्वामी, सैन्य संख्या- 7784479W रैंक- हवलदार नाम- शिव आर का पिता हूं जो वर्तमान में यूनिट- 14 कोर प्रोवोस्ट यूनिट में तैनात है स्थायी पता- डी नंबर 1215, कराकुर पोस्ट, कंधलमपट्टी, पैयूर, जिला- कृष्णागिरि, राज्य- तमिलनाडु, पिन-635112 घोषणा करता हूँ कि मैंने अपना नाम रंगास्वामी से बदलकर रंगास्वामी कावेरी कर लिया है। शपथ पत्र संख्या-11AA095370, दिनांक- 21/11/2025 एपी-5801

**मैं,** महाबीर पुत्र राज पाल वासी फारेस्ट काम्प्लेक्स रेलवे रोड़, करनाल ने अपना नाम बदलकर महाबीर से महाबीर सिंह रखा है।

**मैं,** किरन पत्नी राम पाल वासी गांव शेखपुरा खालसा जिला करनाल ने अपना नाम बदलकर किरन देवी से किरन रखा है, भविष्य के सभी कार्यो के लिए।

**मैं,** बबिता मित्तल पत्नी सतबीर मित्तल, निवासी- 1238, सेक्टर -7, अर्बन एस्टेट, करनाल, हरियाणा, 132001, ने अपना नाम बबिता से बबिता मित्तल कर लिया है।

**मैं,** कपिल देशवाल पुत्र जोगिन्दर सिंह देशवाल वासी मकान नं ए 56, वार्ड नं. 6, अंसल टाउन, सैक्टर 36, करनाल ब्यान करता हूँ की मैंने अपनी नाबालिग पुत्री का नाम बदलकर Trisha से Trisha देशवाल रखा है। एपी-5802

**मैं,** शीश पाल पुत्र स्व दुर्गा देव भारद्वाज निवासी मकान नम्बर 352, सेक्टर 2, अर्बन एस्टेट, कुरुक्षेत्र ब्यान करता हूँ कि मेरी पुत्री आकाशी भारद्वाज के आई. सी. एस. ई. बोर्ड रिकॉर्ड में मेरा और मेरी पत्नी का नाम त्रुटिवश शीश पाल भारद्वाज व जनकेश कुमारी भारद्वाज दर्ज है जबकि हमारा सही नाम शीश पाल व जनकेश कुमारी है। कृपया इसे दुरुस्त किया जाए। एपी-5805

**मैं,** ध्रुव पुत्र कमल दीप निवासी गांव गजोंगढ़ी तहसील व जिला करनाल ब्यान करता हूं कि मैने अपना नाम ध्रुव से बदलकर ध्रुव शर्मा रख लिया है। भविष्य में मुझे ध्रुव शर्मा के नाम से जाना जाए।

**मैं,** ज्योति लूथरा पत्नी प्रवेश कुमार लूथरा निवासी मकान नम्बर 955, सैनी विहार फेस-3 बलटाना, एसएएस नगर मोहाली (पंजाब) मैने अपने पति का सर नाम प्रवेश कुमार लूथरा से बदलकर प्रवेश कुमार रख लिया है। एपी-5800

## बेदखली वापसी

**मैं,** राजेश पत्नी श्री सुभाष निवासी गांव खानपुर कला जिला सोनीपत की स्थाई निवासी हु में अपने दोनों बेटे व पुत्रवधु संदीप व उसकी पत्नी ज्योति, मोहित व उसकी पत्नी शिखा को अपनी तमाम चल अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं क्योंकि यह मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने से बाहर है भविष्य में इनसे लेनदेन करने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा। एपी-5803

## आवश्यक सूचना

अर्थ प्रकाश (हाउस ऑफ प्रिंट एंड डिजिटल मीडिया) का इस समाचार पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/ क्लासीफाइड) के तथ्यों संबंधी कोई दायित्व नहीं है। हमारा समाचार पत्र इनको सत्यापित नहीं करता है। किसी भी प्रकार के विज्ञापनों में पाठकों से विनती है कि वह कोई भी प्रतिक्रिया करने से पहले, विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पूर्व तथ्यों की स्वयं पुष्टि कर लें। यह समाचार पत्र उपरोक्त किसी भी विज्ञापन के प्रति उत्तरदायी नहीं होगा।

हम, राम अवतार पुत्र श्री जिले सिंह व उपासना पत्नी श्री राम अवतार निवासी मकान नं. 300/1, सैक्टर-14, पंचकूला हरियाणा के रहने वाले है घोषणा करते है कि हमारा लड़का वरूण कुमार वह हमारे कहने-सुनने से बाहर है, हम अपने पुत्र को अपनी सभी चल अचल संपतियों से बेदखल करते है उसके साथ लेनदेन करने वाला व्यक्ति अपने वैध/अवैध लेनदेन के लिए स्वयं जिम्मेदार होंगे। हमारा और हमारे परिवार का हमारे बेटे से कोई लेना देना नहीं होगा। एपी-5801

हम, कुंदन सिंह (आधार न. 7885 6430 3672) पुत्र प्रीतम सिंह, एवं सलिंदर कौर (आधार न. 7962 1377 6103) पत्नी कुंदन सिंह निवासी गणेश कॉलोनी, लाडवा रोड, पिपली तहसील थानेसर, जिला कुरुक्षेत्र ब्यान करते है हमारा पुत्र रणजोद सिंह जो पिछले 6 साल से पुर्तगाल मे रह रहा हैं हमारे कहने-सुनने से बाहर है को अपनी तमाम चल-अचल संपति से बेदखल करते है। आज के बाद रणजोद सिंह के द्वारा किये किसी भी कानूनी या गैर कानूनी कार्यो का वह स्वयं जिम्मेदार होगा। हमारा व हमारे परिवार की इसमें कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। एपी-5805

## खोया और पाया

**मैं,** हरभेज सिंह पुत्र सुखचरण सिंह, मकान संख्या 1486, कॉलेज कॉलोनी, डेराबस्सी, मोहाली (पंजाब) सर्वसाधारण को सूचित करता हूँ कि मेरे मूल दस्तावेज़, आधार कार्ड, पैनकार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस संख्या HR-4420080015953, ICICI बैंक का आईडी कार्ड, जिसका कलेक्शन आईडी कार्ड संख्या 2509972 है, बाइक की RC और लैपटॉप, वास्तव में 19/11/2025 को डेराबस्सी में खो गए हैं। अगर किसी को मिले तो कृपया ऊपर दिए गए पते पर या फ़ोन नंबर 9872649792 पर संपर्क करें। (यूनिक आईडी- 3311898) एपी-5804

अर्थ प्रकाश समाचार पत्र में अपना विज्ञापन लेकर अपने व्यापार को लाभांवित करें

आवश्यक सूचना अर्थ प्रकाश में क्लासीफाइड विज्ञापन देने के लिए 9988934664 पर संपर्क करें।

# श्री गुरू तेग बहादुर जी ने अपनी शहादत किसी धर्म व जाति के लिए नहीं बल्कि समूचे हिंदुस्तान के लिए दी थी : अनिल विज

कुरुक्षेत्र में 25 नवम्बर श्री गुरू तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस कार्यक्रम में को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आएंगे, अम्बाला छावनी से हजारों कार्यकर्ता रवाना होंगे

ऊर्जा मंत्री अनिल विज अनिल विज ने कार्यक्रम को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित किया व दिशा-निर्देश दिए



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**अम्बाला, 22 नवंबर।** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि श्री गुरू तेग बहादुर जी ने अपनी शहादत किसी धर्म व जाति के लिए नहीं बल्कि समूचे हिंदुस्तान के लिए दी थी और इसीलिए उनको हिंद की चादर कहा जाता है।

श्री विज आज शाम फारूखा खालसा स्कूल में भाजपा कार्यकर्ताओं को 25 नवम्बर को श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस पर कुरुक्षेत्र में आयोजित होने वाले कार्यक्रम को लेकर संबोधित कर रहे थे।

ऊर्जा मंत्री विज ने कहा कि इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी आ रहे हैं और कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए अम्बाला छावनी से हजारों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और श्रद्धालु हिस्सा लेंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में शामिल होकर गुरू जी का आर्शीवाद प्राप्त करें।

उन्होंने कहा कुरुक्षेत्र में आयोजित होने वाले ऐतिहासिक कार्यक्रम में हर उस व्यक्ति को जो अपने आपको हिंदुस्तानी मानता है उसे इस कार्यक्रम में बढ़चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए क्योंकि गुरू जी को हिंद की चादर कहा जाता है । उन्होंने कहा कि 25 नवम्बर को दोपहर दो बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी कुरुक्षेत्र में आएंगे। वो गुरू तेग बहादुर जी शहीदी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम व गीता जयंती महोत्सव में शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि अम्बाला छावनी से हजारों की संख्या में कार्यकर्ता व श्रद्धालु इस कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने इस अवसर पर कुरुक्षेत्र जाने की व्यवस्था को लेकर कार्यकर्ताओं से विचार-विमर्श किया। उन्होंने कहा शहीदी दिवस पर आयोजित होने वाले समागम में सभी लोग मर्यादा अनुसार समागम में हिस्सा लेंगे।

ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि श्री गुरू तेग बहादुर जी का 350वां शहीदी दिवस देश में श्रद्धापूर्वक मनाया जा रहा है। हरियाणा में भी हरियाणा सरकार ने चार नगर कीर्तन यात्रा निकाली है जोकि कुरुक्षेत्र में संपन्न होगी। इस ऐतिहासिक अवसर पर 25 नवम्बर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कुरुक्षेत्र आएंगे। अभी दो दिन पहले अम्बाला छावनी से नगर कीर्तन यात्रा निकली थी जिसमें पार्टी कार्यकर्ताओं व श्रद्धालुओं ने बढ़चढ़कर 25 किलोमीटर तक नगर कीर्तन में पैदल चलते हुए हिस्सा लिया। ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कार्यकर्ताओं की श्रद्धा व जज्बे को सलाम किया।

बैठक के दौरान भाजपा नेता ललता प्रसाद, राजीव गुप्ता डिम्पल, मदनलाल शर्मा, संजीव सोनी, विजेंद्र चौहान, किरणपाल चौहान, अजय बवेजा, प्रवेश शर्मा, रवि बुद्धिराजा, हर्ष बिंद्रा, विकास बहगल, तरविंद्र सिंह, प्रमोद लक्की, बलित नागपाल व अन्य मौजूद रहे।

## रूस में 26 वर्षीय युवक नारायणदत्त की मौत से मुलाना में छाया मातम, परिवार ने सरकार से पार्थिव शरीर लाने की लगाई गुहार

अर्थ प्रकाश/सचिन मलिक



**मुलाना, 22 नवंबर।** मुलाना क्षेत्र के साबांपुर गांव में उस समय मातम पसर गया जब 26 वर्षीय नारायणदत्त की रशिया में मौत होने की सूचना उसके परिवार तक पहुंची। परिजनों के अनुसार नारायणदत्त तीन महीने पहले ही अपने भविष्य के सपने सँजोकर पढ़ाई के लिए रशिया गया था। वहां अचानक तेज बुखार ने उसकी हालत इतनी बिगाड़ दी कि उसे अस्पताल में भर्ती करना पड़ा। करीब पांच दिनों तक वह गंभीर हालत में आइसीयू में जिंदगी और मौत के बीच जूझता रहा, लेकिन डॉक्टर उसे बचा नहीं सके। गुरुवार शाम करीब 5 बजे परिवार को उसकी मौत की खबर मिली, जिसके बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

**बीमार भाई का स्टेटस तक पता नही पाया:** नारायणदत्त की बहन शिवानी ने बताया कि उसका भाई अगस्त 2025 में रशिया पढ़ाई के लिए गया था। वहां के स्थानीय साथियों से ही उसकी तबीयत बिगड़ने की जानकारी मिलती रही। उन्होंने बताया कि भाई अचानक बेहोश हो गया। कहा गया कि तेज बुखार है और आइसीयू में भर्ती है। पर किसी को उसे देखने भी नहीं दिया जा रहा था। हम बस फोन पर जानकारी लेते रहे, उसकी स्थिति की सही सूचना नहीं मिल पा रही थी । गुरुवार को अचानक मौत की सूचना आई। शिवानी ने सरकार से गुहार लगाई है कि उनके भाई का पार्थिव शरीर जल्द से जल्द रशिया से भारत लाया जाए ताकि परिवार आखिरी दर्शन कर सके।

**इकलौता बेटा था नारायण, पिता बोले — 'बेटा खो दिया, सब उजड़ गया:** नारायणदत्त के पिता रविन्द्र शर्मा गम में टूट चुके हैं। उनकी आंखों में बेटे की याद और असहायता साफ झलकती है। वे बताते हैं कि नारायण उनका इकलौता बेटा था। रविन्द्र शर्मा ने कहा कि तेज बुखार ने मेरा बेटा छीन लिया। अब उसके शरीर को लाने के लिए लाखों रुपए का खर्च बताया जा रहा है। हम गरीब हैं। इतना पैसा कहां से लाएं? सरकार हमारी मदद करे ताकि कम से कम बेटे का अंतिम संस्कार तो अपने देश में कर सकें।

**गांव में शोक, लोग इकट्ठे होकर परिवार को ढांढस बंधा रहे:** नारायणदत्त की मौत की खबर फैलते ही गांव में शोक की लहर दौड़ गई। पड़ोसी और रिश्तेदार बड़ी संख्या में उनके घर पहुंचकर परिवार को सांत्वना दे रहे हैं। गांव के बुजुर्गों ने भी सरकार से परिवार की आर्थिक मदद करने और प्रक्रिया को जल्द पूरा कर पार्थिव शरीर भारत लाने की अपील की है।

## न्यूज ब्रीफ

### अग्रवाल वैश्य समाज का 17वां स्थापना दिवस



**कैथल (अप्रस/विनीत गर्ग)।** अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा इस वर्ष अपना 17वां स्थापना दिवस प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम के रूप में भव्यता से मनाने जा रहा है। इसी संदर्भ में समाज की जिला कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण बैठक कैथल में जिला अध्यक्ष डॉ. वरुण जैन की अध्यक्षता में आयोजित हुई, जिसकी शुरुआत महाराजा अग्रसेन जी के उद्घोषों से की गई। बैठक में आगामी 30 नवम्बर 2025 को होटल ग्रेस, अम्बाला रोड, कैथल में होने वाले समारोह की तैयारियों, कार्यक्रम की रूपरेखा, जिम्मेदारियों के वितरण और आयोजन को भव्य बनाने पर विस्तृत चर्चा हुई। समाज के प्रदेश वरिष्ठ उपप्रधान विनोद सिंगला विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहे और उन्होंने कार्यक्रम की अनुशासनपूर्ण व प्रभावी रूप से आयोजन के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए। डॉ. वरुण जैन ने कहा कि स्थापना दिवस समाज की एकता और संगठनात्मक शक्ति का प्रतीक है। उन्होंने विश्वास जताया कि कैथल इकाई के प्रयासों से यह आयोजन ऐतिहासिक बनेगा। कार्यक्रम में प्रदेश, जिला और ब्लॉक स्तर के पदाधिकारी शामिल होंगे। समाज द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य, राजनीति, पर्यावरण और महिला सशक्तिकरण जैसे क्षेत्रों में किए गए उल्लेखनीय कार्यों के आधार पर मुख्य, महिला और युवा इकाइयों के उत्कृष्ट कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया जाएगा। बैठक में सभी पदाधिकारियों ने अपनी जिम्मेदारियों को निष्ठापूर्वक निभाने का संकल्प लिया और कार्यक्रम की सफलता के लिए शुभकामनाएँ दीं।

### फार्मेसी परिषद ने दस्तावेज़ पूरे करने का दिया अवसर

**पानीपत (अप्रस/सुभाष जैन)।** हरियाणा राज्य फार्मेसी परिषद ने लंबित पंजीकरणों को पूरा करने के लिए आवेदकों को एक और मौका दिया है। रजिस्ट्रार अंकिता अधिकारी ने बताया कि जिन उम्मीदवारों ने अब तक अपने दस्तावेज़ जमा नहीं किए हैं, वे परिषद की वेबसाइट पर दिए गए दिशानिर्देश पढ़कर जरूरी कागज़ जमा करें। इसके साथ ही देरी का कारण बताते हुए एक लिखित आवेदन भी देना होगा। उन्होंने कहा कि हरियाणा से बाहर के संस्थानों के प्रमाण-पत्रों का संबंधित विश्वविद्यालय, बोर्ड या फार्मेसी कॉन्सिल ऑफ इंडिया से सत्यापन आवश्यक है। साथ ही आवेदकों को यह शपथ-पत्र देना होगा कि वे किसी अन्य राज्य की फार्मेसी परिषद में पंजीकृत नहीं हैं। अंकिता अधिकारी ने आश्वासन दिया कि वास्तविक कारणों से देरी होने पर किसी पात्र आवेदक को पंजीकरण से वंचित नहीं किया जाएगा। परिषद पारदर्शी और सुगम सेवा उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। पंजीकरण से संबंधित अधिक जानकारी के लिए आवेदक कार्यङ्कसमय में परिषद कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं या वेबसाइट पर उपलब्ध आधिकारिक माध्यमों का उपयोग कर सकते हैं।

### युवाओं को डिजिटल पोर्टलों से जुड़ने का आह्वान, नए अवसर खुले

**पानीपत (अप्रस)।** उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र कुमार दहिया ने युवाओं से अपील की है कि वे सरकारी योजनाओं और नीतियों की जानकारी के लिए डिजिटल पोर्टलों से जुड़ें और देश के विकास में सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने बताया कि अब योजनाओं की जानकारी के लिए पारंपरिक तरीकों पर निर्भर रहने की जरूरत नहीं है। *माईजीओवी (स्र्4त्र्श्1)* नागरिकों को सरकार से जोड़कर चर्चाओं, सर्वे, पोल व गतिविधियों में भाग लेने का मौका देता है। यह सभी प्रमुख सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी सक्रिय है। माई भारत युवाओं को नेतृत्व, व्यक्तित्व विकास और समाज सेवा के अवसर प्रदान करता है, वहीं प्रधानमंत्री इंटर्नशिप पोर्टल युवाओं को व्यावहारिक अनुभव और कौशल विकास का मंच देता है। डीसी ने कहा कि ये डिजिटल प्लेटफॉर्म सरकारी योजनाओं से जुड़ने, ज्ञान बढ़ाने और नीति निर्माण में योगदान देने का अहम माध्यम बन रहे हैं। उन्होंने युवाओं से इनका अधिकतम लाभ उठाने की अपील की।

### बाइक चोरी का आरोपी गिरफ्तार, मोटरसाइकिल बरामद

**टोहाना (अप्रस/संजीव सिंगला)।** पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन के निर्देशों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए थाना शहर टोहाना पुलिस ने बाइक चोरी के मामले में बड़ी सफलता प्राप्त की है। पुलिस ने लवप्रीत सिंह उर्फ़ लाभु, निवासी वार्ड 12, कृष्णा कॉलोनी, टोहाना को गिरफ्तार कर चोरी हुई मोटरसाइकिल बरामद कर ली। शिकायतकर्ता विक्रम, निवासी गांव दमकोरा ने बताया था कि 18 अक्तूबर 2025 को उसकी मोटरसाइकिल **हीरो एच.एफ. डीलक्स (सन् 2014 का मॉडल), नंबर एच.आर.23एफ़2813** एच.डी.एफ़.सी. बैंक के सामने से चोरी हो गई थी। शिकायत पर थाना शहर टोहाना में मामला संख्या 342/2025 दर्ज किया गया। पुलिस ने गुप्त सूचना और तकनीकी जांच के आधार पर आरोपी को काबू किया। आरोपी के विरुद्ध इससे पहले भी चोरी और अन्य धाराओं के कई मामले दर्ज हैं। आरोपी को न्यायालय में पेश कर जिला जेल भेज दिया गया है। मामले की आगे की जांच जारी है।

## महिला सुधार समिति ने किया शहीदी दिवस यात्रा का स्वागत



अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

**कैथल, 22 नवंबर।** महिला सुधार समिति को हिंद की चादर, धन-धन श्री गुरु तेग बहादुर जी की पवित्र यात्रा का सभी सदस्यों द्वारा स्वागत एवं सेवा करने का परम सौभाग्य प्राप्त हुआ। नौवें गुरु श्री तेग बहादुर साहिब ने भाई मती दास, भाई सती दास, भाई दयाल जी सहित धर्म की रक्षा हेतु अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान दिया। सत्य, साहस, त्याग और मानवता की अद्भुत मिसाल श्री गुरु तेग बहादुर जी की शहादत मानव एकता की लसानी उदाहरण है। अरदास करते हैं गुरु महाराज हमेशा मानवता की भलाई के लिए कदम कदम पर सहाई हो। इस पवित्र यात्रा ममें लोगों का उत्साह देखने लायक था। यहां से यह यात्रा गुजर रही है वहां पर सामाजिक और धार्मिक एकता की मिसाल पेश कर रही है। इस अवसर पर महिला समाज सुधार समिति से सुमन चौधरी, मंजू गर्ग, नीलम सेठ, मधु शर्मा, सुशील शर्मा, अंजलि गुगलानी, रंजू मरवाह, गुरप्रीत कौर बब्बर प्रेम सिंह चहल गुरप्रीत सिंह चॅठा पवन शर्मा अश्विनी राणा उपस्थित रहे।

## गुरु तेग बहादुर जी के शहीदी पर्व नगर कीर्तन में अधिक से अधिक भाग लें : इंद्रपाल सिंह

### पीएम मोदी, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल और सीएम नायाब सिंह सैनी ने गुरुओं को ऐतिहासिक सम्मान दिया

अर्थ प्रकाश/शैलेन्द्र जैन



**करनाल, 22 नवंबर।** सिखों के नौवें गुरु हिंद की चादर गरु तेग बहादुर जी के साढ़े तीन सौ सालाना शहीदी पर्व के उपलक्ष्य में निकाला गया नगर कीर्तन कल करनाल शहर में घूमेगा। इस नगर कीर्तन मे अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आह्वान गुरुपर्व प्रबंधक कमेटी के प्रधान वरिंदर सिंह तथा महासचिव जत्थेदार इंद्रपाल सिंह ने किया हैं। गुरुपर्व प्रबंधक कमेटी के प्रधान वरिंदर सिंह तथा महासचिव जत्थेदार इंद्रपाल सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जब से केंद्र में प्रधानमंत्री का पद संभाला है उस समय से सिख पंथ को पूरा सम्मान मिला हैं। गुरुओं की याद में सरकारी स्तर पर कार्यक्रम हुए हैं। गुरुओं का प्रकाश पर्व और शहीदी पर्व सरकारी स्तर पर मनाया गया। उन्होंने कहा कि चारों साहेबजादों की शहादत को सम्मान देने के लिए सरकार ने वीर बाल दिवस मनाने का निर्णय लिया था। जो हमेशा मनाया जाता रहेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 1984 में हुए दंगों में मारे गए सिख परिवारों को न्याय दिलाया। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री तथा केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने मुख्यमंत्री का पद संभालते ही गुरुओं को राजकीय सम्मान देने का काम किया। उन्होंने प्रदेश में गुरुओं के प्रकाया और शहीदी पर्व को राजकीय स्तर पर मनाने का निर्णय लिया। पंजाबी भाषा को पूरा सम्मान दिया। बाबा बंदा बहादुर की नगरी और सिखों का पहला गढ़ लोहगढ़ का जीर्णोद्धार किया। उन्होंने कहा कि मौजूदा मुख्य मंत्री नायाब सिंह सैनी भी सिख पंथ और गुरुओं को पूरा सम्मान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि गुरु तेग बहादुर जी के शहीदी पर्व को जिस तरह से राज्य सरकार भव्य ढंग से मना रही है वह सराहना के पात्र है। उन्होंने कहा कि 25 नवंवर को मनाने जाने वाले गुरु तेगबहादुर जी के शहीदी पर्व समारोह में अधिक से अधिक संख्या में पहुंच कर प्रधानमंत्री मोदी को सुनने की अपील की।

## 130 मरीजों की निःशुल्क सर्जरी संपन्न

**पानीपत (अप्रस/सुभाष जैन)।** हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार आयुष्मान भारत योजना के तहत जिले में चलाया गया विशेष आयुष्मान शल्य चिकित्सा अभियान सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। यह अभियान 17 से 22 नवम्बर तक चलाया गया। इस अभियान में आमजन को आयुष्मान योजना के तहत उपलब्ध सरकारी आरक्षित सर्जिकल पैकेजों की जानकारी प्रदान की गई तथा पात्र लाभार्थियों को सरकारी अस्पतालों में निःशुल्क सर्जरी करवाने के लिए प्रेरित किया गया। अभियान के दौरान जिले की सभी स्वास्थ्य विभाग ने व्यापक जन जागरूकता कार्यक्रम चलाए। स्वास्थ्य कर्मियों ने गांवों, वार्डों और अस्पताल परिसरों में लोगों को बताया कि आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत पंजीकृत लाभार्थी बिना किसी आर्थिक बोझ के उच्च गुणवत्ता वाली सर्जरी सेवाएं प्राप्त कर सकते हैं।

## भाखड़ा मेन नहर ब्रांच के पुनर्निर्माण के नाम पर पैसा सीधा मिट्टी पर ही कंक्रीट डालकर किया जा रहा है खराब

अर्थ प्रकाश/संजीव सिंगला



**टोहाना, 22 नवंबर।** टोहाना शहर की भाखड़ा में ब्रांच का पुनर्निर्माण वर्षों बाद किया जा रहा है जिसके पुन निर्माण में करोड़ों रुपए सरकार नहर में पानी की तरह खर्च कर रही है यह जो भाखड़ा मेन ब्रांच बनने जा रही है इसका लगभग एरिया 20 किलोमीटर बनने जा रहा है जिसको लगभग 25 ठेकेदार मिलकर बना रहे हैं। इसका निर्माण कार्य 10 नवंबर को शुरू हुआ था और 26 नवंबर तक कार्य कंप्लीट करना था है पर आज 22 नवंबर है पर कार्य की गति इतनी धीमी है कि कार्य एक तिहाई भी पूरा नहीं हो पाया है और जो कार्य धरातल पर ठेकेदारों द्वारा किया जा रहा है वह पूर्ण रूप से भ्रष्टाचार पारदर्शिता दिखाता दिखाई दे रहा है बड़े-बड़े टैंकरों द्वारा जो सामग्री के टैंकर मिक्सर से मिश्रण के बने हुए कार्य स्थल पर लाई जा रहे हैं वह नहर के किनारो पर मिट्टी पर सीधे ही डाले जा रहे हैं बिना किसी मसाले की लहर बनाए और प्लास्टिक पन्ना तो कहीं इस्तेमाल ही नहीं किया जा रहा है जल्दबाजी में अधिकारी व ठेकेदार कार्य करने लगे हुए हैं सरकार की सभी दिशा निर्देश दर किनारे कर भाखड़ा मेन ब्रांच का करोड़ों रुपए लगाकर जो निर्माण किया जा रहा है इसके निर्माण कार्य का कहीं से भी कोर कटिंग का सैंपल लेकर एन आईआईटी दिल्ली लेबोरेटरी में निरीक्षण के लिए भेजना चाहिए ताकि दूध का दूध और पानी का पानी लोगों के सामने आ सके या फिर टोहाना शहर के कोई भी पांच सदस्य की निगरानी कमेटी की हाजिरी में यह कार्य होना चाहिए फिर पता लगेगा कि भाखड़ा नहर के निर्माण कार्य में कितनी स्पष्ट तवे ईमानदारी से कार्य किया जा रहा है और लोगों के खून पसीने की कमाई भाखड़ा नहर के विकास पर लग रही है यहां भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रही है।

## नारायणगढ़ में बी.एल.ओ. एवं सुपरवाइजर की बैठक सम्पन्न

**नारायणगढ़ (अप्रस)।** विधानसभा क्षेत्र-03 नारायणगढ़ के सभी बी.एल.ओ. (बूथ लेवल ऑफिसर) एवं चुनाव सुपरवाइजर की एक महत्वपूर्ण बैठक आज एसडीएम कॉम्प्लेक्स स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित की गई। बैठक मुख्य चुनाव अधिकारी हरियाणा एवं उपायुक्त अम्बाला अजय सिंह तोमर के दिशा-निर्देशानुसार तथा एसडीएम नारायणगढ़ शिवजीत भारती के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता चुनाव तहसीलदार गुलशन शर्मा ने की, जिन्होंने आगामी निर्वाचन प्रक्रिया से संबंधित दिशा-निर्देशों और मतदाता सूची के अद्यतन कार्य पर विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की। बैठक में मुख्य बिंदु सभी बी.एल.ओ. को निर्देश दिए गए कि वे अपने क्षेत्र की नवीनतम मतदाता सूची का 2002 की मतदाता सूची से घर-घर जाकर मिलान करें।

## अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती समारोह में नवीन जिन्दल फाउंडेशन पैवेलियन बना आकर्षण का केंद्र

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**कुरुक्षेत्र, 22 नवंबर।** कुरुक्षेत्र में चल रहे अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के दौरान नवीन जिन्दल फाउंडेशन पैवेलियन सांसद खेल महोत्सव की हेल्थ वेलनेस कार्यक्रम में हर आयु के प्रतिभागी रूचि ले रहे हैं। नवीन जिन्दल फाउंडेशन पैवेलियन के बारे में जानकारी देते हुए सांसद कार्यालय प्रभारी एवं पूर्व आईएएस अधिकारी धर्मवीर सिंह ने बताया कि सांसद नवीन जिन्दल युवाओं को स्वास्थ्य, फिटनेस और खेल भावना की ओर प्रोत्साहित करने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। उनकी पहल पर सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत आयोजित हेल्थ वेलनेस कार्यक्रम युवाओं में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने का एक सार्थक माध्यम बन रहा है। इस कार्यक्रम में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है, जिनमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को आकर्षक पुरस्कार देकर सम्मानित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यह पहल केवल खेलों तक सीमित नहीं है, बल्कि युवाओं के समग्र विकास पर केंद्रित है। इसी उद्देश्य से नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा चलाई जा रही नवीन जिन्दल यशस्वी छात्रवृत्ति योजना को भी पैवेलियन में विशेष रूप से प्रदर्शित किया गया है। यहां पर छात्रवृत्ति की पात्रता, दस्तावेज़, चयन प्रक्रिया और लाभों की विस्तृत जानकारी दी जा रही है। बड़ी संख्या में छात्र, अभिभावक और युवा इस योजना के बारे में जानकारी लेने पहुंच रहे हैं, और पात्र छात्रों के फॉर्म मौके पर ही भरे जा रहे हैं। यह योजना मेधावी और जरूरतमंद छात्रों की शिक्षा में आर्थिक सहयोग प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इसी क्रम में पैवेलियन में कुरुक्षेत्र इंटरनेशनल स्किल सेंटर और महात्मा ज्योतिबा फुले इंटरनेशनल स्किल सेंटर की प्रदर्शनी भी आकर्षण का केंद्र बनी हुई है।

## गुरु तेग बहादुर जी की अमर शहादत को समर्पित 350 साल

अर्थ प्रकाश/मोहित पौलस्त्य

**पिहोवा, 22 नवंबर।** हिंद की चादर गुरु तेग बहादुर जी की अमर शहादत को समर्पित 350 साला शहीदी शताब्दी समारोह में भाग लेने 25 नवम्बर को पिहोवा हल्का से हजारों श्रद्धालु जायेंगे । पत्रकारों से बात करते हुए मार्किट कमेटी के चेयरमैन तरुण वड़ैच ने बताया कि रोड़ी से चली यात्रा 23 नवम्बर को सबसे पहले दीवाना गांव में प्रवेश करेगी। इसके बाद बड़ा दीवाना, छोटा दीवाना, गाड़ी लांगरी, कराह साहब, मोहनपुर, सहित पिहोवा हलके के 17 गांवो से होकर24 नवम्बर को छठी पातशाही गुरुद्वारा कुरुक्षेत्र पहुंचेगी। यहां पूरे प्रदेश में निकाले जा रहे नगर कीर्तन और अन्य यात्राओं का एक साथ समापन किया जाएगा। 25 नवम्बर को ज्योतिसर में शहीदी समारोह आयोजित किया जाएगा। जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 350 साला शहादत शहीदी समारोह को संबोधित करेंगे। उनके साथ मुख्यमंत्री नायब सैनी सहित अनेक मंत्री साधु संत महात्मा भी समारोह में शामिल होंगे। इस मौके पर भाजपा नेता पूर्व चेयरमैन रघविंद मोरथली मंडी प्रधान नवीन गर्ग सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।बीजेपी नेता राघविंदर मोरथली ने कहा कि गुरु तेग बहादुर जी ने जब मानवता की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी थी, उससे पहले उन्होंने हरियाणा की धरती पर पर्याप्त समय बिताया और यहां के लोगों को साहस और धार्मिक एकता का संदेश दिया था। यही कारण है कि यह समागम केवल सिख समाज का नहीं, बल्कि समस्त मानव समाज का पर्व ह 25 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 350 साला शहादत शताब्दी समारोह को संबोधित करेंगे।

## सरदार पटेल को समर्पित सरदार यूनिटी 150 मार्च का हिस्सा बनेंगे करनाल से युवा मैंटर मिहर वैनर्जी

गुजरात में सरदार पटेल के जन्म स्थान से स्टेच्यू आफ यूनिटी तक निकलेगी पद यात्रा

देश भर से अपने अपने क्षेत्र के धुरंधरों को आमंत्रित किया है इस यात्रा में

अर्थ प्रकाश/शैलेन्द्र जैन



**करनाल, 22 नवंबर।** करनाल के शिक्षाविद तथा युवाओं में नया जोश भरने वाले इंटरव्यू मैंटर मिहिर वैनर्जी गुजरात में भारत सरकार के खेल एवं युवा मंत्रालय तथा गुजरात सरकार निकाले जा रहे द्वारा सरदार यूनिटी 150 मार्च का हिस्सा बनेंगे। उन्हें इस मार्च में शामिल होने के लिए निमंत्रण मिला हैं। इस मार्च के लिए देश भर से अपने अपने क्षेत्र में विशेषज्ञता प्राप्त एक सौ पचास विभूतियों को आंमत्रित किया हैं। यह यात्रा अपनी तरह की राष्ट्रीय स्तर पर निकाली जाने वाली पहली पद यात्राहै। इस में पद यात्री डेढ़ सौ किलोमीटर की दूरी तय करेंगे। मिहिर वैनर्जी सोमवार को इस यात्रा में भाग लेने के रवाना होंगे। इस मार्च में शामिल होने के लिए उनको युवाओं के मैंटर के रूप में चुना हैं। यह पद यात्रा देश के पहले उप प्रधानमंत्री तथा लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की डेढ़ सौ जयंती के उपलक्ष्य में निकाली जा रही हैं। इस मामले में जानकारी देते हुए शिक्षाविद मिहिर वैनर्जी ने बताया कि यह पद यात्रा सरदार पटेल की जन्म भूमि कर्मशाद से शुरू होकर स्टेच्यू आफ यूनिटी सरदार सरोवर के तट पर समाप्त होगी। उन्होंने बताया कि इस पद यात्रा का आदर्श वाक्य सशक्त भारत आत्म निर्भर भारत हैं। यह पद यात्रा 26 नवंवर से शुरू होकर छह दिसंबर को समाप्त होगी। यह यात्रा आणंद बडोदरा नर्मदा जिलों से होकर जाएगी। इस यात्रा के दौरान 1947 तक भारत को विकसित सशक्त आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए चिंतन भी शामिल होगा। इस यात्रा मे माध्यम से युवाओं में संस्कार, जोश, राष्ट्र प्रेम के साथ स्वदेश प्रेम और आत्म सम्मान के साथ राष्ट्र सम्मान और स्वालंबन आत्म निर्भरता के साथ श्रेश्ठ भारत एक भारत की भावना को जगाना हैं। मिहिर वैनर्जी साक्षात्कार गुरु के रूप में स्थापित हैं। उनके द्वारा तैयार किए तमाम युवा सेना प्रशासन पुलिस और विदेश सेवा के साथ न्यायिक सेवाओं के सथ आई ए एस, आई आर एस,आईएफएस विभिन्न राज्यों की पुलिस, प्रशासनिक, सेना और न्यायिक सेवाओं में कार्यरत हैं। मिहिर वैनर्जी समाजिक शैक्षणिक गतिविधियों में अग्रणीय भूमिका में रहे हैं। उन्होंने समाज सुधार कुरीतियों के उन्मूलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई हैं। उन्होंने पर्यावरण कन्या जन्म प्रोत्साहन, लोहड़ी बेटी के नाम कन्या भ्रूण हत्या बाल मजदूरी, को लेकर जनमतम बनाने के लिए जन आंदोलन का सूत्रपात किया हैं।

# भारत के ये शिव मंदिर, जहां घंटी बजाने से ही मिलती है सच्ची आध्यात्मिक शांति व मोक्ष



हिंदू धर्म में पूजा की शुरूआत से पहले घंटी बजाने की परंपरा पुराने समय से चली आ रही है। वहीं भारत में कई मंदिर हैं और हर मंदिर की अपनी कहानी और परंपरा है। मान्यता है कि घंटी की ध्वनि नकारात्मक ऊर्जा को दूर भगाता है और आसपास का वातावरण पवित्र होता है। बता दें कि कुछ ऐसे विशेष शिव मंदिर हैं, जहां पर घंटी बजाना सिर्फ परंपरा नहीं बल्कि पूजा का अनिवार्य हिस्सा होता है। क्योंकि यहां पर बिना घंटी बजाए पूजा अधूरी मानी जाती है। महादेव के इन मंदिरों में घंटी का विशेष महत्व है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको भारत के 3 ऐसे फेमस शिव मंदिरों के बारे में बताने जा रहे हैं। जहां पर घंटी बजाना पूजा की प्रक्रिया का अनिवार्य अंग है।

**कैलासनाथर मंदिर:** तमिलनाडु के कांचीपुरम में स्थित कैलासनाथर मंदिर एक प्राचीन मंदिर है। यह मंदिर भगवान शिव को समर्पित है। इस मंदिर का निर्माण 8वीं शताब्दी में पल्लव वंश के दौरान हुआ था। मान्यता है कि जो भी भक्त सच्चे मन से यहां पर पूजा-अर्चना करता है और घंटी बजाता है, उसकी हर मनोकामना पूरी होती है।

इस मंदिर में घंटी बजाने की परंपरा भगवान शिव को जागृत करने की नहीं बल्कि स्वयं की चेतना को जागृत करने की प्रक्रिया होती है। क्योंकि घंटी की ध्वनि एक आध्यात्मिक कंपन उत्पन्न करती है, जोकि भक्त के ध्यान को स्थिर करती है। माना जाता है कि यहां पर बिना घंटी बजाए की गई पूजा अधूरी मानी जाती है और भक्तों को पूजा का पूर्ण फल नहीं मिलता है।

**घृष्णेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर:** यह मंदिर 12 ज्योतिर्लिंगों में अंतिम स्थान रखता है। घृष्णेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर शिवभक्तों के लिए श्रद्धा का केंद्र है। भगवान शिव को समर्पित यह मंदिर औरंगाबाद जिले के एलोरा गुफाओं के पास स्थित है। इस मंदिर की महिमा शास्त्रों में भी वर्णित है। इस मंदिर की एक खास परंपरा है हर भक्त को मंदिर में प्रवेश करने से पहले मुख्य द्वार पर लगी घंटी जरूर बजानी चाहिए। यह घंटी सिर्फ पूजा का शुरूआती संकेत नहीं, बल्कि यह भगवान शिव के प्रति अपनी उपस्थिति और समर्पण की घोषणा कहलाती है।

माना जाता है कि घंटी बजाने से भक्त अपनी समस्त नकारात्मकता को बाहर छोड़कर मंदिर में प्रवेश करता है। भक्तों का मानना है कि यहां घंटी बजाकर मांगी गई मनोकामना जरूर पूरी होती है।

**घंटेश्वर महादेव मंदिर:** बता दें कि इस मंदिर की खासियत यहां पर लगी सैकड़ों छोटी-बड़ी घंटियों की श्रृंखला है। जो दूर से ही श्रद्धालुओं का ध्यान खींचती है। यहां पर आने वाला हर भक्त दर्शन करने से पहले घंटी जरूर बजाता है। मान्यता है कि अगर कोई भक्त सच्चे मन से भगवान शिव का स्मरण करके घंटी बजाता है, तो उसकी हर इच्छा पूरी होती है।

वहीं मन्नत पूरी होने के बाद भक्त यहां पर बड़ी सी पीतल की घंटी चढ़ाते हैं। जिसको मंदिर परिसर में सम्मान के साथ टांगा जाता है। सावन और महाशिवरात्रि के खास मौके पर यहां पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ होती है।

# हमारी असल पहचान आत्मा के रूप में है



सद्गुरु माता सुदीक्षा जी महाराज

घड़ियां-लम्हें-पल जिसको हम समय कहते हैं, यह तो अपनी रफ्तार से चलता चला जाता है लेकिन उन्हीं घड़ियों, उन्ही लम्हों को मुबारक बनाया जा सकता है जिन्हें हम अपने हृदय के भक्ति वाले भाव बना लेते हैं। जब हमारे हृदय में समर्पण भाव आ जाता है, जब हम इस प्रभु के एहसास में डूब जाते हैं तब वो घड़ियां, वो लम्हें, वो पल-क्षण जो बीतते हैं वो सुन्दर होते हैं।

जब इस नई सदी का आगमन हुआ, जब सन 2000 में हमने प्रवेश किया तो उस वक्त एक नारा मिशन के मंच से दिया गया-

युग सुन्दर सदियां सुन्दर, हर पल सुन्दर, गर मानव जीवन हो सुंदर।

युगों, सदियां, पलों-लम्हों की सुन्दरता तब होगी जब मानव जीवन सुन्दर होगा। जिन भावनाओं का जिक्र हो रहा है वो भावनाएं हृदय में घर कर जाती हैं तो जीवन सुन्दर बन जाता है यानि कि युगों-घड़ियों-लम्हों की सुन्दरता मन की सुन्दरता के कारण है। मन की सुन्दरता ही हमें असल में इन्सनी रुप प्रदान करती ह और दूषित भाव ही हैं जो हमें इन्सानी जामे में होते हुए भी शैतानियत के रास्ते पर चलाते हैं। हैवानियत के रास्ते पर चलाने वाली भी यह हमारी अंधकारमयी सोच होती है जिसके कारण हम इस मानवीय शरीर को कलंकित करते हैं, मानव जाति को कलंकित करते हैं।

यहां पर मन की सुंदरता की बात हो रही है जिसके कारण इन्सानी वजूद में होकर भी हम देवता का रुप बन जाते हैं और देवता का रुप ही नहीं हम परमात्मा का रुप बन जाते हैं। सदैव से गुरु-पीर-पैगम्बरों ने जो यह ढंग बताया है आत्म-रुप होने का, परम अस्तित्व का रुप बनने का यही एक मात्र ढंग है, इसीलिए आज आप सभी इन्हीं भावनाओं को और सदृढ़ करने के लिए अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। भाषायें, पहरावे, संस्कृतियां ये हमारे बाहरी लिबास हैं। हमारी शक्लें-सूरतें हमारी मूल नहीं हैं, संस्कृतियां ओर बाकी सारी चीजें बाद में जुड़ी हैं। जो मूल है, जो प्राथमिक है, वह वास्तविकता में हमारा एक असल रुप, एक मानव वाला रुप है जिसमें आत्मा बसती है। इस दिव्य परमात्मा-ईश्वर-निराकार की अंश आत्मा ही हर घट में बसती है। हर घट में उसको मुख्य रखना, उसको मूल रुप से अपने जीवन में उजागर करने से ही वास्तविकता में हमारे जीवन का महत्व बनता है और हम एक सही इन्सान कहलाने के हकदार बनते हैं। हम लोक और परलोक दोनों को संवारने वाल बन जाते हैं इसीलिए सदैव से मूल के साथ जुड़ने की ही बात महापुरुषों-भक्तों ने की है।




## नोकरियां यहां देखें

**बिहार एसएससी द्वारा विज्ञापित एलडीसी के**
कुल पदः 14921
आवेदन की अंतिम तिथिः 24 नवंबर, 2025
योग्यताः 12वीं पास
आयु सीमाः 18 से 23 साल
करें आवेदनः
**online bssc.com**

**नवल शिप रिपेयर यार्ड में अप्रेंटिस के**
कुल पदः 210
आवेदन की अंतिम तिथिः 23 नवंबर 2025
योग्यता आठवीं दसवीं आईटीआई
आयु सीमाः 14 से 18 साल
करें आवेदनः
**apprenticeshipin-dia.gov.in**

**राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा विज्ञापित स्टैटिकल ऑफिसर के**
कुल पदः 113
आवेदन की अंतिम तिथिः 23 नवंबर, 2025
योग्यताः पी जी
आयु सीमाः 21 से 40साल
आवेदन करें :
**rpsc.rajasthan.gov.in**

**SEBI में ऑफिसर के**
कुल पदः 110
योग्यताः यूजी, पीजी
आयु सीमाः अधिकतम 30 साल
करें आवेदनः
**www.sebi.gov.in**

**रेलवे भर्ती बोर्ड द्वारा विज्ञापित जूनियर इंजीनियर व अन्य के**
कुल पदः 2570
आवेदन की अंतिम तिथिः 30 नवंबर, 2025
योग्यताः बीई, बीटेक
आयु सीमाः 18 से 23 साल
करें आवेदनः
**rrbapply.gov.in**

**प्रादेशिक सेवा में सोल्जर, जनरल ड्यूटी के**
कुल पदः 716
आवेदन की अंतिम तिथिः 10 दिसंबर, 2025
योग्यताः 10वीं पास
आयु सीमाः 18 से 42 साल
करें आवेदनः
**territorial army.in**

जॉब्स से संबंधित सूचनाएं पाने के लिए **arthparkash.com** देखें

## अमेजन के क्रिएटर प्रोग्राम्स ने 2 करोड़ से ज्यादा खरीदारों तक पहुंच बनाई

चंडीगढ़। अमेजन इंडिया ने बताया कि उसके क्रिएटर प्रोग्राम ने इस साल 2 करोड़ से ज्यादा खरीदारों तक क्रिएटर-आधारित खोज को पहुंचाया है। त्योहारों के सीजन से पहले 1 लाख क्रिएटर्स थे, जो अब बढ़कर 1.25 लाख से भी ज्यादा हो गए हैं। कुछ ही महीनों में 25 प्रतिशत की यह बढ़त दिखाती है कि अमेजन का प्लेटफॉर्म क्रिएटर-आधारित उद्यमिता को कितना बढ़ावा दे रहा है। अब करीब 70 प्रतिशत क्रिएटर-आधारित खरीदारी नॉन-मैट्रो शहरों से आ रही है, जिनमें करनाल, भुवनेश्वर, विजयवाड़ा और देहरादून जैसे शहर शामिल हैं। अमेजन के दो-तिहाई से ज्यादा क्रिएटर्स 500 से अधिक नॉन-मैट्रो पिन कोड्स से आते हैं, जो देशभर में क्रिएटर कॉमर्स और क्षेत्रीय कंटेंट क्रिएटर्स के बढ़ते प्रभाव को दर्शाता है। अमेजन इंडिया के डायरेक्टर, शॉपिंग एक्सपीरियंस, जाहिद ख़ान ने कहा, क्रिएटर्स आज भारत की खरीदारी के तरीके को नए सिरे से बदल रहे हैं। ग्राहक अब प्रोडक्ट्स को खोजने, समझने और खरीदने के लिए क्रिएटर्स पर ज्यादा भरोसा करते हैं। अमेजन इन्फ्लुएंसर प्रोग्राम और अमेजन लाईव एंड शॉपिंग वीडिओ जैसे क्रेटर प्रोग्राम के जरिए हम देश के हर कोने से आने वाले स्टोरीटेलर्स को उनकी रुचि को उद्यमिता में बदलने का मौका दे रहे हैं।

## अमेजन पे ने लॉन्च की 'इम्पॉसिबल ट्रैवल डील्स'

चंडीगढ़। अमेजन पे ने आज अपने प्रमुख 'इम्पॉसिबल ट्रैवल डील्स' फेस्टिवल की घोषणा की, जो 18 नवंबर से 9 दिसंबर 2025 तक ग्राहकों को फ्लाइट और होटल बुकिंग पर बड़ी बचत प्रदान करेगा। तीन सप्ताह का यह आयोजन यात्रियों को फ्लाइट्स पर 20 प्रतिशत तक और होटलों पर 60 प्रतिशत तक की छूट दे रहा है। ग्राहक दिल्ली-लंदन 16,999रुपए, चेन्नई-सिंगापुर 6,999रुपए, मुंबई-दुबई 8,999 रुपए जैसे लोकप्रिय रूट्स पर लिमिटेड-टाइम ऑफर्स का लाभ उठा सकते हैं। साथ ही इस साल के सबसे कम दामों पर थाईलैंड 6,599 रुपए और बाली 10,999 रुपए जैसे ट्रेंडिंग डेस्टिनेशन भी शामिल हैं। घरेलू रूट्स में दिल्ली 3,099 रुपए से, गोवा 2,999 रुपए से और बेंगलुरू 2,199 रुपए से फ्लाइट्स उपलब्ध हैं।

अमेजन पे के सीईओ विकास बंसल ने कहा ट्रैवल कैटेगरी ने 2024-2025 के बीच 30 प्रतिशत से अधिक साल-दर-साल वृद्धि दर्ज की है, जिसका श्रेय ग्राहक विश्वास बनाने पर हमारे फोकस और डिजिटल पेमेंट्स को अधिक रिवॉर्डिंग बनाने की प्रतिबद्धता को जाता है। इम्पॉसिबल ट्रैवल डील्स के साथ, हम भारतीय परिवारों के छुट्टियों की योजना बनाने के तरीके को बदल रहे हैं, घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों यात्राओं पर बेहतरीन बचत प्रदान कर रहे हैं।

## बंधन बैंक ने जालंधर के गुरु नानक मिशन हॉस्पिटल सहित सम्पूर्ण भारत में 10 एंबुलेंस दान की


जालंधर। बंधन बैंक ने अपनी सीएसआर पहल के तहत सम्पूर्ण भारत में 10 सर्व सुविधायुक्त एम्बुलेंस दान की हैं, जिसमें जालंधर की एक एम्बुलेंस भी शामिल है। इसका उद्देश्य आपातकालीन मेडिकल सर्विस को मजबूत करना और विभिन्न समुदायों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुँच सुधारना है। इस पहल की घोषणा बैंक के 10वें स्थापना दिवस के समारोह के दौरान की गई थी और अब यह कार्य कर पूरा किया गया है।इस पहल से बैंक की यह प्रतिबद्धता झलकती है कि वह स्वास्थ्य सेवाओं की पहुँच और तेजी को बेहतर बनाने के लिए काम कर रहा है, ताकि मरीजों को आपात स्थिति में समय पर इलाज मिल सके। जालंधर में यह एम्बुलेंस गुरु नानक मिशन अस्पताल ट्रस्ट को सौंपा गया, जिसमें बंधन बैंक के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर और चीफ बिज़नेस ऑफिसर, राजिंदर कुमार बब्बर, गुरु नानक मिशन अस्पताल ट्रस्ट के चेयरमैन एस. प्रेम सिंह, वाइस चेयरमैन जी. एस. स्याल और अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही। बंधन बैंक के एमडी और सीईओ, पार्थ प्रतिम सेनगुप्ता ने कहा बंधन बैंक में हमारा मानना है कि अच्छी स्वास्थ्य सेवा तक पहुँच एक मूलभूत अधिकार है, कोई सुविधा नहीं।

## अमेजन.इन पर बेस्टसेलिंग लेखकों और प्रकाशकों की विस्तृत रेंज

चंडीगढ़ । अमेजन.इन लेकर आया है बच्चों के लिए खास तौर पर चुनी गई लोकप्रिय किताबों की एक विशेष श्रृंखला, जो बच्चों में जिज्ञासा जगाने, रचनात्मकता को प्रोत्साहित करने और पढ़ने के प्रति प्रेम बढ़ाने के लिए तैयार की गई है। सदाबहार क्लासिक्स और रोमांचक कहानियों से लेकर शैक्षणिक पुस्तकों तक, ग्राहक बेस्टसेलिंग लेखकों और प्रकाशकों की विस्तृत रेंज में से अपनी पसंद की किताबें चुन सकते हैं। ग्राहक किताबों पर 45 प्रतिशत तक की छूट और कैनरा बैंक क्रेडिट कार्ड लेनदेन पर अतिरिक्त 10 प्रतिशत की तुरंत बैंक छूट का लाभ उठा सकते हैं। इसके अलावा, भारत के 100 प्रतिशत सर्विसेबल पिन कोड्स पर तेज़ और भरोसेमंद डिलीवरी का आनंद लें, जहाँ हर 3 में से 1 बच्चों की किताब अगले ही दिन डिलीवर की जाती है। चाहे आप बच्चों की कल्पनाशक्ति को जगाना चाहें या शुरुआती शिक्षा को बढ़ावा देना, अमेजन.इन पर हर किसी के लिए कुछ खास है। कुछ लोकप्रिय किताबों के नाम इस प्रकार हैं। -द किड हू केम फ्रॉम स्पेस- बेस्टसेलिंग और पुरस्कार विजेता लेखक रॉस वेलफोर्ड तथा प्रसिद्ध प्रकाशक हार्परकॉलिन्स की यह किताब हास्य, भावनाओं और रहस्य का बेहतरीन संगम है।

# संवाद ही मनमुटाव मिटाने का सबसे आसान तरीका है: मुनिश्री विनय कुमार जी

चंडीगढ़। सेवाभाव न केवल आत्मसंतोष देता है, बल्कि यह समाज में अच्छे संदेश को फैलाता है, लोगों को सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक करता है और आपसी सद्भाव को बढ़ाता है। सेवा एक ऐसा गुण है जो व्यक्ति में सहानुभूति और करुणा विकसित करता है, जिससे वह समाज में नेतृत्व की क्षमता विकसित कर पाता है और सफल जीवन जी पाता है। ये शब्द मनीषीसंत मुनिश्री विनय कुमारजी आलोक ने सैक्टर 24सी अणुव्रत भवन में सभा को संबोधित करते हुए कहे। मनीषीसंत ने आगे कहा वर्तमान में मनुष्य ने हवा में उड़ान, पानी में तैरना और धरती में आराम से रहने सब कुछ स्किल की बदौलत सीख लिया है, लेकिन नहीं सीख पाया है तो नैतिक मूल्य। व्यक्ति को नैतिक मूल्य खुद ही अपनाने पड़ते हैं। युवा अवस्था में बच्चों के दिमाग में नाकारात्मक और सकारात्मक बातें आती हैं, लेकिन दोनों में से किसका चुनाव करते हुए सही रास्ते पर चलना है यह उसे खुद ही तय करना होता है। यह रास्ते बच्चों के भविष्य तय करते हैं। समाज किसी क्लास के समूह की



तरह हैं, जिन्हें मिलकर काम करने को दिया जाता है। ग्रुप में तेजतर्रार भी होते हैं और सुस्त भी। काम पूरा करने के लिए सभी को साथ लेकर चलना पड़ता है। ठीक वैसे ही समाज में हर तरह का व्यक्तित्व होता है, किस व्यक्तित्व से कैसे निपटना है यह तय करना जरूरी है, उससे भी जरूरी है क्रोध को मारना। उम्र के साथ अनुभव भी बढ़ता है और व्यक्तित्व भी निखरता है। अच्छे नागरिक बनने के लिए स्कूल स्तर से ही काम करना पड़ता है और इसके लिए छात्र और शिक्षक के बीच में समन्वय होना जरूरी है, न की मनमुटाव। संवाद ही मनमुटाव मिटाने का सबसे आसान तरीका है।

### विशेष कार्यशाला आज

मनीषी संत मुनिश्री विनय कुमार जी आलोक के सानिध्य मे अणुव्रत भवन सैक्टर 24 सी तुलसीसभागार मे रविवारीय प्रवचन मे विशेष कार्यशाला का आयोजन प्रातः 11.00 बजे।

### दयावान लोग हमेशा खूबसूरत होते हैं: अतुल मुनि जी

अतुल मुनि जी ने कहा सेवाभाव हमारे लिए आत्मसंतोष का वाहक ही नहीं बनता बल्कि संपर्क में आने वाले लोगों के बीच भी अच्छाई के संदेश को स्वतः उजागर करते हुए समाज को नई दिशा व दशा देने का काम करता है। जैसे गुलाब को उपदेश देने की जरूरत नहीं होती, वह तो केवल अपनी खुशबू बिखेरता है। उसकी खुशबू ही उसका संदेश है। ठीक इसी तरह खूबसूरत लोग हमेशा दयावान नहीं होते, लेकिन दयावान लोग हमेशा खूबसूरत होते हैं, यह सर्वविदित है। सामाजिक, आर्थिक सभी रूपों में सेवा भाव की अपनी अलग-अलग महत्ता है।

## पंचांग

रविवार, 23 नवम्बर, 2025, सूर्योदयः 06:50 ए एम, सूर्यास्तः 05:25 पी एम, चन्द्रोदयः 09:31 ए एम, चन्द्रास्तः 07:37 पी एम, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, विक्रम सम्वतः 2082 कालयुक्त, गुजराती सम्वतः 2082 पिङ्गल, अमान्त महीनाः मार्गशीर्ष, पूर्णिमान्त महीनाः मार्गशीर्ष, वारः रविवार, पक्षः शुक्ल पक्ष, तिथिः तृतीया - 07:24 पी एम तक, नक्षत्रः मूल - 07:28 पी एम तक, योगः धृति - 12:09 पी एम तक, करणः गर - 07:24 पी एम तक, द्वितीय करणः वणिज - पूर्ण रात्रि तक, सूर्य राशिः वृश्चिक, चन्द्र राशिः धनु, राहुकालः 04:05 पी एम से 05:25 पी एम, गुलिक कालः 02:46 पी एम से 04:05 पी एम, यमगण्डः 12:07 पी एम से 01:27 पी एम, अभिजित मुहूर्तः 11:46 ए एम से 12:29 पी एम, दुर्मुहूर्तः 04:00 पी एम से 04:42 पी एम, अमृत कालः 12:21 पी एम से 02:07 पी एम, वर्ज्यः 05:41 पी एम से 07:28 पी एम, वर्ज्यः 06:02 ए एम, नवम्बर 24 से 07:48 ए एम, नवम्बर 24

## भविष्य फल



**मेषः** नफरत की भावना महंगी पड़ सकती है। यह न केवल आपकी सहन-शक्ति घटाती है, बल्कि आपके विवेक को भी भंग लगा देती है और रिश्तों में हमेशा के लिए दरार डाल देती है।

**वृषः** आज आपका दिन आपका उत्साह से भरा रहेगा। किसी नए रिश्ते की शुरुआत करने का मौका मिलने की संभावना है।

**मिथुनः** आज वाणी पर संयम रखना अतिआवश्यक है। यह दिन छात्रों के लिए थोड़ा मुश्किल भरा हो सकता है।

**कर्कः** आज आप अच्छा पैसा कमाएंगे- लेकिन खर्च में इजाफा आपके लिए बचत को और ज्यादा मुश्किल बना देगा।

**सिंहः** आज आपका मन लेखन कार्यों में रहेगा। पैसों के लेन-देन के मामले में सावधानी बरते, हो सकता है आपका थोड़ा नुकसान हो।

**कन्याः** आज आपका यात्रा करने के लिए अच्छा दिन है। प्रतिस्पर्धियों के साथ वाद-विवाद न करें।

**तुलाः** बैंक से जुड़े लेन-देन में काफी सावधानी बरतने की जरूरत है। घर वालों के साथ मिलकर कुछ अलग और रोमांचक किया जाना चाहिए।

**वृश्चिकः** आज घरेलू चीजों को खरीदने पर आपके अधिक पैसे खर्च हो सकते है। आज आपको रोजगार के उचित अवसर प्राप्त होंगे।

**धनुः** आज यात्राओं से व्यावसायिक संबंधों में सुधार होगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। आय में व्यवधान आ सकते हैं।

**मकरः** अचानक यात्रा करना थकावट भरा साबित होगा। यात्रा आपको थकान और तनाव देगी- लेकिन आर्थिक तौर पर फायदेमंद साबित होगी।

**कुंभः** आपके पारिवारिक जीवन में उत्साह का माहौल रहेगा। आज आपको अपनी प्रतिभाओं के लिए पुरुस्कार मिल सकता है।

**मीनः** आज आपकी आर्थिक स्थिति पहले बेहतर होगी। आपको मित्रों, सम्बंधियो से लाभ होगा। आज आप थोड़ा चिंतित हो सकते हैं।

# पूंडरी हलके का विकास ही उनकी प्राथमिकता है: विधायक सतपाल जाम्बा

पूंडरी में करीब 90 लाख के विकास कार्यों का किया शिलान्यास, क्षेत्र के विकास को मिली नई गति

अर्थ प्रकाश/कृष्ण प्रजापति

पूंडरी। हल्का विधायक सतपाल जाम्बा ने शनिवार को पूंडरी के विभिन्न वार्डों में लगभग 90 लाख रुपये की लागत से होने वाले अनेक विकास कार्यों का शिलान्यास किया। इसमें गली-नाली निर्माण, पेवर ब्लॉक सड़कों, चौपालों के सौंदर्यीकरण और दादा खेड़ा स्थलों के नवीनीकरण सहित कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं का शिलान्यास शामिल हैं। ये परियोजनाएं क्षेत्र के सर्वांगीण विकास को समर्पित हैं और आने वाले समय में जनता की सुविधाओं को नई गति प्रदान करेंगी। उन्होंने बताया कि वार्ड नंबर 2 में मेंन सड़क से सैन समाज सती बोरखे तक पेवर ब्लॉक से गली का निर्माण किया जाएगा, जिसकी लागत 7.93 लाख रुपये है।

वार्ड नंबर 3 में तीन महत्वपूर्ण कार्य शुरू किए गए, जिनमें कुलदीप के घर से राज के घर तक 3.88 लाख रुपये से गली व नाली का निर्माण, कुलविंदर के घर से माता तक 7,.04 लाख रुपये से गली व नाली का निर्माण तथा गामड़ी में करीब 12 लाख 43 हजार रुपये की लागत से कैनवाल चौपाल, दादा



खेड़ा, बारली माता और कश्यप चौपाल का सौंदर्यीकरण एवं नवीनीकरण शामिल हैं। इसी प्रकार वार्ड नंबर 9 में कुलविंदर चड्ढा वाली गली में पेवर ब्लॉक गली व नाली का निर्माण होगा, वार्ड नंबर 13 में सचिन से बबली प्रजापति के घर तक पेवर ब्लॉक से गली एवं नाली का निर्माण कार्य शुरू हुआ, वार्ड नंबर 10 में दादा खेड़ा गेट का निर्माण एवं लाइट की लगाने के कार्य की शुरुआत की। इसी प्रकार वार्ड नंबर 5 मे दादा खेड़ा पर पेवर ब्लॉक, गेट और ग्रिल का निर्माण, वार्ड नंबर 8 में दो गलियों का निर्माण शुरू हुआ, वार्ड नंबर 16 में काला पुत्र मोहन लाल से अशोक सैनी के घर तक पेवर ब्लॉक से गली के निर्माण शुरू करवाया गया। शिलान्यास के दौरान विधायक सतपाल जाम्बा ने स्थानीय जनता को संबोधित करते हुए कहा कि उनकी सरकार बिना किसी भेदभाव के पूरे विधानसभा क्षेत्र में समान विकास सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। इन परियोजनाओं का उद्देश्य बुनियादी ढांचे को मजबूत करना और नागरिकों के जीवन को बेहतर बनाना है पूंडरी हलके का विकास ही उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध तरीके से कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। जनता ने इतने सारे विकास कार्यों की शुरुआत के लिए विधायक का आभार व्यक्त किया।

## मेटा रे-बॅन लॉन्च करके अमेजन ने अपने प्रीमियम वेयरेबल्स सेगमेंट को किया और मजबूत

चंडीगढ़। मेटा रे-बॅन स्मार्ट ग्लासेस अमेजन .इन पर लॉन्च हुए , जिससे तेजी से बढ़ रही वेयरेबल कैटेगरी तक ग्राहकों की पहुँच और बढ़ेगी। यह लॉन्च ऐसे समय हो रहा है जब अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2025 के दौरान प्रीमियम वेयरेबल्स सेगमेंट में करीब 40 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जबकि स्मार्ट ग्लासेस की खोज में साल-दर-साल 4.6 गुना उछाल देखने को मिला। अमेजन इंडिया की डायरेक्टर- कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स, ज़ेबा खान ने कहा, हम देख रहे हैं कि ग्राहक अब ऐसे वेयरेबल्स में अधिक दिलचस्पी दिखा रहे हैं जो सिर्फ फिटनेस ट्रैकिंग से आगे बढ़कर रोजमर्रा की जिंदगी में एआई की सुविधाएं दे सकें। सबसे खास बात यह है कि यह मांग सिर्फ मेट्रो शहरों तक सीमित नहीं है। टियर-2 और टियर-3 शहरों के टेक प्रेमी और क्रिएटर्स भी स्मार्ट ग्लासेस को अपनाने के लिए उतने ही उत्सुक हैं। ये डिवाइस हैंड्स-फ्री, एआई-संचालित सुविधाएं देते हैं, जो रोजमर्रा के कामों में आसानी से घुल-मिल जाती हैं। हम प्रतिस्पर्धी कीमतों और भरोसेमंद डिलीवरी के साथ इन्हें पूरे देश में उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं। रे-बॅन मेटा ग्लासेस में 12एमपी अल्ट्रा-वाइड कैमरा, पाँच माइक्रोफोन और ओपन-ईयर स्पैशियल ऑडियो स्पीकर्स दिए गए हैं।

# युवक का रास्ता रोककर लाठी, डंडों से हमला के मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

वारदात में प्रयुक्त स्कॉर्पियो व ओरा गाड़ी व एक डंडा बरामद

अर्थ प्रकाश/सुभाष जैन

पानीपत। समालखा की ऑसिसर कॉलोनी में डिकाडला निवासी दीपक का रास्ता रोककर लाठी, डंडों से हमला कर चोट मारने के तीन आरोपियों को समालखा थाना पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों की पहचान देहरा गांव निवासी अजय व डिकाडला निवासी तुषार व नवीन के रूप में हुई है।

थाना समालखा प्रभारी सब इंस्पेक्टर दीपक ने बताया कि पूछताछ में तीनों आरोपियों ने फरार अपने दो अन्य साथी आरोपियों के साथ मिलकर रंजिशन दीपक का रास्ता रोककर हमला कर चोट मारने की वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा। आरोपियों के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त स्कॉर्पियो व ओरा गाड़ी व एक डंडा बरामद कर पुलिस द्वारा आगामी कार्रवाई अमल में लाई गई।

**यह है मामलाः** थाना समालखा में गांव डिकाडला हाल हथवाला रोड समालखा निवासी दीपक पुत्र जसबीर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि करीब दो महीने पहले उसके जानकार लाखू बुआना गांव निवासी संदीप के खिलाफ देहरा गांव निवासी अजय पुत्र धर्मवीर ने पैसों के लेनदेन बारे थाना में शिकायत दी थी। संदीप ने फोन कर उसे भी थाना में बुला लिया था। जहां दोनों का पंचायती तौर पर राजीनामा हो गया था। अजय उसी दिन से उससे रंजिश रखने लगा। अजय ने उसको संदीप के साथ आने का मजा चखाने की बात भी कही थी।

16 नवंबर को वह समालखा की ऑफिसर कॉलोनी में स्थित प्रॉपर्टी डीलर के ऑफिस में अपने दोस्त मच्छरौली गांव निवासी अनूप से मिलने गया था। दोस्त अनूप से मिलने के बाद वह घर के लिए चला तो तभी एक काले रंग की स्कॉर्पियो गाड़ी वह एक सफेद रंग की ओरा गाड़ी में सवार होकर आए देहरा निवासी अजय, डिकाडला निवासी रविंद्र, तुषार, नवीन व आटा गांव निवासी कुनाल व इनके साथ आए 8-10 लड़कों ने मिलकर रास्ता रोककर उस पर लाठी, डंडों व सरिये से हमला कर दिया। अजय ने सरिये से उसके सिर पर वार किए। नवीन ने उसके गले से सोने की चेन तोड़ ली। सिर में चोट लगने से वह बेहोश होकर नीचे गिरा। सभी आरोपी चोट मारने के बाद उसे मरा हुआ समझकर मौके से फरार हो गए। दोस्त अनुप व इन्द्रा उसे इलाज के लिए समालखा सरकारी अस्पताल लेकर गए। डॉक्टर ने उसकी हालत को देख रेफर कर दिया।




# वीआईपी रोड पर खुलेआम उड़ रही कानून की धज्जियां, ठेके के बाहर ही शराबखोरी का अड्डा

**आम नागरिक खुलेआम यह नजारा देख रहा है, तो पुलिस, नगर परिषद जीरकपुर इस स्थिति को क्यों अनदेखा कर रहे हैं?**

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

**जीरकपुर, 22 नवंबर।** वीआईपी रोड पर कानून व्यवस्था को धत्ता बताते हुए खुलेआम शराबखोरी का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। लोहगढ़ से वीआईपी रोड पर प्रवेश करते ही स्थित दारू के ठेके के बाहर रोजाना बड़ी संख्या में लोग बेखौफ बैठकर शराब का सेवन करते देखे जा सकते हैं। हैरानी की बात यह है कि ठेके के ठीक सामने बीड़ी‌सिगरेट का ठेला भी पक्का तौर पर लगा हुआ है, जहां से लगातार नशे का सामान बेचा जा रहा है।




स्थानीय लोगों ने बताया कि यह स्थिति लंबे समय से बनी हुई है, लेकिन प्रशासन की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की जा रही। इससे भी अधिक चिंताजनक बात यह है कि ठेके के ठीक ऊपर एक कोचिंग इंस्टीट्यूट भी संचालित हो रहा है, जहां बच्चे पढ़ने आते हैं। अभिभावकों का कहना है कि बच्चों के स्कूल या कोचिंग सेंटर के बाहर इस तरह का माहौल न केवल असुरक्षित है, बल्कि उनके मानसिक विकास पर भी नकारात्मक प्रभाव डालता है।

> 'इस बारे में जानकारी आप द्वारा प्राप्त हुई है कल एक बार पुलिस पार्टी भेज कर मौका चेक करवाया जाएगा सारी चीजों को क्रॉस वेरीफाई करवाया जाएगा उसके बाद बनती कार्रवाई की जाएगी।
>
> **गजल प्रीत कौर**
> **डीएसपी जीरकपुर**

लोगों का सवाल है कि जब हर आम नागरिक खुलेआम यह नजारा देख रहा है, तो पुलिस, नगर परिषद जीरकपुर और सरकारी अधिकारी इस स्थिति को क्यों अनदेखा कर रहे हैं? क्षेत्रवासियों ने आरोप लगाया कि शिकायतें कई बार की गई, लेकिन न तो ठेके के बाहर शराब पीने वालों पर रोक लगी और न ही बीड़ी‌सिगरेट बेचने वाले पर कोई कार्रवाई हुई।

स्थानीय निवासियों का यह भी कहना है कि सरकार अक्सर पंजाब में बढ़ते नशे पर चिंता जताती है, लेकिन जमीनी स्तर पर ऐसी घटनाएं साबित करती हैं कि कार्रवाई सिर्फ कागजों तक सीमित है। खुलेआम नशे का सेवन और उसकी बिक्री प्रशासनिक तंत्र की लापरवाही को उजागर करती है।

क्षेत्रवासियों ने अर्थ प्रकाश समाचार पत्र के माध्यम से प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द इस ठेके और इसके आसपास फैले अवैध गतिविधियों पर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि बच्चों और स्थानीय लोगों के लिए सुरक्षित माहौल सुनिश्चित हो सके।

### यूएचबीवीएन ने जारी किए आदेश

# बिना मंजूरी के मुख्यालय नहीं आ सकेंगे बिजली वितरण निगम कर्मचारी

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम ने एक आदेश जारी करके अपने कर्मचारियों व अधिकारियों के बिना मंजूरी के मुख्यालय आने पर रोक लगा दी है।

यह आदेश क्षेत्रीय कार्यालयों, उप-मंडलों, मंडलों, जोन और मुख्यालयों में कार्यरत सभी अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए ये लागू होगा।

अब वरिष्ठ अधिकारियों को सीधा मिलने की बजाए पहले उन्हें टेलीफोन और ई मेल का प्रयोग करना होगा। कर्मचारियों को निर्देश दिए गए हैं कि निजी मामलों के लिए मुख्यालय या सीनियर ऑफिसर्स से मिलने से पहले, जहां तक संभव हो, अनुमति जरूर लें, ताकि मिलने के लिए सही समय तय किया जाए और उन्हें इंतजार से बचाया जाए।

आदेशों में कहा गया है कि कर्मचारी सबसे पहले संबंधित एसडीओ, उप-विभागीय अधिकारी या कार्यालय प्रभारी के स्तर पर प्रयास करें, ताकि समस्या का तुरंत समाधान किया जा सके। किसी भी आवेदन के लिए विभाग में पहले से तय प्रॉपर चैनल (एसडीओ/एक्सईएन/एसई/सीई/सक्षम प्राधिकारी) को फॉलो किया जाए। ये उन मामलों पर लागू नहीं होगा, जहां तत्काल समाधान की जरूरत हो। ऐसे मामलों में जहां मामला पहले ही एक स्तर पर उठाया जा चुका है और हायर अथॉरिटी के ध्यान की आवश्यकता है, कर्मचारियों को अपने नियंत्रण अधिकारी को सूचित करने के बाद अगली अथारिटी से मिलने की अनुमति दी जा सकती है।

# बिशनपुर डंपिंग ग्राउंड से अब रोजाना उठ रहा प्रतिदिन आने वाला कूड़ा



**कूड़े के पहाड़ को खत्म करने की प्रक्रिया तेज**

**दिसंबर से शुरू होंगी घर-घर से कूड़ा उठाने वाली गाड़ियां**

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

**जीरकपुर, 22 नवंबर।** बिशनपुर डंपिंग ग्राउंड में अब रोजाना आने वाले कूड़े का उसी दिन निपटारा होना शुरू हो गया है। नगर परिषद द्वारा 8.9 करोड़ रुपए की लागत से एक निजी कंपनी को दिया गया ठेका अब जमीन पर असर दिखाने लगा है। कंपनी द्वारा प्रतिदिन डंपिंग ग्राउंड में आने वाले कचरे को ट्रैकों में भरकर अपने प्लांट में ले जाकर प्रोसेस किया जा रहा है। इससे जहां कूड़े के बढ़ते ढेर पर रोक लगी है, वहीं स्थानीय लोगों की लंबे समय से चली आ रही बदबू और गंदगी की समस्या में भी काफी राहत मिलने लगी है।

नगर परिषद के अधिकारियों के अनुसार, डंपिंग ग्राउंड में प्रतिदिन जमा हो रहे ताज़ा कचरे की अब बैक-लॉग नहीं बन रही है। कूड़ा ग्राउंड में आते ही लोड होकर प्लांट पहुंच जाता है, जहां उसका वैज्ञानिक तरीके से निपटारा किया जा रहा है।

**पुराने कचरे के पहाड़ की सफाई तेजः** उधर, वर्षों से जमा हुए कूड़े के पहाड़ को खत्म करने का काम भी तेजी से जारी है। इस बड़े टास्क के लिए नगर परिषद ने एक अलग कंपनी को ठेका दिया हुआ है। कंपनी की टीमें युद्धस्तर पर पुराने कचरे की ट्रॉम्बलिंग और सैग्रीगेशन कर रही हैं। अधिकारियों का कहना है कि जैसे ही यह प्रक्रिया पूरी होगी, बिशनपुर डंपिंग ग्राउंड पूरी तरह से साफ होकर खाली जमीन के रूप में वापस मिल जाएगा।

> 'शहर में जितना भी कूड़ा हर रोज बिशनपुर डंपिंग ग्राउंड में आ रहा है, उसे कंपनी द्वारा ट्रैकों में भरकर प्लांट में ले जाया जा रहा है। जल्द ही डोर-टू-डोर कलेक्शन शुरू होगा और हर घर पर क्यूआर कोड लगाए जाएंगे। जहां अलग-अलग यूनिट होंगे, वहां अलग शुल्क लिया जाएगा।'
>
> **-मनोज कुमार, सेनेटरी इंस्पेक्टर, नगर परिषद जीरकपुर**

स्थानीय निवासियों का कहना है कि पिछले महीनों में जहां कूड़े का ढेर लगातार बढ़ रहा था, वहीं अब ग्राउंड में साफ-सफाई की गति साफ दिखाई दे रही है।

**दिसंबर से शुरू होगा घर-घर कूड़ा उठाने लिए :** नगर परिषद जीरकपुर जल्द ही शहर में डोर-टू-डोर कलेक्शन के लिए नई गाड़ियां चलाने जा रही है। हर घर के बाहर कयोआर कोड वाला स्टीकर लगाया जाएगा। जिन मकानों में अलग-अलग मंजिलों पर अलग-अलग परिवार रहते हैं, उनके अलग-अलग यूनिट माने जाएंगे और उसी अनुसार कूड़ा शुल्क तय होगा।
















अर्थ प्रकाश न्यूज पेपर्स के लिए मालिक, मुद्रक एवं प्रकाशक महावीर जैन द्वारा 'अर्थ प्रकाश प्रेस' से मुद्रित एवं प्रकाशित तथा अर्थ प्रकाश कार्यालय अर्थ प्रकाश भवन, सैक्टर 29-डी, चण्डीगढ़ से जारी। प्रधान सम्पादक : **महावीर जैन,** सम्पादक एवं मुख्य संवाददाता **कैलाश चन्द जैन**
आर.एन.आई. पंजीक्रम : **42427/86** डाक पंजीक्रम : **G/CHD/0197/2021-23** फोन : 0172-2638515, 9814019928 E-mail : arthparkash@gmail.com, arthparkashnews@gmail.com मुख्य सलाहकार : **हरीश चंद्र जैन,** एचसीएस (सेवानिवृत्त)

# केंद्र ने एनएच-154ए पर संवेदनशील स्थानों पर तटबंधों की मरम्मत के लिए 93.55 करोड़ रुपये मंजूर किए : विक्रमादित्य सिंह

राज्य सरकार के निरंतर प्रयासों का मिला परिणाम, चंबा जिले में संवेदनशील स्थानों पर तटबंधों के सुदृढ़ीकरण से सड़क सुरक्षा और आवागमन होगा और अधिक सुरक्षित



अर्थ प्रकाश/अरविंद शर्मा

**शिमला, 22 नवम्बर।** हिमाचल प्रदेश सरकार के निरंतर और प्रभावी प्रयासों के परिणामस्वरूप भारत सरकार ने नेशनल हाईवे-154ए के संवेदनशील स्थानों पर तटबंधों की विशेष मरम्मत के लिए 93,55,59,489 रुपये की स्वीकृति प्रदान की है।

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने आज यहां बताया कि मानसून के दौरान इस राष्ट्रीय राजमार्ग को बार-बार होने वाले नुकसान को देखते हुए राज्य सरकार निरन्तर इस मामले को केंद्र से उठा रही थी। चंबा जिला में मानसून आपदा के बाद हुए नुकसान का विस्तृत आकलन किया गया और उन्होंने स्वयं जाकर प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर स्थानीय प्रशासन और संबंधित अधिकारियों से इस संबंध में विस्तृत चर्चा की। आकलन के उपरान्त त्वरित वित्तीय सहायता के लिए इस प्रस्ताव को प्राथमिकता के साथ केंद्र सरकार को भेजा गया। भूस्खलन, कटाव और सड़क टूटने की घटनाओं के कारण यात्रियों की सुरक्षा का ध्यान में रखते हुए यह मामला गंभीरतापूर्वक केन्द्र से उठाया गया था। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के निरंतर प्रयासों के बाद केंद्र के सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने लोक निर्माण विभाग द्वारा भेजे गए प्रस्ताव का परीक्षण कर तकनीकी एवं प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की है। यह परियोजना चंबा जिला के चक्की-बनीखेत-चंबा-भरमौर सड़क मार्ग के संवेदनशील तटबंधों की विशेष मरम्मत से संबंधित है। योजना को पूरी सावधानी के साथ कार्यान्वित किया जाएगा ताकि अनावश्यक विलम्ब और लागत बढ़ोतरी से बचा जा सके।

### राज्य में सड़क सुरक्षा और आपदा प्रबंधन को मजबूत करने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम

विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि यह स्वीकृति राज्य में सड़क सुरक्षा और आपदा प्रबंधन को मजबूत करने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम है। राज्य सरकार अन्य संवेदनशील राष्ट्रीय राजमार्गों के लिए भी इसी प्रकार की स्वीकृतियां प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है ताकि पूरे प्रदेश में निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने बताया कि इस परियोजना के लिए शिमला में तैनात मंत्रालय के क्षेत्रीय अधिकारी को आहरण एवं वितरण अधिकारी नियुक्त किया गया है। सभी कार्य सड़क परिवहन मंत्रालय द्वारा जारी तकनीकी दिशा-निर्देशों के अनुसार ही किए जाएंगे। लोक निर्माण मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार सड़क अवसंरचना को उन्नत करने के लिए लगातार प्रयासरत है। केंद्र द्वारा एनएच-154ए के लिए दी गई यह बड़ी स्वीकृति भी इन्हीं निरंतर प्रयासों और प्रभावी फॉलो-अप का परिणाम है।

विक्रमादित्य सिंह ने बताया कि इस कार्य योजना के तहत वर्ष 2025-26 में 30 प्रतिशत कार्य, वर्ष 2026-27 में संपूर्ण कार्य और उसके बाद वर्ष 2031-32 तक नियमित रखरखाव का प्रावधान किया गया है। इससे इन संवेदनशील हिस्सों की लंबे समय तक सुरक्षा सुनिश्चित होगी और सड़क की मजबूती में वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि लंबे समय के लिए रखरखाव की यह स्वीकृति प्रदेश सरकार के प्रयासों का परिणाम है।

लोक निर्माण मंत्री ने कहा कि एनएच-154ए पर्यटन, व्यापार और स्थानीय लोगों के दैनिक आवागमन के लिए बेहद महत्त्वपूर्ण मार्ग है। तटबंधों की मजबूती से भारी बारिश के समय सड़क बंद होने की घटनाएं भी कम होंगी। उन्होंने कहा कि इस मार्ग पर बार-बार होने वाली सड़क धंसने की घटनाएं न केवल यात्रियों के लिए घातक हैं, बल्कि यह आवश्यक सेवाओं और आर्थिक गतिविधियों को भी प्रभावित करती है।

## शिमला में एक्सीडेंट में दंपती की मौत, बोलेनो कार बेकाबू हुई, सड़क से नीचे गिरी, सरकारी स्कूल में टीचर था मृतक

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**शिमला, 22 नवंबर।** शिमला के रोहड़ू उपमंडल में शनिवार की दोपहर एक सड़क हादसे में पति-पत्नी की मौत हो गई। यह घटना टिक्कर के रमटेड़ी के समीप दोपहर करीब 12.30 बजे हुई, जब एक बोलेनो कार बेकाबू होकर सड़क से नीचे गिर गई। मृतकों की पहचान राजेश कुमार (54) और उनकी पत्नी लीला देवी (50) के रूप में हुई है। राजेश कुमार गांव रमटेड़ी, डाकघर धराड़ा, तहसील टिक्कर के निवासी थे और राजकीय उच्च विद्यालय खारला में मुख्य अध्यापक के पद पर कार्यरत थे। कार राजेश कुमार ही चला रहे थे। दुर्घटना होते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और तुरंत दोनों घायलों को सिविल अस्पताल सेंटर टिक्कर पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। ग्रामीणों ने हादसे की सूचना पुलिस को दी। पुलिस टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और मृतकों के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए सिविल अस्पताल रोहड़ू भेज दिया। डीएसपी रोहड़ू प्रणव चौहान ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।

## शिमला में सड़क पर बने गड्ढे में फंसी बसस्छष्ट ने फोरलेन निर्माण पर लगाई रोक; टनल कंस्ट्रक्शन से घरों में दरारें, आपदा की आशंका

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला, 22 नवंबर।** हिमाचल की राजधानी शिमला के उपनगर भट्टाकुफर में आज सुबह एक सरकारी बस के नीचे सड़क धंस गई। सड़क पर लगभग 15 फीट गहरा और सात से आठ फीट चौड़ा गड्ढा बन गया। इस दौरान बस में चढ़ रही एक स्कूली बच्ची भी इसमें धंस गई। इस हादसे के बाद डीसी अनुपम कश्यप और एसएसपी शिमला संजीव कुमार गांधी मौके पर पहुंचे। डीसी ने आगामी आदेशों तक टनल के निर्माण कार्य पर रोक लगा दी है। डीसी ने बताया- इस तरह की घटना पहली बार देखने को मिली है। एडीएम अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी (लॉ एंड ऑर्डर) और स्क्को संयुक्त रूप से निर्देश दिए गए कि कैंथलीघाट से शिमला फोरलेन निर्माण के दौरान चल रहे टनल कार्य की रिपोर्ट तैयार करें। डीसी ने कहा- जिस जगह जमीन धंसने की घटना पाई गई है, उसके समीप टनल का कार्य चल रहा है। जिला प्रशासन ने स्टेट डिजास्टर मैनेजमेंट ऑथोरिटी को पत्र लिखकर इस घटना के बाद आपदा की आशंका जताई है। उन्होंने कहा- जब मौके पर पहुंचे तो स्थानीय लोगों के घरों में भी दरारें देखने को मिली है। इसलिए, फोरलेन निर्माण कर रही कंपनी को निर्देश दिए गए कि आगामी आदेशों तक निर्माण कार्य पूर पूर्ण रोक रहेगी। उन्होंने कहा- लोगों की जान को खतरे में नहीं डाला जा सकता।

## न्यूज ब्रीफ

### एनसीसी दिवस पर कैडेट्स ने ली जीवनभर नशे से दूर रहने की शपथ



**सोलन (अप्रस/यशपाल कपूर)।** प्रथम एचपी ब्वॉयज बटालियन सोलन की सीनियर सेकंडरी स्कूल डगशाई यूनिट ने शनिवार को एनसीसी दिवस मनाया। इसमें स्कूल के 49 कैडेट्स ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल प्रिंसिपल कीर्ति शर्मा ने की। डगशाई सीसे स्कूल एनसीसी यूनिट की अधिकारी एएनओ अंजना ठाकुर ने बताया कि एनसीसी दिवस के अवसर पर,पोस्टर मेकिंग, स्लोगन, पौधरोपण के अलावा स्कूल परिसर की सफाई की गई। इस मौके पर एनसीसी कैडेट्स के लिए नशा निवारण के तहत शपथ दिलाई गई। इसमें कैडेटेस ने जीवनभर नशा न करने की कसम खाई। साथ ही संकल्प लिया कि समाज में नशे को जड़ से खत्म करने के लिए वह अपना योगदान देंगे। कार्यक्रम का समापन एनसीसी गीत के साथ हुआ। इस मौके पर स्कूल स्टाफ से चंद्र देव ठाकुर, राधेश्याम चौहान, बिमला, पंकज जस्टा, देवीचंद समेत अन्य मौजूद रहे। डगशाई सीसे स्कूल एनसीसी यूनिट की अधिकारी एएनओ अंजना ठाकुर ने बताया कि एनसीसी भारत का एक युवा विकास संगठन है। यह संगठन स्कूल और कॉलेज के छात्रों में सैन्य प्रशिक्षण और अनुशासन प्रदान करता है। हर वर्ष नवंबर के चौथे रविवार को एनसीसी डे मनाया जाता है। ठाकुर ने बताया कि एनसीसी का उद्देश्य युवाओं में देशभक्ति, अनुशासन, राष्ट्रीयता, चरित्र निर्माण, नेतृत्व व टीम भावना का विकास करता है।

### 24 नवम्बर को ऊना उप-मण्डल में स्थानीय अवकाश घोषित

**ऊना (अप्रस/रोहित शर्मा)।** उपायुक्त, ऊना जतिन लाल ने ऊना उपमंडल में 24 नवम्बर, 2025 को स्थानीय अवकाश घोषित किया है। इस संबंध में आदेश जारी करते हुए उपायुक्त ने बताया कि श्री गुरू तेग बहादुर जी की शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में 24 नवम्बर (सोमवार) को ऊना उप-मण्डल में स्थानीय अवकाश रहेगा। इस दौरान ऊना उपमण्डल के अंतर्गत आने वाले सभी सरकारी व निजी शिक्षण संस्थान, कॉलेज और सरकारी कार्यालय बंद रहेंगे।

### पुलिस ने 24 घंटे में ढूंढ निकाली चोरी हुई बाइक

**सोलन (अप्रस/यशपाल कपूर)।** जिला के परवाणू में पुलिस ने बाइक चोरी की एक वारदात को महज 24 घंटे के भीतर सुलझाते हुए आरोपी को हरियाणा के कालका से गिरफ्तार कर लिया है। कोटबेजा निवासी कुलवीर सिंह ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि 20 नवंबर को वह अपने भाई की बाइक लेकर परवाणू आया था। उसने बाइक ईएसआई अस्पताल के गेट के पास खड़ी की और खुद धर्मपुर में एक कंपनी में इंटरव्यू देने चला गया। जब वह वापस लौटा तो बाइक वहां से गायब थी। चोरी हुई बाइक की कीमत करीब 1 लाख रुपए बताई गई है। पुलिस ने शिकायत मिलते ही घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। तकनीकी जांच और फुटेज के विश्लेषण के आधार पर पुलिस ने आरोपी की पहचान की और 21 नवंबर को उसे खेड़ा सीताराम, कालका (हरियाणा) से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान 24 वर्षीय अमनदीप सिंह पुत्र भुपिन्द्र सिंह के रूप में हुई है। पुलिस ने चोरी की बाइक बरामद कर ली है और आरोपी को आज अदालत में पेश किया जा रहा है। पुलिस अब आरोपी का पुराना आपराधिक रिकॉर्ड भी खंगाल रही है।

## कुल्लू में गीता जयंती पर पेंटिंग और वाद-विवाद प्रतियोगिताएं की जाएगी आयोजित : वशिष्ट

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा




**कुल्लू 22 नवंबर।** गीता आश्रम के अनुयायी अभिनव वशिष्ट ने आज यहाँ आयोजित एक प्रेस वार्ता में आगामी 35वें गीता जयंती समारोह की विस्तृत जानकारी साझा की। यह कार्यक्रम 28 नवम्बर को गीता कुटीर रामशिला में आयोजित होगा। उन्होंने बताया कि यह वार्षिक समारोह ब्रह्मलीन स्वामी आराधना 'भिक्षु' की पावन स्मृति में आयोजित किया जाता है। वे सद्गुरुदेव स्वामी गीतानंद जी 'भिक्षु' की परम शिष्या थीं और उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन श्रीमद्भगवद्गीता के प्रचार-प्रसार हेतु समर्पित किया। उन्होंने बताया कि इस वर्ष के आयोजन की प्रेरणा स्वामी मुक्तानंद 'भिक्षु' और स्वामी किरण 'भिक्षु' द्वारा प्रदान की गई है।

समारोह के मुख्य उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए मिश्रा ने कहा कि इस वर्ष का कार्यक्रम विद्यार्थियों को रचनात्मक और प्रतिस्पर्धात्मक माध्यमों के ज़रिये भगवद्गीता के उपदेशों से गहराई से जोड़ने पर केंद्रित है। दिन का प्रारंभ सुबह 9 बजे पंजीकरण से होगा, जिसके बाद 9.30 बजे हल्के नाश्ते के पश्चात 10 बजे प्रतियोगिताएँ प्रारंभ होंगी। पेंटिंग प्रतियोगिता 10.30 बजे और भाषण प्रतियोगिता 11 बजे आयोजित की जाएगी। दोपहर का भोजन 1 बजे दिया जाएगा और 2 बजे आशीर्वचन, संबोधन तथा पुरस्कार वितरण सहित समापन सत्र होगा। अधिक जानकारी देते हुए वशिष्ट ने बताया कि कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों की पेंटिंग प्रतियोगिता 'श्रीकृष्ण-अर्जुन संवाद' के दृश्यांकन पर आधारित होगी। इस प्रतियोगिता की समयावधि 30 मिनट होगी। विद्यार्थियों को अपने रंग स्वयं लाने होंगे जबकि आश्रम की ओर से ए-3 आकार की ड्राइंग शीट और अन्य आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी। पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 2,101 रुपये, द्वितीय पुरस्कार 1,501 रुपये और तृतीय पुरस्कार 1,001 रुपये रखा गया है।

उन्होंने कहा, 'कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए भाषण प्रतियोगिता सुबह 11 बजे आयोजित होगी, जिसमें प्रतिभागी श्रीमद्भगवद्गीता के अठारह अध्यायों में से किसी भी श्लोक की व्याख्या प्रस्तुत करेंगे और उसके आधुनिक मानव जीवन में महत्व पर प्रकाश डालेंगे। प्रत्येक प्रतिभागी को पाँच मिनट का समय दिया जाएगा। इस प्रतियोगिता के लिए प्रथम पुरस्कार 3,100 रुपये, द्वितीय 2,100 रुपये और तृतीय 1,100 रुपये निर्धारित है।'

वशिष्ट ने आगे बताया कि प्रत्येक विद्यालय पेंटिंग प्रतियोगिता के लिए दो तथा भाषण प्रतियोगिता के लिए भी दो विद्यार्थियों का नामांकन कर सकता है, जिन्हें कम से कम एक अध्यापक द्वारा साथ लाना होगा। प्रत्येक प्रतिभागी को प्रमाणपत्र दिया जाएगा, जबकि विजेताओं को स्मृति-चिह्न, नगद पुरस्कार और सांत्वना पुरस्कार भी प्रदान किए जाएंगे। बेहतर समन्वय के लिए कार्यक्रम से पूर्व एक व्हाट्सऐप समूह बनाया जाएगा और विद्यालयों को अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर समूह में जुड़ना होगा।

वशिष्ट ने सभी विद्यालयों से आग्रह किया कि वे अपने विद्यार्थियों को इस समारोह में भाग लेने हेतु प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि यह पर्व बच्चों के लिए भगवद्गीता के अमर संदेश से ऊर्जा और प्रेरणा प्राप्त करने का सुअवसर प्रदान करता है।

## तेज राम तीसरी बार बने दी खोखन कृषि सेवा बहुदेशीय सहकारी सभा सीमित के अध्यक्ष



अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा

**भुंतर (कुल्लू) 22 नवंबर।** दी खोखन कृषि सेवा बहुदेशीय सहकारी सभा सीमित खोखन के चुनाव प्रबंधन कमेटी द्वारा किए गए। प्रबंधन कमेटी के सदस्यों ने सभा के अध्यक्ष पद के लिये तीसरी बार तेज राम गांव शाढ़ाबाई डाकघर व तहसील भुंतर जिला कुल्लू निवासी को चुना गया है।

उपाध्यक्ष पद के लिये गांव खोखन से मोहन लाल व निदेशक ज्योति स्वरूप, जीत राम भाग चन्द, को चुना गया। अध्यक्ष तेज राम ने कहा कि प्रबंधक कमेटी के सदस्यों के साथ तालमेल बनाकर आगामी पांच साल के लिये सामा में कार्य करेंगें और जनहित में लोगों के प्रति सजग रहेंगे उमीद है। आगामी पांच सालों में सभा को विकास व उत्थान के लिए भरसक प्रयास करेंगे।

तीसरी बार अध्यक्ष बनाने पर उन्होंने प्रबंधन कमेटी का धन्यवाद किया। आपकी जानकारी के लिए बता दें बहुदेशीय सहकारी सभा का पंजीकरण साल 1944 आजादी से पहले हुआ है। जो कि अपना कारोवार अपने आधार क्षेत्र में बेहतरीन तरीके से कर रही है।

## एचआरटीसी पेंशनरों को पेंशन न मिलने पर त्रिलोक कपूर ने सरकार को घेरा

पेंशन और मेडिकल बिलों के भुगतान में हो रही देरी पर भाजपा ने जताई कड़ी नाराज़गी

अर्थ प्रकाश/अरविंद शर्मा



**शिमला, 22 नवंबर।** भाजपा प्रदेश वरिष्ठ प्रवक्ता त्रिलोक कपूर ने कहा कि कांग्रेस सरकार को हिमाचल प्रदेश के कर्मचारियों और सेवानिवृत कर्मचारियों की कोई चिंता नहीं है। पेंशन न मिलने से सेवानिवृत वरिष्ठ कर्मचारी लगातार परेशान हैं और आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। उन्होंने बताया कि हिमाचल प्रदेश सड़क परिवहन निगम (एचआरटीसी) के पेंशनरों ने पेंशन में हो रही लगातार देरी और लंबित मेडिकल बिलों के भुगतान न होने के खिलाफ सरकार और निगम प्रबंधन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है।

त्रिलोक कपूर ने कहा कि 20 नवंबर तक भी पेंशन जारी न होना चौंकाने वाला और दुखद है, जिससे पेंशनरों को गंभीर आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि पेंशन के साथ-साथ महीनों से रुके पड़े मेडिकल बिलों के भुगतान को लेकर भी कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।


कपूर ने कहा कि इलाज कराने के लिए वृद्ध पेंशनरों को अब अपनी जमा पूंजी खर्च करनी पड़ रही है। इसके बावजूद सरकार उनकी समस्याओं को लगातार नजरअंदाज कर रही है। उन्होंने बताया कि नवंबर का आधा महीना बीत चुका है लेकिन पेंशन अब तक जारी नहीं की गई, जिससे पेंशनरों में भारी आक्रोश है। पुराने पेंशनरों को भी हर महीने पेंशन मिलने में देरी का सामना करना पड़ रहा है। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री ने एचआरटीसी की स्वर्ण जयंती के अवसर पर कई घोषणाएं की थीं, लेकिन वे अभी तक धरातल पर नहीं उतर सकी हैं। त्रिलोक कपूर ने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार ने सत्ता में आने से पहले ओल्ड पेंशन स्कीम बहाल करने और पेंशनभोगियों के हितों की रक्षा का वायदा किया था, लेकिन आज हालात यह हैं कि पेंशनधारक समय पर भुगतान के लिए भी तरस रहे हैं। उन्होंने सरकार से मांग की कि पेंशन और मेडिकल बिलों का भुगतान तत्काल प्रभाव से किया जाए, ताकि वृद्ध और सेवानिवृत कर्मचारी सम्मानजनक जीवन जी सकें।

## नौणी विश्वविद्यालय में 23 नवम्बर को विशाल विधिक साक्षरता शिविर होगा आयोजित

हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति विवेक सिंह ठाकुर होंगे मुख्यातिथि

हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति विरेंद्र सिंह तथा न्यायाधीश न्यायमूर्ति जिया लाल भारद्वाज रहेंगे विशेष रूप से उपस्थित

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर



**सोलन, 22 नवम्बर।** ज़िला विधिक सेवाएं प्राधिकरण सोलन द्वारा 23 नवम्बर, 2025 को डॉ. वाई.एस. परमार बागवानी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी में एक विशाल विधिक साक्षरता शिविर आयोजित किया जाएगा। यह शिविर राष्ट्रीय विधिक सेवाएं प्राधिकरण एवं हिमाचल प्रदेश राज्य विधिक सेवाएं प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी ज़िला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव आंकाक्षा डोगरा ने दी।

आंकाक्षा डोगरा ने कहा कि यह विशाल विधिक साक्षरता शिविर नौणी विश्वविद्यालय के सभागार में प्रातः 11.00 बजे से आयोजित किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि शिविर में हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायाधीश एवं हिमाचल प्रदेश राज्य विधिक सेवाएं प्राधिकरण के कार्यकारी अध्यक्ष न्यायमूर्ति विवेक सिंह ठाकुर मुख्यातिथि होंगे। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति विरेंद्र सिंह तथा न्यायाधीश न्यायमूर्ति जिया लाल भारद्वाज शिविर में विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

आकांक्षा डोगरा ने कहा कि इस विशाल विधिक साक्षरता शिविर में नशा मुक्त समाज-भारत का संकल्प तथा पर्यावरण संरक्षण-भूमंडल रक्षण विषय पर सारगर्भित जानकारी प्रदान की जाएगी।

उन्होंने कहा कि इस शिविर का मुख्य उद्देश्य आमजन, युवाओं, छात्रों, स्वयं सेवी संस्थाओं, पंचायती राज संस्थाओं के प्रतिनिधियों, स्वयं सहायता समूहों, आंगनबाड़ी एवं आशा कार्यकर्ताओं सहित अन्य प्रतिभागियों को विधिक अधिकारों की जानकारी प्रदान करना है।

आकांक्षा डोगरा ने कहा कि इस अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन भी किया जाएगा।

## मणिकर्ण रोड़ पर 698 ग्राम चरस के साथ नेपाली मूल का व्यक्ति गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा



**कुल्लू 21 नवंबर।** कुल्लू पुलिस का नशा माफिया के खिलाफ अभियान लगातार जारी है इसी कड़ी में भुंतर पुलिस ने नेपाली मूल के व्यक्ति को चरस के साथ गिरफ्तार किया।

पुलिस थाना भुंतर की टीम ने सिउंड में नाकाबंदी दौरान मान सिंह भंडारी उम्र 35 पुत्र नैन बाहादुर भंडारी निवासी गांव व डाकघर ठाटीकांध तहसील व ज़िला दैलेख, काठमांडू (नेपाल) वर्तमान में गांव तुलगा तहसील जरी जिला कुल्लू के कब्जा से 698 ग्राम चरस बरामद की गई है। उपरोक्त मान सिंह भंडारी के विरूद्ध पुलिस थाना भुंतर में मादक पदार्थ अधिनियम की धारा 20 के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर नियमानुसार कार्यवाही करने के उपरांत बरामदा नशा की खरीद फरोखत का पता लगाया जा रहा है। अभियोग में आगामी अन्वेषण जारी है।

## राजकीय महाविद्यालय बंजार में 'शिक्षकों के लिए जीवन कौशल' विषय पर कार्यशाला का आयोजन

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा



**बंजार (कुल्लू )22 नवंबर।** राजकीय महाविद्यालय बंजार के मेंटल हेल्थ एवं एंटी-ड्रग सेंसिटाइजेशन क्लब के तत्वावधान में ÷शिक्षकों के लिए जीवन कौशल÷ विषय पर विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस सत्र का संचालन डॉ. सत्यव्रत वैद्य, जिला कार्यक्रम अधिकारी (मानसिक स्वास्थ्य) कुल्लू एवं नोडल हेड, एडिक्शन ट्रीटमेंट फैसिलिटी, कुल्लू द्वारा किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य श्री आर. के. सिंह तथा क्लब की संयोजिका डॉ लीना वैद्य ने डॉ. वैद्य का स्वागत किया। अपने संबोधन में डॉ. वैद्य ने शिक्षकों के लिए भावनात्मक दृढ़ता, प्रभावी संचार, तनाव प्रबंधन और समग्र मानसिक स्वास्थ्य की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सशक्त जीवन कौशल वाले शिक्षक विद्यार्थियों के लिए एक स्वस्थ और सहयोगपूर्ण वातावरण तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यशाला के दौरान शिक्षकों को विभिन्न गतिविधियाँ और कार्य सौंपे गए, जिनमें उन्होंने उत्साहपूर्वक भाग लिया। ये गतिविधियाँ आत्म-जागरूकता, टीम वर्क, निर्णय क्षमता तथा तनाव से निपटने की रणनीतियों को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से आयोजित की गईं, जिससे पूरा सत्र रोचक और सहभागितापूर्ण बन गया। सत्र के अंत में स्वास्थ्य विभाग की ओर से उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शिक्षकों को पुरस्कार वितरित किए गए, जिससे प्रतिभागियों का उत्साह और बढ़ा। यह कार्यशाला न केवल सफल रही, बल्कि शिक्षकों के मानसिक स्वास्थ्य और उनकी कार्यकुशलता को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुई।

## बरशैणी में तीन मंजिला मकान जलकर राख, लाखों का नुकसान

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा

**कुल्लू 22 नवंबर।** कुल्लू की पार्वती घाटी के बरशैणी गांव में तीन मंजिला मकान जल कर राख हो गया जिसमें लाखों रुपए के नुकसान होने का अनुमान है।जानकारी के अनुसार आलम चंद के तीन मंजिला मकान में अचानक आग लगी और देखते ही देखते पूरे मकान को अपनी चपेट में ले लिया।इस आगजनी में मकान के आठ कमरे पूरी तरह से जलकर राख हो गए।

आग की घटना के वक्त मकान की पहली दो मंजिलों पर किरायेदार मौजूद थे। गनीमत यह रही कि सभी किरायेदार समय रहते अपनी जान बचाकर सुरक्षित बाहर निकलने में कामयाब रहे।


स्थानीय लोगों ने तुरंत दमकल विभाग को सूचना दी। सूचना मिलने के बाद फायर ऑफिसर प्रेम भारद्वाज के नेतृत्व में दमकल विभाग की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और घंटों मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह से काबू पाया।

आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है, पुलिस और राजस्व विभाग के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर नुकसान का आकलन करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। लोगों ने स्थानीय प्रशासन से प्रभावित परिवारों को जल्द से जल्द मुआवजा देने की मांग की गई है।

प्रयागराज दौरे पर मुख्यमंत्री योगी

# मां गंगा का पूजन, बड़े हनुमान के चरणों में नमन

अर्थ प्रकाश/विजय कुमार निगम



प्रयागराज। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को प्रयागराज दौरे पर रहे। यहां उन्होंने विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। मुख्यमंत्री विधायक हर्षवर्धन वाजपेयी के आवास पर आयोजित धार्मिक अनुष्ठान में पहुंचे। यहां उन्होंने संकट मोचन हनुमान जी की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा की। फिर संगम नोज पहुंचकर 'त्रिवेणी पूजन' किया व मां गंगा की आरती उतारी। मुख्यमंत्री ने बड़े हनुमान मंदिर पहुंचकर उनके चरणों में शीश झुकाया। मुख्यमंत्री ने माघ मेले की तैयारियों का भी जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने आमजन का अभिवादन भी स्वीकार किया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सबसे पहले रामबाग स्थित शहर उत्तरी के भाजपा विधायक हर्षवर्धन वाजपेयी के आवास पहुंचे। यहां आयोजित धार्मिक अनुष्ठान में हिस्सा लिया। सीएम योगी आदित्यनाथ ने श्रीविजय प्रद हनुमान जी की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा की। मुख्यमंत्री ने यहां पूजन-अर्चन, आरती भी उतारी। आयोजक व विधायक हर्षवर्धन वाजपेयी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को स्मृति चिह्न भेंट किया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ यहां से संगम गए। यहां वे वीआईपी घाट से बोट में बैठकर संगम नोज पहुंचे। उन्होंने बोट से ही यमुना नदी में कलरव कर रहे पक्षियों को दाना भी खिलाया। मुख्यमंत्री ने संगम नोज पर पहुंचकर त्रिवेणी संगम पर पूजन-अर्चन किया, फिर मां गंगा की आरती उतारी। उन्होंने मां गंगा के चरणों में शीश झुकाकर माघ मेले की सफलता की कामना की। सीएम बोट में ही बैठकर वापस आए, फिर हनुमान कॉरिडोर की तरफ रवाना हुए। मुख्यमंत्री ने आमजन का अभिवादन भी किया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हनुमान कॉरिडोर का भी निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री यहां बड़े हनुमान मंदिर भी गए। वहां हनुमान जी के चरणों के समक्ष बैठकर दर्शन-पूजन कर आरती उतारी और विधि-विधान से पूजा की। धार्मिक कार्यक्रमों में कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, नंदगोपाल गुप्त 'नंदी', सांसद प्रवीण पटेल, विधान परिषद सदस्य महेंद्र सिंह, सुरेंद्र चौधरी, विधायक सिद्धार्थ नाथ सिंह, दीपक पटेल, पूजा पाल, पीयूष निषाद, गुरु प्रसाद मौर्य, राजमणि कोल आदि मौजूद रहे।

# स्टूडेंट्स पर भरोसा, वही बनाएंगे नेक समाज: उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन

अर्थप्रकाश/बोम्मा रेड्डी



पुट्टपर्थी। श्री सत्य साई इंस्टीट्यूट ऑफ़ हायर लर्निंग में आयोजित ग्रेजुएशन सेरेमनी में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि यहां के अनुशासित, समर्पित और संस्कारयुक्त विद्यार्थी देखकर विश्वास होता है कि वे एक ऐसा नेक और आदर्श समाज बनाएंगे, जिसकी कल्पना भी कठिन है। उन्होंने कहा कि संस्थान को उत्कृष्ट ढंग से विकसित किया गया है और यहां दिखाई देने वाला अनुशासन व प्रतिबद्धता किसी भी अन्य विश्वविद्यालय से अलग और प्रेरणादायक है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि उन्होंने किसी भी कॉन्वोकेशन में छात्रों को इतनी अनुशासित शैली में ज़मीन पर बैठकर कार्यक्रम में भाग लेते नहीं देखा। उन्होंने ग्रेजुएट होने वाले युवाओं को बधाई दी और कहा कि इतना उच्चस्तरीय संस्थान मुफ्त शिक्षा देकर समाज में अद्वितीय योगदान दे रहा है।

उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन ने कहा कि 2047 तक भारत विश्व में नंबर-1 रैंक पर होगा और आज यहां से निकलने वाले छात्र उस विकास यात्रा के महत्वपूर्ण सहभागी बनेंगे। उन्होंने बताया कि पिछले तीन दिनों में देश के शीर्ष पदों पर पहुंच चुके अनेक व्यक्तित्वों ने जयंती समारोह में भाग लिया, जिससे यह स्पष्ट होता है कि सत्य साई बाबा की प्रेरणा कितनी शक्तिशाली है।

उन्होंने कहा कि दुनिया अब भारत की बात सुनती है और देश को इस ऊंचाई तक ले जाने में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भूमिका महत्वपूर्ण रही है। उपराष्ट्रपति ने छात्रों को अच्छे नागरिक बनने, सत्य साई बाबा के सिद्धांतों को देश-विदेश तक ले जाने और रिसर्च गतिविधियों में अधिक निवेश पर जोर दिया।

## श्री गुरु तेग बहादुर जी के शहीदी समागमों के लिए दिल्ली की सिंह सभाओं द्वारा कीर्तन अभ्यास: कालका



अर्थ प्रकाश नेटवर्क

नई दिल्ली। श्री हरमीत सिंह कालका, अध्यक्ष दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने बताया कि दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी और उनके साथ शहीद हुए अनन्य गुरसिख भाई मती दास जी, भाई सती दास जी, भाई दियाला जी के 350वें शहीदी दिवस को समर्पित 23, 24 और 25 नवंबर 2025 को लाल किला मैदान में बड़े स्तर पर आयोजित कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए दिल्ली की समस्त सिंह सभाओं के इस्त्री सत्संग जत्थों द्वारा हरि जस गायन करते हुए कीर्तन अभ्यास किया गया।

उन्होंने संगतों से विनम्र अपील की कि वे इस अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की कृपा करें जी।

## राज्य के विकास में सेवा का अधिकार और पारदर्शी प्रशासन सरकार की प्राथमिकता: मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन

अर्थ प्रकाश नेटवर्क



रांची। झारखंड विधानसभा परिसर, रांची में आज झारखंड विधानसभा की 25वीं वर्षगांठ (रजत जयंती) के अवसर पर भव्य एवं ऐतिहासिक समारोह का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार एवं मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने विधानसभा की रजत जयंती के इस ऐतिहासिक अवसर पर समस्त विधायकगणों, मंत्रिगणों, सांसदगणों, विधानसभा अध्यक्ष एवं कर्मचारियों को शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड के सृजन के पीछे एक लम्बा संघर्ष, बलिदान और यहां के आदिवासी-मूलवासी समाज की अमिट भूमिका रही है। राज्य को अलग दर्जा मिलने तक हमारे पूर्वजों और वीर शहीदों ने अनगिनत संघर्ष किए, जिनकी बदौलत आज झारखंड अपनी विशिष्ट पहचान के साथ विकास के पथ पर अग्रसर है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 25 वर्षों का यह सफर प्रदेश के लिए अनेक अनुभवों से भरा रहा है। हाल ही में झारखंड सरकार, झारखंड उच्च न्यायालय तथा अब झारखंड विधानसभा द्वारा रजत जयंती मनाना विकास पथ पर राज्य की निरंतरता का प्रतीक है।

श्री सोरेन ने कहा कि यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि आज हमारे बीच झारखंड आंदोलन के पुरोधा, बाबा दिशोम गुरु शिबू सोरेन जी नहीं हैं। उन्होंने अपने जीवन का प्रत्येक क्षण राज्य की अस्मिता, अधिकार और स्वाभिमान के लिए समर्पित किया। उनके नेतृत्व और मार्गदर्शन में झारखंड आंदोलन ने जनांदोलन का रूप लिया, जिसने अंततः राज्य के सृजन का मार्ग प्रशस्त किया।

श्री सोरेन ने कहा कि स्वर्गीय बाबा शिबू सोरेन जी न केवल हमारे लिए प्रेरणा स्रोत हैं, बल्कि वे झारखंड की आत्मा, संघर्ष और स्वाभिमान के प्रतीक हैं। उनके आदर्श और योगदान सदैव आने वाली पीढ़ियों के लिए मार्गदर्शक बने रहेंगे। श्री सोरेन ने आगे कहा कि ÷राज्य के गठन के बाद गरीबी, कुपोषण तथा सामाजिक न्याय के क्षेत्रों में अपेक्षित प्रगति नहीं हो पाई थी, किन्तु वर्तमान सरकार ने आर्थिक, शैक्षणिक एवं सामाजिक सशक्तिकरण की दिशा में सुदृढ़ संकल्प लिया है। सेवा का अधिकार जैसे अभिनव कार्यक्रमों के माध्यम से शासन की नीतियाँ सीधे जनता के द्वार तक पहुँचाई जा रही हैं। सरकार का मुख्य लक्ष्य है कि प्रत्येक ग्राम और क्षेत्र में न्याय, पारदर्शिता एवं संवेदनशील प्रशासन सुनिश्चित किया जाए, ताकि हर नागरिक को संवैधानिक अधिकारों एवं सुविधाओं का सहज और प्रभावी लाभ मिल सके।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने उत्कृष्ट विधायक के रूप में चयनित स.वि.स. राज सिन्हा को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि उत्कृष्ट विधायक का चयन सदन की गरिमा और जनप्रतिनिधि के अनुशासन व निष्ठा का प्रतीक है। इस अवसर पर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन तथा विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले विधानसभा कर्मियों के साथ ही देश की सीमा पर तथा नक्सल अभियान में शहीद हुए झारखंड राज्य के वीर पुलिस कर्मियों एवं सैनिकों को स्मृति-चिन्ह, प्रशस्ति-पत्र एवं सम्मान राशि प्रदान कर सम्मानित किया।

## राहुल के विरोध में पत्र लिखवाकर चुनाव आयोग की वकालत करना दुर्भाग्यपूर्ण: गहलोत

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

जयपुर। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शनिवार को कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा हरियाणा चुनाव में वोट चोरी को लेकर सामने लाए गए तथ्यों पर चुनाव आयोग अभी तक जवाब नहीं दे सका है वहीं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की ओर से 272 लोगों से श्री गांधी के विरोध में पत्र लिखवाकर चुनाव आयोग की वकालत करना दुर्भाग्यपूर्ण है।

श्री गहलोत ने अपने बयान में कहा कि चोरी पकड़े जाने के कारण इस बार 272 सांसद के आंकड़े से दूर रही भाजपा ने 272 लोगों से श्री गांधी के विरोध में पत्र लिखवाकर चुनाव आयोग की वकालत की है। उन्होंने कहा कि ऐसे लोग जिन्होंने 30-35 साल की सेवाएं ब्यूरोक्रेसी, ज्यूडिशियरी या सेना के साथ दी हैं, उनकी ओर से ऐसा पत्र दुर्भाग्यपूर्ण है। ऐसा लगता है कि इन पर दबाव डालकर यह पत्र लिखवाया गया है।

उन्होंने कहा कि पूरा देश जान चुका है कि चुनाव आयोग पूरी तरह भाजपा और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के पक्ष में काम कर रहा है। उच्चत्तम न्यायालय में मामला विचाराधीन होने के बावजूद 12 राज्यों में जल्दबाजी में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कराई जा रही है।

श्री गहलोत ने कहा कि श्री गांधी देशहित में इस संस्था और लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं। जो लोग लोकतंत्र बचाये रखना चाहते हैं, उन्हें ऐसा पत्र चुनाव आयोग को लिखना और वोट चोरी पर तथ्यात्मक स्पष्टीकरण मांगना चाहिए।

## बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने दिल्ली-एनसीआर प्रॉपर्टी एक्सपो 2025 का शुभारंभ किया, घर खरीदारों के लिए वन-स्टॉप प्लेटफॉर्म

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

नई दिल्ली। बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने दिल्ली-एनसीआर के हाउसिंग सेक्टर में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराते हुए यशोभूमि, द्वारका में 'बैंक ऑफ़ बड़ौदा प्रॉपर्टी एक्सपो 2025- दिल्ली संस्करण' का शुभारंभ किया। 22 और 23 नवंबर तक चलने वाला यह दो दिवसीय एक्सपो घर खरीदारों के लिए एक व्यापक वन-स्टॉप प्लेटफॉर्म प्रदान कर रहा है, जहां विश्वसनीय बिल्डरों, आसान वित्तीय विकल्पों और विशेष रियायतों का संगम देखने को मिला।

दिल्ली, गुरुग्राम, नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गाज़ियाबाद और फरीदाबाद के लगभग 20 प्रमुख डेवलपर्स अपने स्वीकृत आवासीय प्रोजेक्ट्स के साथ शामिल हुए हैं। पहले दिन बड़ी संख्या में आगंतुकों ने ओसी-रेडी, निर्माणाधीन और रिडेवलपमेंट प्रॉपर्टीज सहित किफायती से लेकर लग्ज़री सेगमेंट तक के विकल्पों का अवलोकन किया।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा घर खरीदारों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए ऑन-द-स्पॉट सलाह, त्वरित सैद्धांतिक स्वीकृति और महिला उधारकर्ताओं के लिए विशेष रियायती ब्याज दरें ऑफर कर रहा है। बैंक के कार्यपालक निदेशक श्री संजय मुदालियर ने कहा कि दिल्ली-एनसीआर देश के सबसे गतिशील हाउसिंग बाज़ारों में से एक है, और यह एक्सपो ग्राहकों को सुरक्षित प्रोजेक्ट्स और वित्तीय समाधान एक ही स्थान पर उपलब्ध कराकर उन्हें सहज अनुभव प्रदान करता है।

## रेल डिब्बा कारखाना कपूरथला ने बांग्लादेश रेलवे को एक्सपोर्ट के लिए रेल डिब्बों का निर्माण शुरू किया



अर्थ प्रकाश संवाददाता

कपूरथला। रेल डिब्बा कारखाना, कपूरथला ने बांग्लादेश रेलवे को एक्सपोर्ट के लिए रेल डिब्बों का निर्माण शुरू कर दिया है, जो आर सी एफ के कोच निर्माण में एक और मील का पत्थर है। यह पहल 200 रेल डिब्बों के एक्सपोर्ट ऑर्डर का हिस्सा है, जिसके तहत आर सी एफ इस साल 20 कोच बनाएगा। इस में 8 एयर-कंडीशन्ड (एसी) कोच और 12 नॉन- एयर-कंडीशन्ड कोच शामिल हैं, जो सभी बांग्लादेश रेलवे की ऑपरेशनल और पैसेंजर ज़रूरतों को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं।

पहले कोच शेल की प्रोडक्शन का आज औपचारिक उद्घाटन शेल असेंबली शॉप के सबसे सीनियर कर्मचारी मनोहर लाल, एस एस ई /शेल ने किया। इस मौके पर रवि कुमार, पी सी एम ई , संजय अग्रवाल, पी सी एम एम , बलदेव राज सी डब्लयू ई /शेल के साथ-साथ सीनियर अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे। आर सी एफ ने इससे पहले भी बांग्लादेश रेलवे को 120 हाई-क्वालिटी रेल डिब्बे 2016-17 में निर्मित किये थे , जो बांग्लादेश रेलवे की खास ज़रूरतों के हिसाब से सफलतापूर्वक बनाए और सप्लाई किए थे। स्टेट-ऑफ़-द-आर्ट इंफ्रास्ट्रक्चर, स्किल्ड मैनपावर और बेहतरीन काम के लिए कमिटमेंट के साथ रेल डिब्बा कारखाना आज ग्लोबल रेल मार्केट में भारत की बढ़ती मौजूदगी में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है।

## मार्गशक्ति इंडस्ट्री कॉन्क्लेव: विकसित भारत 2047 के लिए बुनियादी ढांचे को सशक्त करने पर मंथन

अर्थ प्रकाश नेटवर्क



नई दिल्ली। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान बीएचयू में आयोजित दो दिवसीय मार्गशक्ति इंडस्ट्री कॉन्क्लेव (21-22 नवंबर) में बुनियादी ढांचा, परिवहन, शहरी विकास और लॉजिस्टिक्स के प्रमुख विशेषज्ञ एक मंच पर जुटे। 'विकसित भारत की ओर बुनियादी ढांचे को सशक्त बनाना' थीम पर आधारित इस कॉन्क्लेव की शुरुआत डॉ. अंकित गुप्ता (MoRTH चेयर) के स्वागत भाषण और संस्थान के निदेशक प्रो. अमित पात्रा के संबोधन से हुई।

सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय कॉन्क्लेव का केंद्रीय विषय रहा। मुख्य अतिथि विनय कुमार राजावत, महानिदेशक एवं विशेष सचिव, ने अपने संबोधन में 'विकसित भारत @2047 के लिए राजमार्ग' की महत्वाकांक्षी दृष्टि प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि भारत की सड़क नेटवर्क न केवल संपर्क सुधारने का साधन है, बल्कि सामाजिक-आर्थिक विकास का आधार भी है। कार्यक्रम के दौरान IIT (BHU) द्वारा विकसित तकनीकी उत्पादों, कार्यान्वयन मैनुअलों एवं रिपोर्टों का भी विमोचन किया गया, जो उन्नत पैवमेंट डिजाइन और अवसंरचना नियोजन में अहम योगदान देंगे।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश कुमार अवस्थी ने राज्य में बुनियादी ढांचे की क्रांति और एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनने की संभावनाओं पर प्रकाश डाला। कॉन्क्लेव में 'नगर पथ' विषय पर पैनल चर्चा में शहरी मार्ग, गतिशीलता, लॉजिस्टिक्स और समावेशी शासन पर विशेषज्ञों ने विचार साझा किए। तकनीकी सत्र 'समृद्धि के पथ' में पर्यटन, एक्सप्रेसवे, औद्योगिक विकास और लॉजिस्टिक्स दक्षता को जोड़ने की रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा हुई। DFCCIL के प्रतिनिधियों ने पीएम गति शक्ति नेशनल मास्टर प्लान की प्रगति एवं उसके लॉजिस्टिक्स पर प्रभावों पर महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। मार्गशक्ति इंडस्ट्री कॉन्क्लेव ने सरकार, उद्योग और अकादमिक जगत के बीच समन्वय को मजबूत करते हुए 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य की दिशा में महत्वपूर्ण कदम रखा। कार्यक्रम ने इस विश्वास को और मजबूत किया कि अवसंरचना विकास समावेशी, टिकाऊ और परिवर्तनकारी होगा।

## उत्तर मध्य रेलवे का 137वां प्रबंधन विकास कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न



अर्थ प्रकाश नेटवर्क

ग्वालियर। उत्तर मध्य रेलवे का 137वां प्रबंधन विकास कार्यक्रम 17 से 21 नवंबर तक उच्च अनुरक्षण प्रौद्योगिकी केंद्र (कैमटेक), ग्वालियर में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ उप महाप्रबंधक हिमांशु बडोनी के मार्गदर्शन में तथा उप महाप्रबंधक (सा.) अतुल कुमार मिश्रा और सहायक उप महाप्रबंधक सुनील कुमार गुप्त के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम की व्यवस्थाओं में मुख्य कार्य अध्ययन निरीक्षक मंदीप कुमार तथा टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

शुभारंभ कैमटेक के निदेशक (सिविल) दीपक मेहरा व अतुल कुमार मिश्रा द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। प्रयागराज मुख्यालय, आगरा, झांसी, प्रयागराज मंडल तथा सिथौली कारखाने के पर्यवेक्षकों ने इसमें भाग लिया। कार्यक्रम में एचआरएमएस, इलेक्ट्रिकल सेफ्टी, बायो टायलेट, जनसंपर्क, तनाव प्रबंधन, वित्त प्रबंधन, भंडार विभाग, आपदा प्रबंधन, रेलवे सुरक्षा तथा सतर्कता जैसे विषयों पर विशेषज्ञों ने विस्तृत व्याख्यान दिए।

इस दौरान 'कृत्रिम बुद्धिमत्ता-अवसर, चुनौतियाँ और भविष्य' विषय पर निबंध प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें विजेताओं को पदक व सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए गए। समापन समारोह में हिमांशु बडोनी द्वारा प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र और समूह फोटो भेंट किए गए।

## श्रीगुरु तेग बहादुर जी धर्म के लिए शीश कटवाया, किन्तु शीश नहीं झुकाया: प्रान्त प्रचारक कौशल जी

अर्थ प्रकाश/विजय कुमार निगम



लखनऊ। श्रीगुरु तेग बहादुर साहिब जी महाराज के 350वें शहीदी शताब्दी के अवसर पर भारती भवन,संघ कार्यालय में श्री गुरु तेग बहादर साहिब सेवा समिति द्वारा गुरु ग्रन्थ साहिब की स्थापना की गयी। बलिदान दिवस के अवसर पर आयोजित सत्संग शब्द कीर्तन कार्यक्रम में बोलते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रचारक कौशल जी ने कहा कि, श्रीगुरु तेग बहादुर साहिब जी महाराज एकमात्र ऐसे संत-योद्धा हैं श्री गुरु तेगबहादुर जी ने अपने ही नहीं अपितु दूसरों के धर्म की रक्षा हेतु अपना शीश दे दिया। सन् 1675 का वह समय था जब मुगल बादशाह औरंगजेब ने पूरे हिन्दुस्तान में जबरन इस्लाम कबूल कराने का भयानक अभियान चला रखा था। कश्मीरी पण्डित सबसे ज्यादा संकट में थे। मंदिर तोड़े जा रहे थे, जजिया कर थोपा जा रहा था। विरोध करने वालों को मृत्युदण्ड दे दिया जाता था।

अंत में कश्मीर के 500 ब्राह्मणों का एक दल अपने धर्म की रक्षा की गुहार लेकर आनंदपुर साहिब पहुंचा। उस समय गुरु जी अपने पुत्र,बाल गोबिंद राय जो बाद में गुरु गोबिंद सिंह जी कहलाए उनके साथ थे। जब गोबिंद राय ने पूछा कि इनकी रक्षा कौन कर सकता है, तो गुरु जी ने शांत स्वर में कहा 'केवल कोई महान संत ही ऐसा कर सकता है।' बालक ने तुरंत कहा, 'पिता जी, आपसे बड़ा संत और कौन है?' बस यही एक वाक्य था। गुरु तेग बहादुर जी ने तुरंत फैसला ले लिया। वे अपने पंच प्यारे सिखों ङ्क भाई मतिदास, भाई सतिदास, भाई दयाला, भाई गुरबख्श और भाई उद्धा के साथ दिल्ली की ओर चल पड़े। उन्हें पहले आगरा फिर दिल्ली लाया गया और चांदनी चौक की कोतवाली में कैद कर लिया गया।

औरंगजेब ने तीन विकल्प दिए- इस्लाम कबूल करो चमत्कार दिखाओ या मृत्यु स्वीकार करो। गुरु जी ने मुस्कुराते हुए कहा 'न मैं चमत्कार दिखाऊँगा, न धर्म बदलूंगा। मैं मृत्यु चुनता हूँ।' इसके बाद जो क्रूरता हुई, वह मानवता को शर्मसार करने वाली थी। भाई मतिदास को जीते-जी आरे से चीर दिया गया,भाई दयाला को उबलते तेल के कड़ाह में डाल दिया गया,भाई सतिदास को रुई लपेट कर जिंदा जला दिया गया। इन सबको देखकर भी गुरु जी का चेहरा शांत रहा। 24 नवम्बर 1675 को चांदनी चौक में जहाँ आज गुरुद्वारा शीश गंज साहिब है वहीं गुरु तेग बहादुर जी को शहीद कर दिया गया। उनका सिर काटकर अलग कर दिया गया। किन्तु यह बलिदान व्यर्थ नहीं गया। जबरन इस्लाम कबूल कराने का भयानक अभियान चलाया जा रहा था वो अभियान रुक गया। लाखों हिन्दुओं का धर्मान्तरण होने से बच गया। यही कारण है कि गुरु जी को 'हिन्द दी चादर' कहा जाता है। गुरु गोबिंद सिंह जी ने उनके बलिदान और बहादुरी के लिए लिखा÷ 'तिलक जंजू राखा प्रभ ताका, कीनो बडो कलू महि साका' आज जब देश फिर से अपनी संस्कृति और स्वाभिमान की बात कर रहा है, गुरु तेग बहादुर जी का संदेश गूंज रहा है -सिर दिया, पर सिर नहीं झुकाया।

प्रान्त प्रचारक कौशल जी गुरु ग्रन्थ साहिब को अपने शीश पर उठाकर गुरु स्थान तक ले गए। कार्यक्रम के आयोजक श्री गुरु तेग बहादर साहिब सेवा समिति द्वारा श्री गुरु तेग बहादुर जी के जीवन पर आधारित संक्षिप्त इतिहास परिचय पत्रक वितरण एवं विशाल लंगर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में अयोध्या से पधारे संत बावन मंदिर पीठाधीश्वर पूज्य महंत वैदेही बल्लभशरण जी महाराज, रविदास मन्दिर के महन्त ब्रह्मचारी जी एंव महंत निराला दास जी महाराज, रामजानकी धोबी मंदिर के महन्त क्षत्तरदास जी महाराज, विभीषण कुंड मन्दिर के महंत रविदास जी, महन्त मनीष दास जी, महन्त संजीव दास जी, रमैया बाबा मन्दिर के महन्त रविशंकर शरण जी, किराड़ मन्दिर के महन्त हरिमोहन शरण जी, साकेत भवन अयोध्या के महन्त साकेत जी, बधाई भवन के महन्त राजीव लोचन शरण जी, मुकेश शर्मा एमएलसी, डॉ. श्रवण बघेल (ओएसडी, मुख्यमंत्री), सिक्खी मेरी पहचान के अध्यक्ष दिलप्रीत सिंह विर्क प्रधान भाई लालो जी गुरुद्वारा, शिव शांति संत आश्रम के साई हरीश लाल , महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव इत्यादि उपस्थित रहे।